सुप्रभात
रांची, शनिवार
09.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 60



12 दामाद के रूप में भारत आना बेहद खास : सुनक

## न्यूज डायरी

### चरही घाटी में हादसा चार लोगों की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग की चरही घाटी में शुक्रवार को सुबह-सुबह बड़ा हादसा हो गया, जहां एक स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गयी। इस घटना में चार व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना सुबह करीब चार बजे की है। सभी चार मृतक बिहार के रहने वाले थे।

### विदेश में राहुल ने फिर की चीन की तारीफ

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश में भारत के पड़ोसी देश चीन की तारीफ की है। राहुल गांधी इस समय बेल्जियम दौरे पर हैं। राहुल ने यहां ब्रसेल्स प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ड्रैगन की तारीफों के पुल बांधे। कहा, भारत सरकार के पास मैन्युफैक्चरिंग को लेकर वैकल्पिक विजन का अभाव है।

### धनबाद : शॉर्ट सर्किट से अस्पताल में लगी आग

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शिशु आउटडोर विभाग के कमरे में शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। इससे कमरे में धुआं फैल गया। धुआं देख अस्पताल के आउटडोर परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। कर्मियों ने संसाधनों का उपयोग कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### इडी कोर्ट से बच्चू यादव का रिलीज ऑर्डर जारी

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित बच्चू यादव को कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें दो-दो लाख के दो बेल बांड भरने के निर्देश दिये। बच्चू यादव के दो बेल बांड प्रस्तुत किये जाने पर कोर्ट ने उनका रिलीज ऑर्डर जारी कर दिया, जिसे बिरसा मुंडा जेल प्रशासन को भेजा गया है।

### भारत-पाक महामुकाबले के लिए 11 को रिजर्व डे

**कोलंबो।** एशिया कप 2023 में एक बार फिर से भारत और पाकिस्तान की टीम महामुकाबले के लिए तैयार हैं। रविवार को दोनों टीमों के बीच सुपर-4 चरण का मैच खेला जायेगा। मैच में भी बारिश का खतरा मंडरा रहा है। इसके लिए एसीसी ने 11 सितंबर को रिजर्व डे रखने का फैसला किया है।

### पूर्व पीएम मनमोहन का पीएम मोदी को समर्थन

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जी20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष और भारत के साथ चीन के सीमा विवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर रात्रि भोज में मनमोहन सिंह को आमंत्रित किया गया है।

### डीआइजी ने लिया सिविल कोर्ट की सुरक्षा का जायजा

**रांची।** डीआइजी अनूप बिरथरे ने शुक्रवार को रांची के सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सिविल कोर्ट पहुंच उन्होंने कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी ली। साथ ही सुरक्षा कर्मियों को कई निर्देश भी दिये।

### मानव तस्करी की शिकार होने से बची तीन बच्चियां

**खूंटी।** तपकरा थाना के पुलिस की सक्रियता से तीन नाबालिग बच्चियां मानव तस्करी का शिकार होने से बच गयी। पोढ़ोटोली की दो जुड़वां बहनें और उसकी एक सहेली को एक महिला दलाल पैसे का प्रलोभन और अच्छा काम दिलाने का झांसा देकर दिल्ली ले जाकर बेचने की तैयारी में थी। तीनों बच्चियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

# देश में आज से वैश्विक कूटनीति का आगाज

## जी-20 शिखर सम्मेलन :नयी दिल्ली के भारत मंडपम में दुनिया की समस्याओं पर तमाम दिग्गज करेंगे चर्चा

- ब्रिटेन, जापान, जर्मनी और इटली के नेताओं से आज पीएम की होगी द्विपक्षीय वार्ता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत में होने वाले अब तक के सबसे बड़े ग्लोबल डिप्लोमैटिक इवेंट जी-20 का आगाज शुक्रवार से शुरू और अगले 72 घंटे पूरी दुनिया की नजरें भारत पर रहेंगी। मुख्य सम्मेलन 9-10 सितंबर को होना तय है, लेकिन शुक्रवार को ही भारत में लगभग 29 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और प्रतिनिधि यहां पहुंच गये। पीएम मोदी नें जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले विश्वास जताया कि यह सम्मेलन मानव केंद्रित और समावेशी विकास में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। इसमें विश्व समुदाय के लिए प्रमुख चिंता के विभिन्न मुद्दों को शामिल किया जायेगा। इसे ले कर अभूतपूर्व सुरक्षा की गयी है। पूरी राजधानी दिल ली को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

**मानव-केंद्रित समावेशी विकास का नया मार्ग खुलेगा :** पीएम ने कहा, 'देश के सांस्कृतिक लोकाचार में निहित, भारत की जी20 अध्यक्षता का विषय 'वसुधैव कुटुम्बकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' हमारे वैश्विक दृष्टिकोण के साथ गहराई से मेल खाता है कि पूरा विश्व एक परिवार है। उन्होंने कहा, 'भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख रही है। हमने सक्रिय रूप से ग्लोबल साउथ की विकास संबंधी चिंताओं को उठाया।' मोदी ने कहा, 'भारत प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए मानव-केंद्रित तरीके पर भी बहुत जोर देता है। वंचितों, कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के गांधी जी के मिशन का अनुकरण करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान वह 'एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य' पर सत्रों की अध्यक्षता करेंगे। हम सतत भविष्य के लिए सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति, हरित विकास समझौते और 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थानों को मजबूत करना चाहते है। उन्होंने कहा, प्रतिष्ठित भारत मंडपम में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की खुशी है। अगले दो दिनों में विश्व के विभिन्न नेताओं के साथ सार्थक चर्चा की उम्मीद करता हूं। सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

## द्विपक्षीय वार्ता में भारत-अमेरिका आपसी संबंध बढ़ाने पर राजी





मोदी-वाइडेन वार्ता : शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन नयी दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पहुंचते ही उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। इस दौरान इसमें दोनों देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर केंद्रित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन और पीएम मोदी ने द्विपक्षीय में दोनों देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर केंद्रित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पीएमओ ने कहा, दोनों नेताओं की वार्ता में व्यापक मुद्दे शामिल रहे और इससे भारत और अमेरिका के बीच संबंध और प्रगाढ़ होंगे। बैठक में अमेरिका की ओर से अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन, विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन भी मौजूद थे, जबकि भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल शामिल थे। मोदी अगले दो दिनों में 15 द्विपक्षीय बैठकें करने वाले हैं। शनिवार को पीएम मोदी ब्रिटेन, जापान, जर्मनी और इटली के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों के अलावा जी20 के सत्रों में शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार, रविवार को वह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ भोजन पर बैठक करेंगे।

**केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने किया स्वागत :** जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का यहां पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने स्वागत किया। उनसे पहले ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) प्रमुख क्रिस्टलिना जॉर्जीवा उन प्रमुख लोगों में शामिल हैं जो जी20 शिखर सम्मेलन के लिए शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। सभी का भारतीय परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया।

### भारत की यात्रा मेरे लिए काफी अहम : सुनक

जी-20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है। भारत इसकी मेजबानी के लिए सही समय पर सही देश है। मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ दिनों तक विचार-विमर्श और निर्णय लेने का बहुत अच्छा मौका होगा। ब्रिटिश पीएम का स्वागत भारत में एक दामाद के रूप में किया गया। इस पर उन्होंने कहा, भारत यात्रा मेरे लिए काफी अहम है। मैं लंबे समय से इसका इंतजार कर रहा था।

### गुवा गोली कांड के शहीदों को नमन कर बोले सीएम हेमंत

## आदिवासी हूं, दिल्ली की आंख में गड़ रहा हूं

- झारखंडी झुकना नहीं जानता, लड़ाई जारी रहेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गुवा गोलीकांड के शहीदों को नमन करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि आदिवासी हूं इसलिए दिल्ली की आंख में गड़ रहा हूं। उन्होंने कहा कि समय कम है, समस्या अधिक, लंबा सफर तय करना है। उन्होंने आम लोगों से संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। अपने शहीदों, पूर्वजों और आंदोलनकारियों के आदर्श को आत्मसात करने और उनके सपनों का झारखंड निर्माण का संकल्प लें। सीएम शुक्रवार को गुवा शहीद स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह परिसंपत्ति वितरण समारोह में बोल रहे थे।

लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि उनकी सरकार को छोड़ कर आप की परेशानी समझने और आपका आंसू को पूछने वाला कोई नहीं है। विकास को लेकर शहर से बोलने वाले बहुत हैं, लेकिन वहां से गांव आने वाला कोई नहीं है। हां आपके बारे में बड़ी-बड़ी बातें करने लोग आयेंगे, बहुत बड़ी-बड़ी चर्चा करेंगे, लेकिन आपके लिए काम करने वाला कोई नहीं आयेगा। इसलिए यह जान लीजिये जो आप के लिए काम करने वाले हैं वह आज आप के सामने हैं, उन्हें पहचान लीजिये। सीएम ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अलग-अलग समयों में ब्रिटिश हुकूमत, शोषण जुल्म और अन्य के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी। चाहे वह अपना वजूद और अस्तित्व बचाने का संघर्ष हो या जल जंगल और जमीन की रक्षा का। इस लड़ाई में कई ने अपने को बलिदान कर दिया।

(शेष पेज 11 पर)



सीएम हेमंत सोरेन का स्वागत करतीं आदिवासी युवतियां।

### पाक में एक और भारत विरोधी टॉप आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भारत विरोधी कुख्यात आतंकवादी एक-एक कर मारे जा रहे हैं। इन आतंकवादियों की हत्या अज्ञात बंदूकधारी कर रहे हैं, जिसे पाकिस्तान की पुलिस अब तक खोज नहीं पायी है। अब इन्हीं अज्ञात बंदूकधारियों ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) सरगना हाफिज सईद के करीबी माने जाने वाले आतंकवादी अबू कासिम को मार गिराया है। अबू कासिम को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के रावलकोट में एक मस्जिद के अंदर गोली मारी गयी। इस हमले ने पाकिस्तान के भीतर सक्रिय आतंकवादी संगठनों से बढ़ती आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों पर सवाल खड़े कर दिये हैं। यह आतंकवादी हाफिज सईद के संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। अबू कासिम की अज्ञात हमलावरों ने पीओके के रावलकोट में एक मस्जिद के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी।

# डुमरी में हेमंत का प्रयास रंग लाया, इंडिया का बजा डंका

### बेबी देवी 17156 वोटों से जीतीं, कहा- पति के सपने पूरा करूंगी

- पहले राउंड में पिछड़ने के बाद 15वें राउंड से बेबी देवी को बढ़त
- भाजपा का साथ मिलने से आजसू पार्टी ने दी कड़ी टक्कर
- एआईएमआईएम प्रत्याशी को नोटा से कम वोट मिले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची, गिरिडीह।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आइएनडीआइए (झामुमो) प्रत्याशी और राज्य की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी को बड़ी जीत मिली। कड़े मुकाबले में की बेबी देवी ने आजसू (एनडीए) की प्रत्याशी यशोदा देवी को 17156 वोटों से हरा दिया। उपचुनाव से फिर स्पष्ट हो गया कि सीएम हेमंत सोरेन का जादू अब भी कायम है। इसके साथ ही लगातार पांचवीं बार झामुमो ने डुमरी में जीत हासिल की है। मंत्री बेबी देवी ने जीत के बाद कहा कि वह अपने पति दिवंगत मंत्री जगरनाथ महतो के सपने को पूरा करने का प्रयास करेंगी। इंडिया को पहले उपचुनाव में शानदार सफलता मिलने से कांग्रेस, झामुमो और राजद के नेताओं-कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

(शेष पेज 11 पर)



डुमरी उपचुनाव में जीत के बाद मंत्री बेबी देवी ने मीडिया से कहा कि वह अपने पति और राज्य के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के अधूरे सपनों को पूरा करेंगी। क्षेत्र का समुचित विकास करेंगी। चुनाव प्रचार की कमान खुद सीएम हेमंत सोरेन ने संभाल रखी थी। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लायी और मंत्री बेबी देवी ने भारी मतों से विजयी प्राप्त की।

**सीएम बोले, यह 2024 का आगाज :** डुमरी उपचुनाव के परिणाम पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि यह प्रचंड जीत 2024 का आगाज है। राज्य की जनता ने ठान लिया है कि झारखंड में अब सिर्फ जनतंत्र चलेगा, धनतंत्र नहीं। कहा कि यहां सिर्फ और सिर्फ झारखंडियों की सरकार चलेगी। भाजपा-आजसू के छल और अहंकार का अब झारखंड से सूपड़ा साफ होना तय है। डुमरी में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को स्नेह देने के लिए जनता को अनेकों धन्यवाद और आभार। बेबी देवी अब टाइगर के सपनों और अधूरे कार्यों को पूरा करेंगी। झारखंड हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे।

## डॉन कुणाल सिंह हत्याकांड के आरोपी की गोली मार कर हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कुख्यात डॉन कुणाल सिंह हत्याकांड के आरोपी फंटूश वर्मा की शुक्रवार को बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से देसी कट्टा और बाइक बाइक बरामद किया है। गोली लगने के बाद फंटूश को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया, लेकिन रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी।

घटना शुक्रवार की शाम की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से देसी पिस्टल और बाइक को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार, मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज के पास फंटूश वर्मा अपने घर से कुछ दूर पर स्कूटी पर बैठा हुआ था। इसी क्रम में दो बाइक पर चार अपराधी पहुंचे और फंटूश को गोली मार दी। टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि की है।

# भाजपा में दम है तो इसी साल कराये चुनाव,जमानत जब्त होगी

- झामुमो ने डुमरी में की जीत पर जनता का जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोरचा ने डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में जीत के बाद डुमरी की जनता का आभार व्यक्ति किया। डुमरी की जनता ने श्रद्धांजलि जगरनाथ दा को दी है। साथ ही भाजपा पर जमकर निशाना भी साधा। पार्टी के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा हम आइएनडीआइए गठबंधन का आभार व्यक्त करते हैं। सभी गठबंधन के दलों ने इस जीत के लिए मेहनत की। हमने साथ मिलकर चुनौती का सामना किया। इस चुनाव में एनडीए ने पैसा, प्रलोभन, भ्रम सभी डुमरी में फैलायी थी। भाजपा में यदि दम है तो इसी साल लोकसभा चुनाव करा कर देख ले। खाता भी नहीं खुलेगा। दस से ज्यादा सीटों पर भाजपा की जमानत जब्त हो जायेगी।

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता ने कहा, राज्य के तीन- तीन मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद सभी पहुंचे, लेकिन डुमरी में धनतंत्र पर जो प्रहार हुआ उसको जनता ने देखा।

(शेष पेज 11 पर)



### गुमला, धनबाद, जमशेदपुर एसपी समेत 18 आइपीएस बदले

# चंदन रांची के एसएसपी व राजकुमार सिटी एसपी बने

- मनीष टोप्पो बनाये गये रांची के ग्रामीण एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने 18 आईपीएस का तबादला किया है। इसके तहत 2011 बैच के आईपीएस चंदन सिन्हा को रांची का नया एसएसपी बनाया गया है, वहीं रांची एसएसपी कौशल किशोर को जमशेदपुर का एसएसपी बनाया गया है। वहीं नवनियुक्त आइपीएस राजकुमार मेहता को रांची का सिटी एसपी व मनीष टोप्पो को रांची ग्रामीण एसपी बनाया गया है। हरविंदर सिंह को गुमला एसपी, हरीश बिन जमा को लोहरदगा, दीपक कुमार पांडे को गढ़वा का एसपी बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना शुक्रवार की देर शाम जारी कर दी गयी है।

रांची एसएसपी के पद पर पदस्थापित कौशल किशोर को जमशेदपुर एसएसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है। चंदन कुमार सिन्हा को रांची का नया एसएसपी बनाया गया है। अब अभी प्रतिस्थापन की प्रतीक्षा में थे। माइकल राज एस को डीआइजी (स्पेशल ब्रांच) रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। सरायकेला के एसडीपीओ हरविंदर सिंह को गुमला एसपी बनाया गया है। रांची ट्रैफिक एसपी हरीश बिन जमा को लोहरदगा एसपी बनाया गया है। मेदनीनगर पलामू के एसडीपीओ ऋषभ गर्ग को जमशेदपुर का ग्रामीण एसपी बनाया गया है। चक्रधरपुर के एसडीपीओ कपिल चौधरी को धनबाद ग्रामीण एसपी बनाया गया है।

एएसपी (अभियान) लोहरदगा के दीपक कुमार पांडे को गढ़वा का एसपी बनाया गया है। नवनियुक्त आइपीएस अनुदीप सिंह को कोडरमा एसपी बनाया गया है। आईपीएस अनिमेष नैथानी को जामताड़ा एसपी बनाया गया है। आईपीएस राजकुमार मेहता को रांची सिटी एसपी बनाया गया है। मनीष टोप्पो को रांची ग्रामीण एसपी बनाया गया है। कैलाश करमाली को एसीबी एसपी बनाया गया है। आरिफ एकराम को एसीबी एसपी रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। अजय कुमार को एसपी एसीबी रांची बनाया गया है। शंभू सिंह को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है। अजीत कुमार को धनबाद सिटी एसपी बनाया गया है। वहीं पूज्य प्रकाश को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है।



चंदन कुमार सिन्हा।

### जी-20 : राष्ट्रपति के बुलावे पर डिनर में शामिल होने आज दिल्ली जायेंगे हेमंत

# खड़गे को निमंत्रण नहीं, भड़की कांग्रेस, राहुल बोले- विपक्ष का अपमान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित डिनर में शामिल होने शनिवार को दिल्ली जायेंगे। राष्ट्रपति भवन द्वारा जी-20 को लेकर इस डिनर का आयोजन किया गया है, जिसमें शामिल होने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और देश के तमाम गणमान्य नेताओं को आमंत्रित किया है। इसी आमंत्रण पर हेमंत सोरेन दिल्ली जा रहे हैं। इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि वह शनिवार को इडी के समन पर उके दफ्तर नहीं जा सकेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के स्वागत में 9 सितंबर को आयोजित रात्रिभोज विदेशी मेहमानों के साथ-साथ बिजनेसमैन और राजनेताओं को भी निमंत्रण पत्र भेजा गया है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, एचडी देवेगौड़ा, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार और तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन शामिल होंगे। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान भी विशेष डिनर में आमंत्रित हैं। बीमारी के कारण देवगौड़ा ने भाग लेने में असमर्थता जतायी।

(शेष पेज 11 पर)

**ममता, नीतीश, मनमोहन समेत कई आमंत्रित**

शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से आयोजित विशेष डिनर में देश के दिग्गज नेता तो बुलाये गये हैं, पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम उस सूची में नहीं है। इसे लेकर कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला किया है। कांग्रेस की माने तो केंद्र सरकार विपक्ष के नेताओं की कद्र नहीं करती। इस गाला डिनर में राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नहीं बुलाने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जतायी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र को इस मामले में निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि श्री खड़गे ना सिर्फ राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं,बल्कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। राहुल ने कहा कि यह बताता है कि वे विपक्ष के नेता की कद्र नहीं करते हैं और हमें जी20 शिखर सम्मेलन में नहीं बुलाया गया है। वे 60% राष्ट्र की आबादी के नेतृत्व की कद्र नहीं करते हैं। ऐसे में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को गाला डिनर का न्यौता नहीं मिलना अब राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष को निमंत्रण न भेजने को लोकतंत्र पर हमला बताया है।

## बेबी देवी को जीत की बधाई : सुदेश महतो

**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बेबी देवी को डुमरी उपचुनाव के जीत की बधाई देते हुए कहा कि वे डुमरी की जनता की उम्मीदों के अनुरूप क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगी। आजसू पार्टी ने विकास, झारखंडी विचार, विषय और जनभावना को केंद्र में रखकर पूरी मेहनत और लगन से यह उपचुनाव लड़ा। इसके लिए एनडीए के सभी नेताओं, कार्यकताओं व समर्थकों का आभार। एनडीए की उम्मीदवार यशोदा देवी को मिले 83,164 मतों ने हम सभी का हौसला बढ़ाया है। डुमरी से हमारा संपर्क और संबंध पुराना है। उपचुनाव में प्रचार के दौरान हमने 70 पंचायतों में जाकर लोगों से सीधा संवाद किया। इस जुड़ाव और संबंध को और भी मजबूती देने का वादा रहेगा।

## बच्चू यादव की इडी कोर्ट में हुई पेशी

**रांची।** शुक्रवार को **जमानत के लिए** 1000 करोड़ रुपए **दो-दो लाख के** के मनी लॉन्ड्रिंग **दो बेल बांड** मामले में फंसे **भरने का निर्देश** पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की पेशी ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने उसे दो-दो लाख के दो बेल बांड भरने का निर्देश दिया। जिसके आलोक में बच्चू यादव की ओर से 2-2 लाख के दो बेलर प्रस्तुत किये गये। अब कोर्ट उनका रिलीज आर्डर जारी करेगा। कोर्ट ने उन्हें निर्देश दिया है कि अगर उनका पासपोर्ट है तो उसे अदालत में जमा करें। मालूम हो कि बुधवार को बच्चू यादव की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनते हुये बच्चू यादव को जमानत प्रदान की थी।


**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING).**
**KUTCHERY CHOWK, RANCHI-834001**
**OA CASE NO. 128 OF 2023**
**BETWEEN**
**BANK OF INDIA, GHATOTAND BRANCH, RAMGARH. .........APPLICANT BANK**
**Vs**
**MOHAMMAD HASAN RAZA .......DEFENDANTS**
**SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993**

| SR NO | DEFENDANTS | ADDRESSS |
|---|---|---|
| 1. | MOHAMMAD HASAN RAZA S/O MD. SHAFI | R/O VILLAGE & PO- HESLA. PS-RAMGARH DISTT.:RAMGARH. JHARKHNAD-829101 |

Whereas, the Applicant has instituted an application u /s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for recovery of sum of **Rs. 2370536.00 (Rupees TWENTY THREE LAKHS SEVENTY THOUSAND FIVE HUNDRED THIRTY SIX ONLY)** current and future interest, cost and for other reliefs.

The above mentioned Defendant(s) is/are therefore directed to **appear before the Registrar** in person or through an advocate or duly authorized agent, in support of his/ their defence to show-cause on **9TH DAY OF OCTOBER 2023** at **10.30 A .M.** as to why the reliefs prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter.

Take notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence. Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **28TH DAY OF JULY 2023.**

D.K. MAHTO
REGISTRAR



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सं.: बीआर-एचक्यू-आरएनसी-23-24-09, दिनांक: 06.09.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से महाप्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700 043 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण:** रांची मंडल के आरएनसी-एलएडी खंड में पुल सं. 115 (14x12.2 मी. पीएससी), 90 (3x12.2 मी. पीएससी) एवं 63 (6x12.2 मी. पीएससी) की क्षतिग्रस्त इलास्टोमेरिक बियरिंग का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** ₹ 45,01,327.30। **बयाना राशि:** ₹ 90,000/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत :** शून्य। **पूरा करने की अवधि :** 06 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 29.09.2023 को सबह 11.30 बजे। इच्छुक निविदाकार निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/वर्णन के लिए और अपनी बोली ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते है। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि. द्र :** संभावित बोली लगानेवाले सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते है। (PR-580)



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची**

अतिअल्पकालीन ई0 टेन्डर निविदा आमंत्रण सूचना

टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर – **NREP-II/RANCHI/04/2023-24 Re-tender (2nd Call)**
पूर्व का **P.R No. 304231 NREP (23-24).D**

| कमांक | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लापुँग प्रखंड अंतर्गत Daru में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000.00 | 10,000.00 | 1,11,000.00 | 6 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 11.09.2023
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.09.2023 से दिनांक 16.09.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.09.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
i) एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
ii) ग्रामीण विकास विशेश अंचल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7.निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची।
8.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.09.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची।
10.ई0–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0 – 9431349277
11.निविदा शुल्क राश्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची के पदनाम से देय हो देना होगा।
12.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची

PR 306451 (NREP)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा**

अतिअल्पकालीन दर उद्धरण आमंत्रण सूचना।

पथ प्रमण्डल, कोडरमा के अन्तर्गत विभिन्न निरीक्षण भवन/आवासीय/कार्यालय भवनों हेतु सामग्रियों की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन के लिए दर निर्धारण किया जाना है। इसके लिए ख्यातिप्राप्त आपूर्तिकर्त्ताओं से दर उद्धरण (Quotation) आमंत्रित किया जाता है। दर उद्धरण (Quotation) दिनांक 14.09.2023 को 3:00 अपराह्न तक प्राप्त की जायेगी, जो दिनांक–14.09.2023 को ही अपराह्न 3:30 में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। सभी सामग्री उच्च गुणवत्ता का होना अनिवार्य होगा। समुचित गुणवत्ता के सामाग्रियों की ही आपूर्त्ति ली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है:–

| Sl. No. | Item | Qty. | Quoted Rate(in Rs) (without GST) |
|---|---|---|---|
| 1 | LG Super Convertible 5-in-1 Cooling AC Hot & Cold(1.5 Ton) | 1 No | |
| 2 | LG Super Convertible 5-in-1 Cooling AC Hot & Cold(2.0 Ton) | 1 No | |
| 3 | Aut. silent Kirloskar Diesel Generator (10 KVA) Single Phase | 1 No | |
| 4 | 4K Ultra HD Smart QLED LG TV (42 inch) | 1 No | |
| 5 | Stainless steel drum set utensils(131 Pcs.) | 1 Set. | |
| 6 | LG Washing Machine Automatic -8 Kg(Top feeding) | 1 No | |
| 7 | Godrej or equivalent Six Seater Dining Table with Chair | 1 Set. | |
| 8 | Godrej or equivalent Sofa Set | 1 Set. | |
| 9 | City Plus/Night Vision CCTV Camera with 8 channel with Display HD Quality(32 inch) | 1 Set. | |
| 10 | Bajaj Cooler (50 Ltr.) | 1 No | |
| 11 | Luminous/Microtek Invertor with Battery (220 MAH) | 1 Set. | |
| 12 | Whirlpool or equivalent Hob 3 Burner Auto Ignition Gas Stove | 1 No | |
| 13 | King Size Bed Godrej or equivalent(Box Type) with Side Table | 1 Set. | |
| 14 | King Size Mattress of Kurlon(5 inch.) Magic | 1 Set. | |
| 15 | Godrej Conference Table(12 Person sitting) Room Size-3.5x5m$^2$ | 1 No | |
| 16 | Conference Chair | 1 No | |
| 17 | 15 Liter Geyser of Havells or equivalent | 1 No | |
| 18 | Prestige Cooker 3 Ltr. | 1 No | |
| 19 | Prestige Cooker 5 Ltr. | 1 No | |
| 20 | 40 Pieces Melamine Dinner Set | 1 Set. | |
| 21 | All in One PC latest model of HP or equivalent | 1 No | |
| 22 | Inkjet Printer A4 Size of HP or equivalent | 1 No | |
| 23 | A4 Size Scanner with Multifunction of HP or equivalent | 1 Set | |
| 24 | Multifunction Xerox Machine of HP or equivalent | 1 Set | |
| 25 | Executive Table with Executive Chair Godrej or equivalent | 1 Set | |
| 26 | Computer Table with Chair Godrej or equivalent | 1 Set | |
| 27 | Airport Chair | 1 No | |
| 28 | Milton Thermos (2 Ltr.) | 1 No | |
| 29 | Electric Kettle | 1 No | |
| 30 | Prestige induction Oven | 1 No | |

नोट :– 1. कोटेशनदाता दर उद्वत करने के पूर्व स्थल निरीक्षण अवश्य कर लेंगे बाद में किसी प्रकार का दर परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
2. उद्वरणकर्त्ता को दर उद्वरण में PAN एवं GST अंकित करना अनिवार्य होगा।
3. किसी भी उद्वरण को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
4. उद्वत दर में ढुलाई एवं अधिष्ठापन की राशि शामिल रहेगी।
5. यह दर उद्वरण आमंत्रण सूचना मात्र दर निर्धारण हेतु होगा।
6. समग्रियों की आपूर्त्ति हेतु अलग से निविदा आमंत्रित की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमण्डल, कोडरमा।

PR 306422 (Road) 23-24 (D)


### पूर्व सीएम मधु कोड़ा व उनके सहयोगी मंत्रियों सहित 9 के मामले में हुई सुनवाई

# हाइकोर्ट ने सीबीआइ, इडी और राज्य सरकार से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ ईडी और सीबीआइ में चल रहे केस के त्वरित निष्पादन को लेकर दुर्गा मुंडा की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आइए) दायर कर मधु कोड़ा, हरिनारायण राय, बंधु तिर्की, भानु प्रताप शाही, कमलेश सिंह, एनोस एक्का, विनोद कुमार सिन्हा, शौभिक चप्तोपाध्याय एवं संजय चौधरी के खिलाफ दर्ज केस के जल्द निष्पादन का आग्रह किया गया। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि शौभिक चप्तोपाध्याय एवं संजय चौधरी अभी तक फरार चल रहे हैं।

हाइकोर्ट ने मामले में प्रार्थी के आइए के आलोक में ईडी, सीबीआइ एवं राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल, पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने प्रार्थी को आइए दायर कर उन सारे जनप्रतिनिधियों एवं अन्य का नाम मांगा था जिनके खिलाफ वे ईडी और सीबीआइ में चल रहे केस का जल्द निष्पादन चाहते हैं। कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी की ओर से मधु कोड़ा सहित 9 लोगों के नाम कोर्ट के समक्ष आइए के माध्यम से प्रस्तुत किये गये थे। प्रार्थी का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट ने भी जनप्रतिनिधियों के मामले की सुनवाई त्वरित गति से करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से दायरे याचिका में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं उनके सहयोगी तत्कालीन मंत्रियों एवं अन्य के द्वारा सरकारी पैसे की लूट की गई थी। इनके खिलाफ सीबीआइ और ईडी ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया है। इनमें से कुछ केस के आरोपियों को सजा भी मिल चुकी है और कुछ आरोपियों के मामले में अभी ट्रायल चल रहा है। भ्रष्टाचार में लिप्त रहे ऐसे जनप्रतिनिधियों एवं अन्य के खिलाफ ट्रायल त्वरित गति से चलाया जाये।

### बोकारो में बिना कनेक्टिंग रॉड के पुल बनाने के मामले में 3 सदस्यीय कमेटी ने हाइकोर्ट में सौंपी रिपोर्ट

## कोर्ट ने रिपोर्ट पर सरकार और प्रार्थी से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बोकारो के चंदनक्यारी सहित अन्य ब्लॉक में खेत में पुल बनाने एवं उसका अप्रोच रोड नहीं होने एवं पुल निर्माण के जिम्मेदार लोगों से पैसे की वसूली करने का आग्रह करने वाली रवि कुमार वर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में पुल के स्थल जांच के लिए बनी तीन अधिवक्ताओ की कमिटी ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कमिटी की रिपोर्ट पर प्रार्थी और राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी।

दरअसल, अधिवक्ताओं की कमेटी ने इस विषय पर जांच की है कि जो पुल बने हैं उसमें कनेक्टिंग रोड है या नहीं। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि 7 पुल में से केवल एक पुल में अप्रोचिंग रोड नहीं है।

पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि बोकारो के चंदनक्यारी कई ब्लॉक में ऐसे पुल बने हैं जिनका कोई कनेक्टिंग रोड नहीं है। पुल बनाने में जनता की 100 करोड़ से अधिक रुपए की बबार्दी की गई है। दरअसल कनेक्टिंग रोड के लिए सरकार ने कोई जमीन का अधिग्रहण नहीं की गई है और पुल बना दिया गया है। वही मामले में राज्य सरकार की ओर शपथ पत्र दायर कर बताया गया है कि कुछ ही पुल में कनेक्टिंग रोड नहीं है। प्रार्थी ने इसकी जांच करने एवं दोषी पर कार्रवाई करने का आग्रह कोर्ट से किया है।

### निशि पांडे को प्रतिदिन थाने में हाजिरी लगाने के डीसी रामगढ़ के आदेश को हाइकोर्ट ने किया निरस्त

**रांची।** पूर्व गैंगस्टर स्व. किशोर पांडे की पत्नी निशि पांडे के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) के तहत पारित डीसी रामगढ़ के आदेश को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। कोर्ट ने प्रार्थी की याचिका को स्वीकृत कर लिया। साथ ही रामगढ़ डीसी द्वारा सीसीए के तहत निशि पांडे को 6 माह तक प्रतिदिन पतरातु थाना इंचार्ज के समक्ष हाजिरी लगाने संबंधी 21 जुलाई 2023 के आदेश को निरस्त कर दिया। प्रार्थी ने डीसी द्वारा थाने में प्रतिदिन हाजिरी लगाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

कोर्ट ने पिछले सुनवाई में राज्य सरकार से पूछा था कि निशि पांडे खिलाफ सीसीए लगाए जाने से संबंधित क्या केस बनता है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विशाल त्रिवेदी एवं जितेंद्र एस सिंह ने कोर्ट को बताया था कि निशि पांडे के खिलाफ सीसीए का कोई मामला नहीं बनता है। उनके खिलाफ जो चार केस का जिक्र किया गया है, वह पुलिसकर्मियों द्वारा दर्ज कराया गया है। उसमें से दो केस में वह नमित नहीं है, बाकी दो केस इस तरह का नहीं है जिससे उन पर सीसीए लगाया जा सके। एक केस जिसमें उनका नाम है वह जमानतीय अपराध है। प्राथमिक में उनके खिलाफ कहीं स्पेसिफिक आरोप नहीं है जिससे उनके खिलाफ सीसीए लगे। इसलिए उनके खिलाफ सीसीए के तहत प्रतिदिन पतरातु थाना में हाजिरी लगाने के आदेश को निरस्त किया जाए।

## डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन ट्रस्ट की संपत्ति विवाद में हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को की। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। जिसके बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।

दरअसल, प्रार्थी की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन ट्रस्ट की प्रॉपर्टी चैरिटेबल कार्यों हॉस्पिटल स्कूल के लिए यूज हो सकती है, लेकिन छोटानागपुर डायोसी ट्रस्ट एसोसिएशन के द्वारा इसकी संपत्ति को हजारीबाग में अवैध रूप से बेचा जा रहा है, इसकी जांच कराई जाए। सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 1930 में डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन एक कंपनी बन गई थी जिसका नाम डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन ट्रस्ट एसोसिएशन था। वर्ष 1960 में इसकी ऐसेट एंड लायबिलिट छोटेनागपुर डायोसी ट्रस्ट एसोसिएशन मर्ज कर गया था। प्रार्थी द्वारा एक सिविल सूट भी हजारीबाग सिविल कोर्ट में डाला गया था लेकिन इसकी जानकारी जनहित याचिका में प्रार्थी की ओर से नहीं दी गई थी।

## दिल्ली में आयोजित जी 20 समिट के कारण कई ट्रेनों के रूट बदले, कुछ रद्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली में आयोजित होने वाले जी 20 समिट के कारण हावड़ा, सियालदह, रांची और भुवनेश्वर से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव गाजियाबाद स्टेशन पर होगा। इस संबध में रेलवे की ओर से सूचना जारी कर दी गयी है। जिसमें बताया गया है कि रेलवे ने जी 20 समिट के कारण ट्रेनों के ठहराव में बदलाव किया है। यहां तक की कुछ ट्रेनों को रद्द भी किया गया है। सियालदह से अमृतसर जाने वाली जालियांवाला बाग एक्सप्रेस और हावड़ा-बाड़मेर एक्सप्रेस दिल्ली शाहदरा में रुकेगी। इसके साथ ही रेलवे ने बताया है कि देश की कई रूटों से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को आठ से दस सितंबर के दौरान रद्द भी किया गया है। आठ से 10 सितंबर तक दिल्ली और उसके आसपास के स्टेशन पर पार्सल की बुकिंग को बंद कर दिया गया है।

**राजधानी समेत अन्य ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव**

- 8 व 9 सितंबर को चलने वाली हावड़ा व सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस गाजियाबाद में रुकेगी।
- 8 सितंबर को गयी रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस साहिबाबाद स्टेशन पर रुकेगी।
- 9 सितंबर को चलने वाली रांची व भुवनेश्वर -नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस गाजियाबाद में रुकेगी।
- 8 सितंबर को गयी हावड़ा-बाड़मेर एक्सप्रेस दिल्ली शाहदरा में रुकेगी।
- 8 सितंबर को गयी हावड़ा-नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस व भुवनेश्वर-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस गाजियाबाद में रुकेगी।
- 8 सितंबर को गयी सियालदह-अमृतसर जालियांवाला बाग एक्सप्रेस दिल्ली शाहदरा में रुकेगी।
- 10 सितंबर को चलने वाली अमृतसर सियालदह जालियांवाला बाग एक्सप्रेस बदली में रुकेगी।

### डुमरी से इंडिया गठबंधन की जीत पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

# डुमरी की जीत ने झारखंड की दिशा और दशा तय कर दी : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत पर कांग्रेस ने जश्न मनाया। कांग्रेस भवन में कांग्रेसजनों ने पटाखा फोड़ एवं एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस जीत ने झारखंड की दशा और दिशा तय कर दी है। डुमरी की जनता ने इंडिया गठबंधन को वोट कर एनडीए गठबंधन को नकारने का काम किया है। महागठबंधन सरकार द्वारा लगातार चलाये जा रहे विकास कार्यों पर यह मुहर है। और उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जगरनाथ महतो के अधूरे सपनों को अब उनकी धर्मपत्नी बेबी देवी आगे ले जाने का काम करेगी।

**मौके पर मौजूद थे ये नेता**

इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, रवीन्द्र सिंह, डॉ कुमार राजा, अशोक चौधरी, सूर्यकांत शुक्ला, शमशेर आलम, शशि भूषण राय, नेली नाथन, केदार पासवान, शकील अख्तर अंसारी, राजन वर्मा, वारिश कुरैशी, अख्तर अली, रमजान, फिरोज आलम, अजय कुमार, राजीव प्रकाश चौधरी, रामानंद केशरी आदि कांग्रेसजन शामिल थे।



## कांग्रेस नेताओं ने बेबी देवी की जीत पर डुमरी की जनता को दी बधाई



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी के जीत पर डुमरी की जनता के प्रति आभार प्रकट किया है एवं महागठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के किए गए कार्यों एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के मेहनत एवं महागठबंधन सरकार के उपलब्धियों पर डुमरी की जनता ने मुहर लगाई है।

लाल किशोर नाथ शाहदेव ने इंडिया प्रत्याशी बेबी देवी के जीत की मुख्यमंत्री को विशेष तौर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए के दुष्प्रचार का पोल खुल गया है।

कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने बेबी देवी की जीत पर गठबंधन के कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से सैल्यूट किया है।

### बाबूलाल मरांडी ने डुमरी के मतदाताओं का जताया आभार, कहा-

## उपचुनाव हारे हैं, मैदान नहीं



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि डुमरी उपचुनाव परिणाम हेमंत सरकार की हार और तुष्टिकरण की जीत है। मरांडी शुक्रवार को डुमरी उपचुनाव के परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने डुमरी के मतदाताओं का एनडीए गठबंधन को बढ़ चढ़कर समर्थन देने केलिये आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि एनडीए चुनाव हारा है,लेकिन मैदान नहीं। उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि जनता हेमंत सरकार के खिलाफ गोलबंद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि यह हेमंत सरकार की पराजय और तुष्टिकरण की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए कार्यकर्ता हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार, अपराध, लूट, झूठ और विफलताओं को लगातार उजागर करेंगे।

## झामुमो ज्यादा अहंकार नहीं पाले, आइएमआइएम फैक्टर की है जीत : गंगोत्री कुजूर



**रांची।** भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने कहा कि एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी चुनाव हारी नहीं है। बल्कि कुछ दलों ने अपनी कुबार्नी देकर झामुमो उम्मीदवार को जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम उम्मीदवार को 2019के चुनाव में मिले 24,132 वोट की जगह उपचुनाव में नोटा से भी कम केवल 3462 वोट मिलना यह बतलाता है कि उपचुनाव जीतने केलिए राज्य सरकार ने सभी हथ कंडे अपनाये। सत्ता और शासन का खुलकर दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर जिस प्रकार तुष्टिकरण का नंगा नाच चल रहा है, उसमे लगातार और वृद्धि होगी। हेमंत सरकार ने वोट बैंक के आगे घुटने टेक दिये हैं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा, विधानसभा चुनावों में जनता इस तुष्टिकरण की राजनीति को करारी मात देगी।

# रांची एयरपोर्ट पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का लोकार्पण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सौजन्य से शुक्रवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। अनावरण समारोह में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो, संसद संजय सेठ, आदित्य साहू, महुआ माजी, कोल इंडिया लिमिटेड अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सीसीएल सीएमडी, डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक राम बाबू प्रसाद, बी. साईराम एवं सीवीओ पंकज कुमार सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। प्रतिमा का निर्माण झारखंड के शिवम नाम के कलाकार ने की है।

इस मौके पर रवीन्द्र नाथ महतो ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, भारत के महान लोकनायकों में से एक हैं। स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भगवान बिरसा मुंडा पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बने हुए हैं। आदिवासी अधिकारों और सामाजिक न्याय के संघर्ष में उनके योगदान ने भारत के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी है। रांची हवाई अड्डे पर नव प्रतिमा का अनावरण उनकी विरासत को सीसीएल की तरफ से एक श्रद्धांजलि है।

कोल इंडिया अध्यक्ष, पीएम प्रसाद ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण क्षण है और यह उनकी महानता को याद दिलाने का एक सौभाग्यपूर्ण अवसर है। यह प्रतिमा झारखंड के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।

सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन और आदर्श हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में मार्गदर्शन करते हैं।

ज्ञात हो कि भारत की अग्रणी कोयला खनन कंपनी सीसीएल, पर्यावरण और सामाजिक उत्थान के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए झारखंड और राष्ट्र की समृद्धि में योगदान हेतु प्रतिबद्ध है। कंपनी प्रेरक व्यक्तित्वों से प्रेरणा लेकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन करती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया के अधिकारीगण का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मूर्तिकार श्री शिवम कुमार को सम्मानित किया गया।

### फ्री लेन को लेकर सांसद संजय सेठ के तेवर तल्ख

## कहा 8 मिनट तक के समय के लिए नहीं लिया जायेगा पार्किंग शुल्क

एयरपोर्ट के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि फ्री लेन के वाहनों के निकलने के लिए भी होगी अलग गेट की व्यवस्था।



**रांची।** सांसद संजय सेठ बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के फ्री लेन को लेकर सख्त हुये हैं। शुक्रवार को श्री सेठ ने एयरपोर्ट के फ्री लेन का निरीक्षण कर अधिकारियों को बदइंतजामी के लिये कड़ी फटकार लगायी। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को एयरपोर्ट परिसर के बाहर बुलाया और फ्री लेने के संबंध में उनसे जानकारी ली। सांसद ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें प्रतिदिन इस तरह की शिकायतें मिल रही है। जो लोग अपने परिजनों को छोड़ने या लेने के लिए भी आते हैं, उनसे भी पार्किंग का शुल्क ले लिया जा रहा है। जबकि फ्री लेने को लेकर उन्होंने कई बार निर्देश दिया है। सांसद ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी कीमत पर जनशिकायतों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अविलंब फ्री लेन की व्यवस्था सुनिश्ति करें। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने सांसद को कहा कि फ्री लेन सेवा आरंभ करने को लेकर सारी तैयारियां हो चुकी है। सोमवार से फ्री लेन सेवा को आरंभ कर दिया जायेगा। एयरपोर्ट में सबसे दाहिने तरफ की जो लेन है, वही फ्री लेन होगी। इसके लिए संबंधित लोगों कोए यात्रियों को पर्याप्त समय दिया जायेगा। सांसद ने अधिकारियों से कहा की फ्री लेन के लिए 8 मिनट का समय तय करें।

## सुभाष हत्याकांड के आरोपी को जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** माकपा नेता सुभाष मुंडा हत्या मामले में जेल में बंद तीसरे आरोपी नगड़ी थाना क्षेत्र के गुडू गांव निवासी बिनोद कुमार उर्फ कन्हैया को अदालत ने राहत देने से इनकार कर दिया है। अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत ने आरोपी की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के प>ात अदालत ने बिनोद कुमार की अर्जी खारिज कर दी। आरोपी की ओर से जमानत की गुहार लगाते हुये 23 अगस्त को याचिका दाखिल की गई थी। मालूम हो कि बीते 26 जुलाई को सुभाष मुंडा की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हत्या जमीन विवाद को लेकर की गई थी। घटना को लेकर मृतक के भाई उमेश मुंडा ने नगड़ी थाना में कांड संख्या 133/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के बाद कुछ दिनों बाद तीन अगस्त को रांची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया था। तब से वह जेल में है। इस मामले पूर्व में मुख्य आरोपी छोटू खलखो एवं अभिजीत कुमार पाढ़ी की जमानत अर्जी भी कोर्ट ने खारिज कर दी है। मामले में कुल सात आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### भाजपा की ओर से मिट्टी संग्रह की शुरुआत



**रांची।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा रांची महानगर सुखदेवनगर मंडल के तहत विश्वनाथ मंदिर से पवित्र मिट्टी संग्रह की शुरूआत हुई। पिस्का मोड़ के आस पास के घरों से भी मिट्टी संग्रह किया गया। भाजपा नेता रमेश सिंह ने इसका शुभारंभ किया

## सीसीएल अंतर विभागीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता संपन्न



**रांची।** दो दिवसीय सीसीएल अंतर विभागीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गयी। शतरंज प्रतियोगिता के विजेता उत्खनन विभाग के रोहित रहे। वहीं कैरम प्रतियोगिता के विजेता एनआईएमसी विभाग के जुनैद अख्तर रहे। दो दिवसीय प्रतियोगिता में 155 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर सीसीएल मुख्यालय शतरंज और कैरम टीम का चयन किया गया। दोनों टीम 12 और 13 सितंबर को अरगडा एरिया द्वारा आयोजित सीसीएल अंतर क्षेत्रीय शतरंज और कैरम प्रतियोगिता में भाग लेंगी। प्रतियोगिता का संचालन राजीव रंजन सिंह ने किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

## कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस में जुटे देशभर के 200 डॉक्टर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2023 का आयोजन सीसीएल मुख्यालय में किया गया। मौके पर कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय इस कांफ्रेंस में देश-विदेश के करीब 200 चिकित्सक शामिल हुए। मौके पर एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तकनीक नवाचार विषय पर चिकित्सकों ने एक दूसरे के साथ ज्ञान का आदान- प्रदान किया। इस कांफ्रेंस में कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, चंडीगढ़ और हैदराबाद के चिकित्सक शामिल हुए और व्याख्यान दिया।



**चिकित्सकों के बौद्धिक विकास से साथ समाज को भी मिलेगा लाभ**

कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजनों से चिकित्सकों का ज्ञानवर्धन होता है। समाज में चिकित्सकों का योगदान विशेष कर कोरोना के समय में पूरी दुनिया ने देखा है और यह सराहनीय है। चिकित्सकों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे आयोजन में शामिल होने का मौका मिलना चाहिए।

सीसीएल के सीएमडी डॉ वी वीरा रेड्डी ने आयोजकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान के लिए ऐसे आयोजन का होना बेहद ही महत्वपूर्ण है। वहीं डायरेक्ट मार्केटिंग मुकेश चौधरी ने कोरोना कल के दौरान सीसीएल के अस्पतालों के द्वारा किए गए मरीजों की सेवा पर प्रकाश डाला। जबकि एनसीएल के सीएमडी भोला सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से चिकित्सकों का बौद्धिक विकास होता है। वहीं सीसीएल के पूर्व चेयरमैन गोपाल सिंह ने कार्यक्रम की सराहना किया। पूर्व चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन चिकित्सकों और समाज के लिए फलदाई साबित होता है।

### खबर एक नजर में

## भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त प्रदेश के लिए भाजपा को मजबूत करें : बाबूलाल मरांडी

**रांची/धनवार।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि 2024 चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये भाजपा को समर्थन दें। मरांडी शुक्रवार को धनवार में आयोजित संकल्प सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार टार्गेट कर भाजपा कार्यकताओं को झूठे केस में फंसा रही है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू हुआ संकल्प यात्रा अब जनता के भारी समर्थन से जन संकल्प यात्रा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि पौने चार साल के हेमंत सरकार में झारखंड का विकास तो नहीं हुआ। बल्कि कानून व्यवस्था चौपट हो गया। प्रत्येक दिन पांच से ज्यादा हत्या, दुष्कर्म, अपहरण की घटना से आम जनता भयभीत है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कोयला, बालू, पत्थरए जमीन की लूट मची है। अंचल, ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। सरकारी पदाधिकारियों को मोबाइल रिचार्ज की तरह पद पर बने रहने के लिए हेमंत सरकार को रिचार्ज करना होता है।

## डुमरी में बेबी देवी की जीत इंडिया गठबंधन की पहली शानदार जीत है : खीरू महतो



**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की जीत पर सहयोगी दल जदयू ने बधाई दी है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि डुमरी में पहली महिला विधायक बेबी देवी के रूप में मिला है। यह संविधान के पैरोकारों की जीत है। भारत जोड़ने वालों की जीत है। धनबल पर जनबल की जीत है। गरीबों की लोकतंत्र से उम्मीदों की जीत है। जदयू परिवार के साथ-साथ सभी इंडिया परिवार की अथक मेहनत की जीत है।

## डुमरी उपचुनाव में मिले जनादेश का हम सम्मान करते हैं, मतदाताओं के प्रति आभार : आजसू पार्टी

**रांची।** डुमरी उपचुनाव में मिले जनादेश का हम सम्मान करते हैं, मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं एवं जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। इस उपचुनाव में हम अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाएं लेकिन हमारा प्रयास लगातार जारी है। जिसका सकारात्मक परिणाम आने वाले चुनावों में देखने को मिलेगा। इस चुनाव में पिछले चुनाव के तुलना में हमनें अधिक मत हासिल किए और हमारा वोट शेयर भी बढ़ा है। जो हमारे लिए काफी सकरात्मक है। हम भय, भ्रम, भ्रस्टाचार के मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रखेंगे। उक्त बातें पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यलय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने इस चुनाव को जीतने के लिए सरकारी तंत्र का भी गलत इस्तेमाल किया। हमारे वोटर्स को वोट देने से भी रोका गया। इन सभी मुश्किलातों के बाद भी हमारे कार्यकर्तओं ने पूरी ताकत के साथ इस चुनाव को लड़ा जिसका परिणाम है कि हमें 83,164 मत प्राप्त हुए। इसके लिए आजसू पार्टी, भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही सभी मीडियाकर्मियों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं।

## जनहित के प्रति स्व जगरनाथ महतो के समर्पण का प्रतिफल है डुमरी उपचुनाव परिणाम : रानी कुमारी

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि स्व. जगरनाथ महतो द्वारा पूर्व में जनहित के लिए किए गए कार्यों के आधार पर जनता ने आईएनडीआईए प्रत्याशी बेबी देवी को भारी मतों से जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि बेबी देवी की जीत का श्रेय डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को जाता है, जिन्होंने आइएनडीआइए गठबंधन के प्रति विश्वास जताते हुए अपना समर्थन दिया। रानी कुमारी ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल की ओर से डुमरी में निरंतर जनसंपर्क अभियान चला कर बेबी देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। इसके लिए डुमरी की जनता के प्रति झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल ने आभार व्यक्त किया है। रानी कुमारी ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश की जनता भाजपा के चाल, चेहरे और चरित्र से भलिभांति परिचित हो चुकी है। सांप्रदायिक शक्तियों को शिकस्त देने के लिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने पूर्व में ही कमर कस ली थी। जिसका परिणाम आज सामने है। उन्होंने आईएनडीआईए प्रत्याशी बेवी देवी के उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित गठबंधन में शामिल सभी दलों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अनवरी खातून, अमरजीत कौर, सोनम देवी, शीला देवी, उमा कुमारी, गीता देवी, पूनम कुमारी को डुमरी विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान जनसंपर्क अभियान में सक्रिय रहने एवं अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया।

# डीआइजी अनूप बिरथरे पहुंचे रांची सिविल कोर्ट, सुरक्षा का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** डीआईजी अनूप बिरथरे ने शुक्रवार को रांची सिविल कोर्ट का औचक निरीक्षण किया। शुक्रवार की दोपहर में बिना किसी को सूचना दिए डीआईजी अचानक सिविल कोर्ट पहुंच गए और सुरक्षा इंतजामों का मुआयना करने लगे। जैसे ही कोर्ट सुरक्षा प्रभारी और दूसरे पुलिसकर्मियों को इसकी सूचना मिली वैसे ही वे फौरन डीआईजी के पास पहुंचे। अपने निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कोर्ट रूम से लेकर सिविल कोर्ट के बाहरी सरंचना का भी जायजा लिया।

सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को बुलाकर उनसे हर चीज की जानकारी ली। सिविल कोर्ट में तैनात सुरक्षा कर्मियों को जो सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं उनकी जांच भी डीआईजी के द्वारा की गई। इस दौरान सुरक्षा को लेकर कई खामियां डीआईजी ने पकड़ी है, जिसे दूर करने का निर्देश दिया गया है। अपने निरीक्षण में डीआईजी ने पाया है कि अभी भी सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से मुकम्मल नहीं है। उसके लिए कुछ संसाधनों की जरूरत है जिसे लेकर उन्होंने न्याय पदाधिकारी के साथ बातचीत भी की, ताकि उसे जल्द से जल्द दूर किया जा सके।

बता दें कि पिछले दिनों जमशेदपुर सिविल कोर्ट में एक पेशकार पर कोर्ट परिसर में ही धारदार हथियार से हमला हुआ था। इस घटना पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अदालतों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया है। जिसके बाद वरीय पुलिस पदाधिकारी अदालतों की सुरक्षा का निरीक्षण कर रहे हैं।

**डीजीपी का है निदेश**

गौरतलब है कि झारखंड के सभी जिलों में कोर्ट परिसर जजों के आवासीय परिसर की सुरक्षा की समीक्षा डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को की थी। इस दौरान डीजीपी ने रेंज डीआईजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी रेंज डीआईजी अपने अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में जितने भी व्यवहार न्यायालय, आवासीय परिसर व न्यायाधीश हैं, उन सभी की मॉनटरिंग करेंगे, साथ ही उन सभी की सुरक्षा से संबंधित समेकित प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराएंगे। इसी कड़ी में रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने पहले चरण में रांची सिविल कोर्ट का मुआयना किया। आगे जाकर वे रेंज में पड़ने वाले बाकी जिलों गुमला, खूंटी, सिमडेगा और लोहरदगा जिले के सिविल कोर्ट का भी निरीक्षण करेंगे। रेंज डीआईजी को अपने-अपने रेंज के सभी जिलों के न्यायालय और न्यायाधीशों के आवासों की सुरक्षा की अघतन रिपोर्ट बनाकर डीजीपी को समर्पित करना है।

**पीपी ने दी जानकारी**

डीआईजी के निरीक्षण के दौरान रांची सिविल कोर्ट के पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अनिल सिंह भी मौजूद थे। कोर्ट परिसर की सुरक्षा को लेकर जिन जिन संसाधनों की जरूरत है उस पर अनिल सिंह ने डीआईजी को पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई।

## आयोजन की सफलता का श्रेय कृष्ण प्रेमियों को



**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति, रांची के सानिध्य में दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्मोत्सव आयोजन की सफलता के लिए संस्था के संरक्षक सह सांसद संजय सेठ ने रांची की समस्त जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि उद्घाटन के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल महोदय आयोजन में पहुंच जनता को संबोधित कर झारखंड के खुशहाली की कामना की। आयोजन समिति उन्हें ह्रदय से धन्यवाद प्रेषित करती है। दही हांडी प्रतियोगिता में मुख्य रूप से पुरुष एवं महिला गोविंदा के सभी प्रतियोगिता को प्रारंभ करने में मुख्यरूप से इनका रहा सहयोग राज वर्मा, ललन श्रीवास्तव, विजय ओझा, मनोज तिवारी, भीष्म सिंह, नीरज चौधरी, सतीश सिंहा, मनोज कुमार, रवि मुंडा, सबलू मुंडा, आनंद वर्मा, विपिन वर्मा, राजीव सहाय, अशोक पुरोहित, का भरपूर सहयोग मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में जवाहर तनेजा, रमेन्द्र कुमार, कुणाल आजमानी,प्रमोद सारस्वत,संजय पोद्दार, संजय जायसवाल, रविन्द्र मोदी, सतेंद्र सिंह गुडू, आनंद श्रीवास्तव,पूनम आनंद, लल्लू सिंह, नीरज कुमार,अमर प्रसाद, संतोष सेठ, रामशंकर बगड़िया, जुगल दरगड, कवल जीत सिंह संटी, मनीष लोधा, अमित चौधरी, वीरेंद्र जी, राज श्री प्रसाद,सहित कई सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## नवोदय जनतांत्रिक पार्टी लड़ेगी राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनाव




**रांची।** प्रेस क्लब रांची में नवोदय जनतांत्रिक पार्टी की राष्ट्रीय परिषद का बैठक संपन्न हुआ जिसमें झारखंड प्रदेश में पार्टी विस्तार को लेकर चर्चा हुई साथ ही प्रदेश में पार्टी को और भी ज्यादा सशक्त और मजबूत बनाने को लेकर चर्चा हुई तथा आगामी विधान सभा और लोकसभा चुनाव में पार्टी अपने बल बूते चुनावी मैदान पर उतरेगी।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव सत्यदेव, संगठन मंत्री डॉक्टर श्यामवीर चहर,राष्ट्रीय कार्यकणिी सदस्य मनोज सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्क्ष संदीप कुमार ने एनजेपी की मकसद और सिद्धांतों को विस्तार से बताया। सभी वक्ताओं ने एनजेपी पार्टी के विजन और मिशन को रखा। प्रदेश सह संयोजक अध्यक्ष मदन महतो ने कहा पार्टी का प्रमुख पहलू 'समस्या आपका समाधान हमारा' विचार सर्वोपरि है। वक्ताओं ने कहा प्रदेश की टीम ने एनजेपी का राष्ट्रीय परिषद का कार्यक्रम कराकर पार्टी के अगुवाई का काम किया। इस कार्यक्रम में बिहार राज्य के प्रदेश संयोजक डॉक्टर शिव सिन्हा, हरियाणा प्रदेश संयोजक सुरेन्द्र भारतीय ने कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जितेंद्र, अखिलेश, सहदेव, अजिताभ देमता, अजय, रितेश पोदार, मंजीत सिंह, सूरज, राकेश, पूजा लकड़ा, विनीता सिन्हा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन जगतपाल ने किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एचइसी को बचाने रांची से दिल्ली तक होगा आंदोलन : सुबोधकांत

14 सितंबर को रांची में राजभवन के समक्ष एवं 18 से 22 सितंबर तक दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगे इंडिया गठबंधन से जुडे नेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चंद्रयान और आदित्य-एल1 के लिए लॉन्चिंग पैड बनाकर देश का मस्तक गर्व से ऊंचा करने वाले संस्थान एचईसी को बचाने के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार हो गई है। रांची के एचईसी को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के दल 14 सितंबर को राजभवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन करेंगे। वहीं 18 से 22 सितंबर के बीच संसद के विशेष सत्र के दौरान दिल्ली के जंतर मंतर पर भी प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

दरअसल केंद्र सरकार पर एचईसी की लगातार उपेक्षा का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को बिहार क्लब में इंडिया दलों की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, तृणमूल कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड, आम आदमी पार्टी, सीपीआई, सीपीएम, सीपीआई माले और झामुमो के नेता शामिल हुए।




**रांची और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन**

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एचईसी के मुद्दे पर बने एचईसी बचाओ जन संघर्ष समिति, विस्थापित मोर्चा, बस्ती बचाओ मोर्चा और सभी इंडिया दल के नेता और कार्यकर्ता 14 सितंबर को राजभवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद दिल्ली में संसद के विशेष सत्र के दौरान जंतर मंतर पर इंडिया गठबंधन का धरना प्रदर्शन होगा। जिसमें एचईसी के कर्मचारी, अभियंता और दैनिक मजदूर चंद्रयान के लॉन्चिंग पैड के प्रारूप के साथ शामिल होंगे। सुबोधकांत सहाय ने केंद्र सरकार पर एचईसी को साजिशन बंद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2013 में यूपीए की सरकार ने जो भूमि अधिग्रहण कानून लाया था, उसके अनुसार या तो सरकार रैयतों को खाली पड़ी जमीन लौटाएं या फिर विशेष आर्थिक पैकेज देकर एचईसी को मजबूत करे।

**एचईसी की जमीन पर केंद्र सरकार की नजर :** बैठक के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा कि सरकार की मंशा एचईसी को लेकर ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि एचईसी कर्मियों को 17 महीनों से और अभियंताओं को 18 महीने से वेतन नहीं मिला है। सुबोधकांत ने कहा कि जिन कर्मचारियों और इंजीनियरों ने चंद्रयान 3 और मिशन सूर्य के लिए आदित्य एल 1 का लॉन्चिंग पैड बनाकर स्पेस में भारत को बढ़त दिलाई।

**बैठक में ये नेता थे शामिल**

बैठक में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, कृष्णदेव सिंह, अशोक यादव, भवन सिंह, धर्मवीर सिंह, जितेंद्र गुप्ता, सीपीएम के समीर दास, प्रफुल्ल लिंडा, वीरेंद्र कुमार, अमल आजाद, मार्क्सिस्ट कोऑर्डिनेशन कमेटी के सुशांतो मुखर्जी, भाकपा माले के शुभेंदु सेन और नंदिता भप्ताचार्य, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, राष्ट्रीय जनता दल के रंजन यादव, अनीता देवी, राजेश यादव, जनता दल यूनाइटेड के सरवन कुमार, सागर कुमार, आम आदमी पार्टी के संतोष कुमार सहित इम्तियाज खान, मोनिका, राकेश सिंह, राजन वर्मा और कई लोग मौजूद थे।

**आमसूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि प्रपोजड कमर्शिल कम रेजिडेंशियल 'एमिनेंस मॉल' & हॉस्पिटल प्रोजेक्ट जो कि मौजा चडरी, प्लॉट नम्बर 1824, खाता नम्बर 57, थाना-लोअर बाजार, थाना नम्बर 199, पुराने वार्ड नम्बर 20, नया वार्ड नम्बर 18, डिस्ट्रिक- रांची, झारखंड में मोरियास इंफ्रास्ट्रचर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित हैं। इस पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या EC/SEIAA/2023-24/28732023 दिनांक 21/08/2023 को प्रदान कर दी गयी हैं। एवम https://parivesh.nic.in/ पर भी उपलब्ध हैं।

वास्ते-
मोरियास इंफ्रास्ट्रचर प्राइवेट लिमिटेड

# पारस के चिकित्सकों ने मल्टीपल सर्जरी कर बचायी बच्ची की जान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पारस अस्पताल में ऊंचाई से गिरने के कारण घायल हुई एक बच्ची भर्ती की गई थी, जिसके शरीर की कई मुख्य जगहों की हड्डियां टूट गई थी। पारस अस्पताल के डॉ अंकुर सौरभ और उनकी टीम ने अपनी चिकित्सीय दक्षता और अस्पताल की क्रिटिकल केयर टीम की सहायता से लगभग 15 दिन में ही उस बच्ची को स्वस्थ कर दिया।

रांची निवासी बच्ची के माता पिता पारस एचईसी अस्पताल के इलाज से काफी संतुष्ट हैं और उन्होंने चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। बच्ची के पिता ने बताया की अस्पताल में जब बच्ची को भर्ती किया गया था, तब वो काफी चिंताजनक स्थिति में थी। उन्होंने कहा कि बच्ची की नाजुक हालत देखकर इतनी जल्दी उसके ठीक होने की उम्मीद नहीं थी। पारस अस्पताल के ऑर्थोपैडिक विभाग के प्रमुख डॉ अंकुर सौरभ ने बताया की काफी ऊंचाई से गिरने के कारण बच्ची के शरीर की कई जगह की हड्डियाँ टूट गई थी और कई जगह फ्रै^र भी हुआ था। बच्ची के चेहरे पर भी चोट आई थी। बच्ची की गंभीर अवस्था को देखते हुये अस्पताल आने के बाद सबसे पहले बच्ची को वेंटीलेटर पर रखा गया था। मैक्सेलोफेशियल सर्जन डॉ अनुज, ऑर्थोपैडिक सर्जन डॉ कुमार विशाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विकास आनंद, क्रिटिकल केयर प्रमुख डॉ शिव अक्षत और डॉ अंकुर सौरभ की ऑर्थोपैडिक टीम के निरंतर इलाज के बाद जब बच्ची स्टेबल हुई तब एनएस्थेटिक्स डॉ संजय वर्मा के सहयोग से मल्टीपल सर्जरी के द्वारा उसकी टूटी हड्डियों को जोड़ा गया।

# विश्व को अपना परिवार मानने की है हमारी परंपरा : सीपी राधाकृष्णन

## डीएसपीएमयू में विश्व बंधुत्व दिवस का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संपूर्ण विश्व को अपने परिवार के रूप में मानने की हमारी परंपरा है। ये बातें शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में आयोजित विश्व बंधुत्व दिवस को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि यहां की संस्कृति के जड़ में हिंदुत्व है तथा वसुधैव कुटुंबकम यानी संपूर्ण विश्व को अपने परिवार के रूप में मानने की हमारी परंपरा रही है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे विरले व्यक्तित्व धरती पर कभी-कभी ही अवतरित होते हैं। उन्हें अपने हिंदू होने का गर्व था और उन्होंने भारतीय धर्म संस्कृति को संपूर्ण



डीएसपीएमयू में विश्व बंधुत्व दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते राज्यपाल।

विश्व में बहुत हीं ऊंचा स्थान दिलाया।

मौके पर मुख्य वक्ता डॉ ओमेंद्र रत्नु ने ने कहा कि विश्व बंधुत्व एक तरफ नहीं हो सकता। हमें स्वतंत्रता मिली नहीं है सत्ता का स्थानांतरण हुआ है। उन्होंने यह कहा कि बी रेडी टू फाइट फॉर योर राइट। अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहो। उन्होंने बताया की नागरिकता विधेयक नि÷ित रूप से आशा कि किरण बनकर आई है। उन्होंने रहस्य उद्घाटन करते हुए बताया कि 720 से लेकर 1950 तक का लगभग 500 वर्षों से भी ज्यादा हिंदुओं का गौरवशाली इतिहास रहा है उसको कंप्लीट ब्लैकआउट कर दिया गया उसके बारे में किसी को बताया ही नहीं गया। उसे समय जो हमारे राजा थे वह बहुत गौरवशाली थे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने स्वागत संबोधन किया।

## खबर एक नजर में

### कर्नल रणवीर जमाल के नेतृत्व में शिष्टमंडल मिला राज्यपाल से

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को राज भवन में कर्नल रणवीर जमाल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। उन्होंने आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर कर्नल रणवीर एवं उनकी टीम को हर शिखर तिरंगा मिशन के लिये बधाई व शुभकामनाएं दी। शिष्टमंडल द्वारा कहा गया कि वर्तमान व भविष्य की पीढ़ियों को वैज्ञानिक ज्ञान, खेल, साहसिक कार्य एवं विभिन्न प्रकार की कलाओं से जोड़ना एवं सशक्त करना उनका लक्ष्य है। संस्था के संस्थापक व निदेशक राजीव गुप्ता झारखंड के लोगों को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित करने के लिये प्रयासरत है। विदित हो कि 9 सितंबर 2023 को कर्नल रणवीर एवं उनकी टीम द्वारा पारसनाथ की सबसे ऊंची चोटी पर अपने देश का तिरंगा फहराया जायेगा। जो झारखंड राज्य के लिए गौरव की बात है। यह लोगों में पर्यावरण के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करता है और देशभक्ति और साहस का संचार करता है। इसके अलावा, यह स्थानीय समुदायों को अपने अभियान से जोड़ता है। शिष्टमंडल द्वारा कहा गया कि अब तक इस टीम ने 24 राज्यों के सबसे ऊंचे पर्वत-स्थलों को चढ़ लिया है।

### कोकर गणेश पूजा के अध्यक्ष बने गुड्डू

**रांची।** कोकर गणेश पूजा कमेटी का गठन शुक्रवार को हुआ। इस कमेटी में मुख्य संरक्षक श्री संजीव विजयवर्गीय , चुन्नू सिंह, मुकुल सिंह, युवराज पासवान, नंदकिशोर चंदेल सिंह ,अरविंद मंडल वही संरक्षक के रूप में मिथिलेश छतरी, बड़े पाठक, प्रदीप रवि ,राजेश झा, बिहार गोप, राकेश साहनी, बैजनाथ प्रसाद ,अभिजीत गुप्ता, केके वर्मा ,सूरत शर्मा, संदीप गुप्ता, विक्की सिंह, प्रिंस, राकेश यादव, मुरारी पाठक ,संजय कुमार, अध्यक्ष गुड्डू सोनी ,उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, जीतू सिंह, सुमित सिंह ,दीपू कैलाश पंडित, सतीश सिंह ,कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गेश झा, बंटी ,अमित ,अमन ,शीतल, प्रदीप ,अमित कुमार, विशाल वर्मा, विधु सिंह, गांधी विक्की सिंह दीपू ,रोहित, मनीष, प्रिंस ,मणिकांत पाठक और मीडिया प्रभारी रोहित सिंह को बनाया गया है।

### कृष्णा प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन 10 को

**रांची।** कृष्णा प्रणामी ट्रस्ट के द्वारा 10 सितंबर को निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण मे 106वाँ नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का भव्य आयोजन दोपहर 01 बजे से किया गया है एवं भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव नन्दोत्सव एव छठी महोत्सव का भव्य कार्यक्रम कलकता से आये हुए भजन गायक नरेन सोनी और नृत्य नाटिका के संग जीवन्त झांकी के द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुती की जायेगी। अन्नापूर्णा भंडारे मे लगभग प्रत्येक सप्ताह 1200 से 1300 जरूरतमंद ग्रामीण, बच्चे एव श्रद्धालुगण प्रसाद ग्रहण करते है। यह जानकारी संस्थान के राजू अग्रवाल ने दी।

### विजय कुमार बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**रांची।** देवी मंदिर रोड ऐदलहातू दुर्गा पूजा समिति का गठन शुक्रवार को किया गया । जिसमें सर्वसमिति से विजय कुमार शर्मा को अध्यक्ष चुना गया, लगातार 14 वर्षो से इस पद के लिए श्री शर्मा चुने जा रहे हैं। इस बैठक में पुरानी कमेटी को ही सुचारू रूप से आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया तथा कुछ नए लोगों को भी इसमें शामिल कर जिम्मेदारी सौंप गई। मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि इस बार पूजा पंडाल सहित अन्य खर्चों में लगभग 8,50,000 लाख की राशि रखी गई है। समिति के अन्य सदस्य इस प्रकार है सचिव त्रिलोकी सिंह,उपसचिव बबलू प्रसाद, उपाध्यक्ष नित्यानंद सिंह, रजनीश कुमार, कोषाअध्यक्ष विनीत सिंह , निशांत चौहान, संरक्षक मनोज कुमार सिंह ,बी सिंह ,मुख्य सलाहकार राजेश कुमार सिंह, पिंटू कुमार तथा पुरोहित नारायण मिश्रा होंगे ।

### जैप में तीज मिलन का आयोजन

**रांची।** डोरंडा के जैप 1 स्तिथ टीकू हॉल मे शुक्रवार को गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष व समाजसेवी रितेश थापा के द्वारा तीज दर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे वे गोरखा समाज की महिलाओं एवम बहनों का माईती बन कर तीज त्योहार मे दर का आयोजन किया। इसमें दीदी एवम बहने अपने नेपाली परिधान मे सज धज कर पहुंची और कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम मे आई दीदी एवम बहनों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन की भी व्यवस्था किया गया। प्रोग्राम की शुरूवात भगवान शंकर एवम पार्वती जी के मूर्ति के समक्ष मुख्य अतिथि रितेश कुमार थापा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके प÷ात जैप 1 कीर्तन मंडली द्वारा कार्यक्रम के आयोजक रितेश कुमार थापा को नेपाली शॉल एवम टोपी पहना कर स्वागत किया। उसके बाद गोरखा महिलाओं एवम बच्चो द्वारा नेपाली लोक गीत मे रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए गए।

### राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहाल : संजय पोद्दार

**रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष संजय पोद्दार ने सदर अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल खड़े किया है। उन्होंने राज्य सरकार से स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक करने की मांग की है। बीते कल आयोजित दही हांडी प्रतियोगिता में एक बच्ची की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। लोगों द्वारा उसे तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया बच्ची का इलाज इमरजेंसी सेवा में शुरू की गई। इलाज के उपरांत दवाई की परची थमा दी गई। दरअसल, सदर अस्पताल में दवाई तक नहीं थी।

देश में पिछड़े मुसलमान राजनीतिक शोषण के शिकार : कासमी

रांची। पिछड़ा मुस्लिम महासंघ के संयोजक मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि आजाद भारत में पिछड़े मुसलमान शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक शोषण का शिकार हैं। भारत को आजाद हुए 76 साल हो गए हैं, लेकिन राजनीतिक प्रतिनिधियों ने जानबूझकर इस समाज पर ध्यान नहीं दिया।

### मरियम का जन्मोत्सव मनाया गया

**रांची।** संत मरियम महागिरजाघर सहित शहर के लगभग सभी काथलिक गिरजाघरों में माता मरियम का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रति वर्ष 8 सितम्बर को ईसाई काथलिक येसु की मां मरियम का जन्म दिवस मनाया जाता है। गिरजाघरों में मिस्सा पूजा, रोजरी माला विनती एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये जाते हैं। इसके पूर्व बहुत से पल्लियों में नोविना प्रार्थना कराये गये।

# दुकानदारों का भयादोहन करने पर हाइकोर्ट ने जतायी नाराजगी

## नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई शुक्रवार को हुई। 6 सितंबर को समाचार पत्र में छपी खबरों के आधार पर कोर्ट को बताया गया कि रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम के अधिकारियों द्वारा दुकानदारों से ट्रेड लाइसेंस के नाम भयादोहन कर एक बड़ी राशि की वसूली की जाती है।

इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई, मौखिक कहा कि ऐसा नहीं चलेगा, अधिकारियों को बदल जाये। इस पर रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि शिकायत के आधार पर पुलिस के समक्ष सनहा दर्ज कराया गया है। निगम की तीन सदस्य कमेटी इस मामले को देखने के लिए बनाई गई है। गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों को वापस हेड क्वार्टर बुला लिया गया है। इस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता राजीव रंजन को सोमवार को मुख्य सचिव एवं प्रधान सचिव नगर विकास विभाग के साथ बैठक करने को कहा है। साथ ही अगले सुनवाई में बताने को कहा है कि इस संबंध में क्या कदम उठाए गए। कोर्ट ने मौखिक कहा कि निगम में कांट्रैक्ट बेसिस पर नहीं स्थाई नियुक्ति की जाए। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 13 सितंबर निर्धारित की है. एमिकस क्यूरी इंद्रजीत सिंह ने कोर्ट को बताया की रांची नगर निगम और आरआरडीए में पूर्व में भी भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के गंभीर आरोप अधिकारियों पर लगे है, क्रिमिनल केस भी दर्ज हुआ है और कई अधिकारी जेल भी गए हैं। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की, वहीं आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की। दरअसल, सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जो पूर्व में नक्शा पास करने की प्रक्रिया थी उसमें संशोधन कर नया प्रोसेस लागू किया गया है। उस प्रोसेस में नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया 5 चरणों में पूरी होगी। जिसमें नक्शा की वैधता की जांच होनी है और नक्शा पास होना है, इसे लोगों के हित को देखते हुए पूरे राज्य के नगर निगम में लागू किया जाएगा। इसके लिए एक नया सॉफ्टवेयर भी तैयार किया गया है।

बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि 20-30 रुपए प्रति वर्ग फीट चढ़ावा, तब पास होता है नक्शा बीबी वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है। नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के हर चरण पर चढ़ावे की रकम फिक्स कर दी गई है।

# जीडी गोयंका स्कूल में हेरिटेज क्विज का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विद्यार्थियों में ज्ञान की बढ़ोतरी और हेरिटेज की महत्ता को बताने के लिए जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल रांची में हेरिटेज क्विज का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6 से 8 व चार अलग-अलग ग्रुप्स में प्रतिभाग करने वाले छात्र- छात्राओं को अपनी बौद्धिक क्षमता का आकलन करने का मौका मिला। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल के प्रिसिंपल डॉ सुनील कुमार ने हेरिटेज क्विज में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विवेकानंद हाउस, द्वितीय स्थान पर टैगोर हाउस तथा तृतीय स्थान पर टेरेसा हाउस आया।

# सरला बिरला विवि में आत्मनिर्भर भारत पर युवा संवाद का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा उद्यमिता, स्वावलंबन और आत्मनिर्भर भारत विषय पर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा संवाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संगठक सतीश कुमार ने अपना विस्तृत व प्रेरक व्याख्यान देते हुए छात्रों को उद्यमिता एवं आत्मनिर्भरता के विभिन्न पहलुओं से न केवल परिचित कराया, बल्कि अपने संवाद के माध्यम से उन्होंने भविष्य में छात्रों को एक सफल उद्यमी एवं आत्मनिर्भर बनने की संकल्प भी दिलाया।

रोजगार के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर में, चाहे वह निजी हो या सरकारी, केवल 10 प्रतिशत लोगों को ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं। उन्होंने उद्यमिता के क्षेत्र में विश्व के विभिन्न नामचीन उद्यमियों के जीवनी व उनके द्वारा लिये गये विवेकपूर्ण निर्णय का उदाहरण देते हुए उद्यमिता, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के कई महत्वपूर्ण गुर सिखाये। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र - छात्राओं से अध्ययन के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त आय के कार्य करने की भी बात की। उन्होंने इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल कुछ छात्रों को न केवल मंच पर आमंत्रित कर उनके हौसले को बढ़ाया, बल्कि उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने छात्रों को स्वयं के स्वावलंबन के साथ-साथ समाज, राष्ट्र और देश की आत्मनिर्भरता के लिए उद्यमिता के मार्ग को अपनाने तथा मिशन फर्स्ट एवं स्वदेशी मस्त के विचार के साथ न केवल रोजगार ग्राही बनने, बल्कि रोजगार प्रदाता बनने की भी प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने गांव शहर की एक ही पुकार, उद्यमिता और स्वरोजगार के नारे को बुलंद किया।

## जनता ने ठगने वाली पार्टी को हराया : संजय

**रांची।** प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि स्व जगरनाथ महतो के कार्यों एवं झारखंड सरकार द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यों को देखते हुए डुमरी की जनता ने इंडिया गठबंधन पर विश्वास जताने का काम किया है। झूठे वादे, झूठे प्रलोभन और ठगने वाली पार्टी भाजपा को हराने का काम किया है।

# डॉ बरियार सेंटर में मना वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डॉ बरियार फिजियोथेरेपी एंड रिहैब सेंटर (सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल) ऑपोजिट जयप्रकाश नगर बरियातू रोड स्थित फिजियोथैरेपी विभाग में शुक्रवार को वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ रजनीश कुमार और डॉ राहुल सिन्हा थे, जो हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं और साथ ही



अस्पताल के निदेशक भी हैं। इससे पहले नि:शुल्क फिजियोथेरेपी कैंप का शुभारंभ गणेश वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उसके बाद डॉ रजनीश कुमार, डॉ राहुल सिन्हा और राज सिंह को डॉ शिवानी, डॉ शीला कुमारी और डॉ अफजल ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। साथ ही, इस खास मौके पर जितने भी मरीज फ्री फिजियोथेरेपी शिविर में शामिल हुए हैं, उन सबों को डॉ रजनीश ने वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे 2023 के विषय अर्थराइटिस से जुड़ी बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

# डुमरी उप चुनाव में जीत पर निकाला जुलूस, बंटी मिठाइयां

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झामुमो रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता ने डुमरी विधानसभा उप चुनाव में झामुमो प्रत्याशी की जीत पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डुमरी विधान सभा उप चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी बेबी देवी की जीत डुमरी विधानसभा के मतदाताओं का स्व जगरनाथ महतो के प्रति प्यार और सम्मान को दर्शाता है। इंडिया गठबंधन की जीत और भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की हार आने वाले झारखंड विधान सभा चुनाव 2024 की झांकी मात्र है। धन बल, झूठ बल, जुमला



बल की हार हुई है। जीत की खुशी में झामुमो रांची जिला समिति ने अल्बर्ट एक्का चौक में जुलुस निकाल कर अबीर गुलाल लगा, मिठाई बांट कर जश्न मनाया।

मौके पर जिलाध्यक्ष मुशताक आलम, राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, अन्तु तिर्की, सीपीआई नेता केडी सिंह, अजय सिंह, जनक नायक, बीरू तिर्की, जुल्फीकार खान, लालजी रमण, जितेन्द्र गुप्ता, अजित नायक, मोजाहिद हुसैन, साहिल यादव, वसीम राबिया खान, आशुतोष वर्मा, सुहैल खान, शमीम अंसारी, मो साजिद, संध्या गुड़िया, शान्ति तिर्की, आरजेडी के राजेश यादव, फिरोज अंसारी, शाहनवाज, क्यूम अंसारी, गोपाल पाण्डेय, सुषमा उरांव, मंटू लाला, निखिल मिश्रा, राहुल वर्मा, अजय कुमार, दीपक मिश्रा, गंगा यादव, महादेव मुंडा, ओंकार कुमार, गुड्डू, विशाल पासवान, राजेश सिंह, फैयाज शाह, परवेज आलम गुड्डू, नेजाम, विलियम रिचर्ड लकडा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# रांची में एक्सपो उत्सव का आयोजन 12 अक्टूबर से

## जेसी डॉ संजय जैन बने मुख्य संयोजक, मोरहाबादी मैदान में होगा आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 12-16 अक्टूबर तक एक्सपो उत्सव का आयोजन होगा। इसका आयोजन जेसीआइ रांची कर रही है। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस वर्ष इस कन्ज्यूमर फेयर के 26वें संस्करण का आयोजन होगा। इसके मुख्य संयोजक जेसी डॉ संजय जैन बनाये गये हैं। डॉ जैन एजुकेशनिस्ट और आइटी स्पेशलिस्ट हैं।

संस्था के अध्यक्ष जेसी अरविंद राजगढ़िया ने बताया कि हमारे लिए बहुत हर्ष की बात है कि इस वर्ष होने वाले एक्सपो उत्सव के मुख्य संयोजक संजय जैन बनाये गये हैं।



वे वर्ष 1996 से जेसीआइ रांची के सदस्य हैं। उन्होंने वर्ष 2001 में संस्था के उपाध्यक्ष एवं वर्ष 2002 में सचिव का कार्यभार भी संभाला है। उन्हें पिछले सारे एक्सपो का अनुभव प्राप्त है और इनके कार्य करने की शैली हम सभी को काफी प्रभावित करती है।

जेसी डॉ संजय जैन ने एक्सपो उत्सव 2023 के मुख्य संयोजक बनाये जाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक्सपो एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहां सुई से लेकर कार तक मिलती है। इस वर्ष एक्सपो में हम लोग डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देते हुए एक्सपो को एक नये रूप में पेश करेंगे। इसमें स्टार्टअप बिजनेस के लिए स्टार्टअप बाजार होगा। इस बार हमलोग एंटरप्रेन्योरशिप पर ट्रेनिंग का आयोजन करायेंगे एवं युवा व बच्चों के लिए करियर ओरिएंटेशन का प्रोग्राम भी होगा।

संस्था के सचिव जेसी तरुण अग्रवाल ने बताया कि जेसी प्रतीक जैन, जेसी राहुल टिबड़ेवाल एवं जेसी सनी केडिया को एक्सपो उत्सव 2023 का उप संयोजक बनाया गया है। एक्सपो उत्सव में इस बार 300 से अधिक स्टॉल्स होंगे। एक्सपो में जर्मन हैंगर, महिला उद्यमियों के लिए पिंक हैंगर, रियल एस्टेट के लिए अपना घर, फर्नीचर जोन, ऑटो जोन, फूड जोन एवं बच्चों के लिए अम्यूजमेंट पार्क भी होगा। इच्छुक व्यक्ति स्टॉल बुकिंग की जानकारी 9031251840 / 7209045666 पर प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी जेसीआइ रांची के प्रवक्ता जेसी प्रवीण अग्रवाल ने और एक्सपो मीडिया हेड जेसी सिद्धार्थ चौधरी ने दी।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में सीएमपीडीआइ मुख्यालय रांची की टीम विजयी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** क्षेत्रीय संस्थान-3, सीएमपीडीआई, रांची के तत्वावधान में आयोजित तीन-दिवसीय अंतर-क्षेत्रीय संस्थान फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे व अंतिम दिन शुक्रवार को फाइनल मुकाबला सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची बनाम क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के बीच हुआ। सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची की टीम ने क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल की टीम को 4-0 से पराजित कर टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम किया। सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची टीम की तरफ से सुनेम आईन्द ने 3 गोल एवं जगदेव मुण्डा ने एक गोल किए।




ट्रॉफी के साथ विजेता टीम।

इस मौके पर आयोजित समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/ईएस) शंकर नागाचारी ने विजेता एवं उप-विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। श्री नागाचारी ने मुख्यालय-रांची की टीम के सुनेम आईंद को मैन ऑफ दी टूनार्मेंट एवं क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली के टीम को फेयर प्ले अवार्ड प्रदान किया।

इस अवसर पर संस्थान के महाप्रबंधक (पीएडी) मानवेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (तकनीकी/पीआर) संजय कुमार दुबे, महाप्रबंधक (ईएंडएम) श्री निमेष ने भी विजेता व उप-विजेता, प्रतिस्पर्द्धा में सम्मिलित होने वाले टीमों को सम्मानित किया। समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह में मेजबान क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक (उत्खनन) कंचन सिन्हा सहित महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण के साथ बड़ी संख्या में सीएमपीडीआई के परिवार व खेलप्रेमी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## कमड़े के इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव

**रातू।** इस्कॉन के तत्वावधान में हरे कृष्ण भूमि, कमड़े में दो दिनी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। शुक्रवार को इस्कॉन के संस्थापक भक्ति वेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद जी का 127वां जन्मोत्सव भी मना। कार्यक्रम की शुरूआत भजन-कीर्तन से की गयी। इसके उपरांतए स्वामी का अभिषेक व पुष्पांजलि की गयी। प्रबंधक भूपति गोविंद दास ने श्रील प्रभुपाद की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताये गये मार्ग पर चलने की अपील की। महाभंडारे में सैकड़ों की भीड़ उमड़ी। वहीं गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर झांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पंकज प्रसुन्न, पंकज कुमार, रामप्रिय दास, गोपाल गौरंग दास, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, भक्त रामनिवास व प्रेमानंद दास आदि मौजूद थे।

## मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग

**राहे।** प्रखंड के सोसो गांव निवासी निरंजन मुंडा की पिछले दिनों आकस्मिक निधन हो गया था जिसकी सूचना स्थानीय युवाओं ने सांसद संजय सेठ को दी थी। सूचना के बाद सांसद ने परिजन को सहायता करने का आश्वासन दिया था। सांसद संजय सेठ ने आश्वासन के बाद भाजपा नेता विनय महतो धीरज के माध्यम से परिजनों को सहायता राशि प्रदान कराये। मौके पर जगबंधु महतो राहुल कुमार मिलन साहु आदि मौजूद रहे।

## वृद्ध हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

**तमाड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमनीया गांव के समीप 62 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति लाल सिंह मुंडा की गला काट कर हत्या कर दी गयी थी। मृतक ग्राम नदीसाय थाना ईचागढ़, जिला सरायकेला खरसावां का रहने वाला था। लाल सिंह मुंडा 16 जुलाई को अपने साईकिल सें तमाड़ थाना क्षेत्र कुबासाल बाजार आया था। बाजार सें वापस जाने के क्रम में डिमनीया के समीप अज्ञात लोगो ने गला रेट कर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक पेशे से ओझा गुनी का काम करता था। मामलें पर तमाड़ पुलिस द्वारा जांच पड़ताल करते हुए दो युवको को गिरफ्तार किया। इनमें बुधु मुंडा और सुकरा मुंडा दोनों युवक ग्राम घाघारी, थाना ईचागढ़ जिला सरायकेला खरसावां का रहने वाला है। दोनो युवको को कोर्ट में पेश कर शुक्रवार को जेल भेजा गया।

## परिजनों को सन्नी टोप्पो ने बंधाया ढाढस

**बेड़ो।** भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने प्रखंड के तुको गांव में मृतक परनो महली के परिवार के स्वजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। और आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए मृतक के मां विपति देवी व स्वजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही आर्थिक सहयोग भी किया।

## प्रशिक्षण के लिए प्रमुख दीपा उरांव रवाना

**अनगड़ा।** अनगड़ा की प्रमुख दीपा उरांव हैदराबाद के नर्ड में आयेजित होने वाले एक्सपोजर विजिट प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए रांची से हैदराबाद के लिए रवाना हुयी। वहां वह 10 से 14 सितंबर तक आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगीं। दीपा उरांव के साथ चान्हों की प्रमुख होलिका देवी भी इस आयोजन में भाग लेगी । खिजरी विधायक राजेश कच्छप एक्सपोजर विजिट मे चयन होने पर प्रमुख दीपा उराव एंव प्रमुख होलिका देवी को बधाई दी है।

# डुमरी उपचुनाव : बेबी देवी की जीत पर जश्न का माहौल, बांटी मिठाई

### रातू, खलारी, अनगड़ा, मांडर सहित अन्य क्षेत्रों में जश्न

### कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, पटाखे से गुंजा काठीटांड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** डुमरी विधानसभा उप चुनाव में इंडिया प्रत्याशी और राज्य की काबिना मंत्री बेबी देवी की शानदार जीत पर जश्न का माहौल है। मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा होते ही गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता उछल पड़े। झामुमो प्रखंड समिति के अध्यक्ष बेलाल अंसारी और कांग्रेस के कुशल उरांव की अगुआई में मोर्चा कार्यकर्ताओं और कांग्रेस जनों ने ब्लॉक चौक से विजयी जुलूस निकाल इंडिया के पक्ष में नारे लगाये और खुशी का इजहार किया। लोगों के बीच मिठाइयां बांटी। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गयी। पटाखे की आवाज से काठीटांड़ गूंज उठा।



रातू में जीत का जश्न मनाते झामुमो और कांग्रेस कार्यकर्ता।

### जुलूस में थे शामिल

महावीर विश्वकर्मा, मो असलम, शमीम मंसुरी, कमरुल हक, जाबिर अंसारी, कृष्ण ठाकुर, रोहित भगत, अमन राज, सिंदबाज खान, प्रदीप किस्पोट्टा, बबलू मिंज, आसिफ मंसूरी, जीतनंदन महतो, समीउल्लाह, राजू लोहार, राजू वर्मा, मो वसीम, मो मुदस्सर, राजेंद्र मिर्धा, आरिफ खान, मो दानिश, नाहिद मंसूरी, लक्ष्मी भगत, अक्लिमा खातून, शकुंतला देवी, सुखमनी भगत, खलील अंसारी, मंसूर आलम, मो निजाम, गोयंदा उरांव, लखन गोप, अतुल राज, इसहाक खान, मियांजान अंसारी व शेखर सुमन आदि।

### मांडर चौक पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

**मांडर।** शुक्रवार को मांडर चौक में झामुमो और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। मांडर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रोशन इमानुएल तिग्गा ने कहा कि यह जनता की जीत है। हेमंत सरकार जनहित के लिए नित्य नई योजनाओं को ला रही है। मौके पर तबारक खान ताहिर खान शमीम अख्तर जमील अख्तर शमीम अंसारी नियाजुल खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### अनगड़ा में कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**अनगड़ा।** डूमरी उप चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की शानदार जीत पर कांग्रेस कार्यकताओं ने अनगड़ा में जीत का जशन मनाया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने पटाखे फोड़े मिठाईयां वांटे और नारे लगाए जशन मनाने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी शिवदास गोस्वामी विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा पूर्व मंडल अध्यक्ष एतवा उरांव साकीर अन्सारी सचिन नायक अंकित मुन्डा छोटेलाल महतो शिवनरायण मुन्डा आनंद कुमार सुखराम मुन्डा संजय नायक आशीश मुन्डा इत्यादि शामिल हैं।

**तमाड़।** कांग्रेस और झामुमो के कार्यकर्ताओं ने रायडीह मोड़ पर आतिशबाजी करते हुए एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने डुमरी के मतदाताओं का आभार प्रकट किया। सभी ने रायडीह मोड़ पर इंडिया गठबंधन के समर्थन में नारेबाजी किया। सभी ने कहा यह जीत टाईगर जगरन्नाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि है।

## रातू : लापता जमीन कारोबारी के पार्टनर को पुलिस ने भेजा जेल

### 31 अगस्त शाम की है घटना, हत्या की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर ललितग्राम निवासी और जमीन कारोबारी नवीन मिश्र अपहरण मामले में उसके बिजनेश पार्टनर सोमनाथ पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उस पर लेनदेन को लेकर 31 अगस्त की शाम उन्हें गायब कर दिये जाने का आरोप है। घटना के दिन पांडेय ने साढ़े तीन बजे घर बुलाने के बाद अपनी कार जेएच 01 डीजी 9191 में बैठाकर कहीं ले जाकर गायब कर दिया है। परिजनों ने उनकी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया है। मामले को लेकर उनकी पत्नी साधना पाठक ने सोमनाथ पांडेय के खिलाफ रातू थाने में भादवि की धारा 365 के तहत कांड संख्या 351/23 दर्ज कराते हुये हत्या की आशंका जतायी है। आरोपी के पास से अपहत श्री मिश्र का दो मोबाइल भी बरामद किया गया है।



सोमनाथ पांडेय।

## गार्डवाल से टकराया कैदी वाहन बाल-बाल बचे कैदी और जवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** कैदी को लेकर रांची से दुमका जा रही बस सिकिदिरी घाटी में असंतुलित होकर सड़क के किनारे बने गार्ड वाल में चढ़ कर अटक गया। चालक के सुझबुझ से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना शुक्रवार की रात करीब आठ बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि व एसआई अरुण सिंह तत्काल घटनास्थल पहूंचकर राहत कार्य में जुट गए । जेसीबी से बस को निकाला गया। इसके बाद बस दुमका के लिए रवाना हुआ। अरुण सिंह ने बताया कि चालक को रात होने के कारण घाटी के सड़क का अंदाजा नहीं मिल सका। मालूम हो कि दो माह पूर्व जोबला घाटी से होकर गुजरने वाली सड़क को बंद कर दिया गया है। जोबला घाटी से होकर गुजरने वाली पथ के चाडू व जोबला में भारत माला प्रोजेक्ट की एक्सप्रेस वे गुजर रही है। अब वाहनों को सिकिदिरी घाटी से होकर गुजारा जा रहा है। यह सड़क सिकिदिरी घाटी के अत्यंत खतरनाक घुमावदार पथ से गुजरती है। नए चालक को घाटी में तीखे मोड़ का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है।

## पिपरवार में 72 घंटे से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग ठप, लाखो का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** 5 सितंबर को चतरा उपायुक्त के आदेश से अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण को लेकर चलाए गए पिपरवार क्षेत्र में छापामारी अभियान के क्रम में पकड़े गए दो हाईवा डंपर बिना तिरपाल ढके एवं डीएमओ चालान नहीं दिखाए जाने पर अभिरक्षा में पिपरवार पुलिस के पकड़ लिया गया एवं माइनिंग इंस्पेक्टर द्वारा उक्त दोनों हाईवा डंपर पर एफआईआर दर्ज करने के विरोध में पिपरवार सीएचपी ध्सीपीपी परियोजना से बचरा साइडिंग तक कोयले की ट्रांसपोर्टिंग का कार्य और कोयले की ट्रांसपोर्टिंग में लगे ट्रांसपोर्टर के द्वारा कोयला ट्रांसपोर्टिंग का काम ठप कर दिया गया था।

### डंपर ओनर पर किया गया था केस

कोयला परिचालन में लगे डंपर ऑनर के द्वारा प्रशासन पर आरोप लगाया गया कि पकड़े गए हाइवा डंपर का डीएमओ चालान कटा हुआ था। उसके बावजूद भी माइनिंग इंस्पेक्टर द्वारा अपने तरीके से शिव डंपर ऑनर पर एफआईआर कर दिया गया है। इस बात की पुष्टि पिपरवार सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार ने भी कहां की पकड़े गए दोनों हाइवा डंपर का चालान सीएचपी से निर्गत किया जा चुका था। इस संबंध में मामला दर्ज किया जा चुका है। तो अब सारा प्रक्रिया न्यायालय द्वारा ही संभव हो सकेगा।

## नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत राजीव गांधी सेवा केंद्र भवन में प्रखंड के पांच पंचायत; बमनेएरायएचूरी मध्यएचूरी उत्तरी एचूरी पूर्वीद्धके नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी लेख राज नाग एवम पांचों पंचायत के मुखिया गण के द्वारा दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा वार्ड सदस्यों को संबोधित करते हुए उनके ग्रामसभा में उनकी भागीदारी के महत्व को बतलाया गया। वार्ड सदस्यों का सबसे पहले निबंधन एवम स्वागत कर सदस्यों को फाइल फोल्डर देकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। परिचय सत्र में वार्ड सदस्यों और मास्टर ट्रेनर के बीच परिचय सत्र किया गया। सत्र 01 में 73वा संशोधन के विशेषताओं के बारे में बतलाया गया। झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के बारे में बताया गया। सत्र 02 में ग्राम सभा उसका आयोजन के बारे में बताया गया। स्थाई समितियों का अधिकार बतलाया गया। सत्र 03 आदर्श पंचायत के बारे में बताया गया। ग्राम पंचायत में वार्ड सदस्यों के कार्य एवं दायित्वों के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर के द्वारा सभी सत्रों का संक्षिप्त जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अजीत कुमार सिन्हा एप्रखंड समन्वयक पंचायती राज स्वशासन परिषद असित कुमारए शक फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर पंकज कुमार ठाकुरएदेवानंद देवेश एवम विवेक कुमार रजक उपस्थित थे।



## शिक्षा से होगा बेहतर समाज का निर्माण : संगीता

### अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कई कार्यक्रम का आयोजन डिजिटल साक्षरता पर जोर, सम्मानित किये गये कर्मचारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में अंतर राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की धूम रही। विभिन्न स्थानों में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यालय सभागार में प्रमुख संगीता तिर्की खास मेहमान थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा से बेहतर समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके बगैर हम अपने संवैधानिक अधिकारों को नहीं जान सकते हैं। कर्मियों को ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वाह करने की जरूरत है। श्रीमती तिर्की ने डिजिटल साक्षरता पर जोर दिया। इससे पूर्व उन्होंने कर्मियों को नवभारत साक्षरता की शपथ दिलायी। उप प्रमुख रियाजुल अंसारी समेत पंचायतों के मुखिया, सरपंच, सीडीपीओ व बीईईओ ने भी अपनी बातें रखी। तैयब अंसारी ने कर्मियों को डायरी व कलम देकर सम्मानित किया। इसमें प्रेरक दानी तिग्गा, आसरिता देवी, साजदा खातून, शोभा देवी, अनीता देवी, कुलसूम खातुन, विजय महतो, अशरफुल अंसारी, विनीता खलखो व उर्मिला तिवारी शामिल हैं।

### समारोह में लिया हिस्सा

मुखिया ज्योति देवी, सुखदेव उरांव, फुलमनी देवी, महेश्वर देवी, लीला तिर्की, जयश्री कुमारी, पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र कच्छप, अनीमा तिग्गा, अमिता देवी, शिल्पा कच्छप, राकेश कुमार, मनोज उरांव, करूणा देवी, मंजु कच्छप, किरण देवी, अनुपा देवी व सोबराती अंसारी आदि।

## धार्मिक स्थलों का मामला : रैयत विस्थापित मोर्चा व प्रबंधन संग वार्ता

**खलारी।** एनके प्रबंधन ने डकरा में एक धार्मिक स्थल के मामले को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा के साथ वार्ता किया। प्रबंधन ने डकरा स्थित महाप्रबंधक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मोर्चा एव तुरी समाज के लोगो के साथ बैठक की। बैठक में प्रबंधन एव मोर्चा ने अपना अपना पक्ष रखा। मोर्चा की ओर से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता व रंथु उराँवएबिनय खलखो इंदिरा तुरी ने कहा कि एनके एरिया के रैयत विस्थापितो के धार्मिक स्थलों पर छेड़छाड़ नहीं किया जाय। एनके प्रबंधन की ओर महाप्रबंधक ऑपरेशन एमके झा ने उस घटना के लिए खेद व्यक्त किया है। एरिया सुरक्षा प्रभारी ने घटना के लिए माफी मांगी। प्रबंधन की ओर से कहा गया है कि बोर्ड को जल्द हटा लिया जाएगा और किसी रैयत विस्थापितो के धार्मिक स्थलों के साथ छेड़छाड़ नही किया जाएगा। बैठक में एसओपी ज्योति कुमारएडकरा परियोजना मैनेजर लोकनाथ राणा निशांत कुमार प्रह्लाद नरेश गंझू जगरनाथ महतो मुखिया शांति देवी अनिता गंझू रामलखन गंझू देवपाल मुंडा राजकुमार उरांव कन्हाई पासी दशरथ तुरी अशोक राम कमलेश तुरी मनोज तुरी मौजूद थे।

एक नजर में

## चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक



इटकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में शामिल लोग।

**इटकी।** चेहल्लुम को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों की बैठक बीडीओ गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 11 व 12 सितंबर को चेहल्लुम जुलूस निकाले जाने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में प्रमुख किरण उरांव, सीओ रश्मि लकड़ा, थाना प्रभारी अमित प्रशांत, उप प्रमुख परवेज आलम, पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, कलीम अंसारी, इकबाल अंसारी, अजीत केशरी, कमेश बर्मन, मुर्तजा आलम, आरिफ रजा, नंदलाल महतो, देवेंद्र महतो, सलीम अंसारी, मो मोइनुद्दीन, बलराम गोप, कार्तिक महतो, मास्टर मुश्ताक अहमद, अमीन अंसारी, राजकुमार तिर्की, इरशाद टुन्नू, बीके सिन्हा, जीशान अहमद, बबलू व सेराज अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

## पूर्व प्रधानाचार्य अचलेश्वर नाथ मिश्रा का निधन



**खलारी।** हेसालोंग मीडिल स्कूल के पूर्व प्राचार्य अचलेश्वर नाथ मिश्रा का निधन गुरुवार को उनके पैतृक गांव में हो गया। हेसालोंग में वे 1974 में प्रधानाचार्य के पद पर पदस्थापित हुए थे। उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

## इटकी : बारीडीह में खुला गोमुख दुग्ध संग्रह केंद्र

### उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड के बारीडीह गांव के समीप शुक्रवार को गोमुख दुग्ध संग्रह केन्द्र का उदघाटन आईटीसी कंपनी के महाप्रबंधक देवाशीष घोषाल ने फिता काट कर किया। मौके पर महाप्रबंधक ने जानकारी दी कि इस दुग्ध शितक केन्द्र में प्रति दिन एक हजार लीटर दुग्ध संग्रह किया जायेगा। दुग्ध के आयात के अनुसार इसकी क्षमता बढ़ायी जायेगी। दुग्ध संग्रह के लिए एक सौ गांव को केंद्र से जोड़ने की योजना है। इसके लिये गांव में गोपालक किसानों का समूह बनाये जायेंगे। फिलहाल दुग्ध संग्रह के लिए इटकी, एडचोरो, बसिला, सुलतान नगर, दरहाटांड़ और मुकुन्दा गांव के गोपालक किसानों को केन्द्र से जोड़ा गया है। उन्होने कहा कि बाजार भाव से दो रुपया अधिक किमत पर किसानो से दुग्ध खरीदारी की जायेगी। प्रत्येक सप्ताह किसानों के खाते में सीघा ऑनलाईन भुगतान कर दिया जायेगा। बिहार, बंगाल के बाद अब झारखण्ड में भी दुग्ध की उत्पादन की अकूत संभावना को लेकर आईटीसी कंपनी द्वारा यहां बड़े पैमाने पर गोमुख दुग्ध संग्रह केन्द्र स्थापना करेगी। कार्यक्रम में प्रबंधक जयंत कुमार, जयदीप बड़वाल, अनीश नायक, केन्द्र संचालक अमित तिवारी व सौरभ मिश्रा सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

### मरी माटी मेरा देशा कार्यक्रम शुरू

**ठाकुरगांव।** भाजपा पिठोरिया मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुरूआत पिठोरिया शिव मंदिर के प्रांगण से पवित्र मिट्टी संग्रहित कर किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम मौजूद थे। साथ ही पिठोरिया के लोहड़िया मुहल्ला, मोची मुहल्ला, सोनार मुहल्ला, कोयरी मुहल्ला दर्जी मुहल्ला से भी घरों से मिट्टी संग्रह की गई। मौके पर अपने संबोधन में संजय सेठ ने कहा कि संग्रहित मिट्टी से दिल्ली के शहीद स्मारक के सामने अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। मौके पर मंडल प्रभारी रामप्रवेश नायक, महामंत्री लखन उरांव, शंकर महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र गोप, मंत्री दीपक दास, अखिलेश्वर पाठक, जनक गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रवण गोप सहित कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए।

## दशम जलप्रपात के पर्यटक मित्र की मौत

**बुंडू।** दशम जलप्रपात पर्यटन स्थल पूर्वी में कार्यरत पर्यटक मित्र मंगरा मुंडा (48 बर्ष) का पिछले दिनों निधन हो गया। जानकारी के अनुसार दशम जलप्रपात पर्यटन स्थल में कार्य के दौरान मंगरा मुंडा को अचानक चक्कर आने लगा और वह बेहोश हो गया। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। उनके निधन पर राजकिशोर प्रसाद सुशांत कुमार लोहरा सोहन बेक बालेश्वर बेदिया आदि ने शोक जताया है।


कार्यालय
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा

**शुद्धि पत्र**

1. **NPHCE** कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न दवाओं के क्रय हेतु www.simdega.nic.in पर प्रकाशित निविदा संख्या NPHCE/02/2023-24 के Eligibility Criteria & document to be submitted के कमांक 12 में अंकित ISO 45001:2018 के स्थान पर **ISO 9001:2015** पढ़ा जाय। (PR305903 Health Med Edu and family Welfare(23-24).D)
2. www.simdega.nic.in पर प्रकाशित निविदा संख्या NCD/01/2023-24 एवं NPHCE/02/2023-24 की अन्य शेष शर्तें यथावत रहेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा

PR.NO.306442 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D


## किसान का हुआ अपमान, दोषी पर होगी कार्रवाई : आदित्य साहू

### पुलिस द्वारा किसान को घसीटने का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारतमाला सड़क मार्ग परियोजना में भूमि अधिग्रहण का मुआवजा के लिए विरोध करने पर थाना क्षेत्र के पांचा के किसान नारायण साहू से पुलिस कर्मी द्वारा दुर्व्यवहार करने से नाराज शौंडिक समाज के लोग शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू से मिलने पहुंचे। समाज के लोगों ने कहा कि बिना मुआवजे दिए एनएचएआई द्वारा किसानों के खेत में लगी फसल को कुचल कर जबरन भूमि कब्जा किया जा रहा है। मुआवजा के लिए विरोध करने पर शौंडिक समाज के किसान नारायण साहू के साथ ओरमांझी थाना की पुलिस द्वारा अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया। इससे पूरा समाज व्यथित है। वहीं समाज के लोगों द्वारा पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग की गई। आदित्य साहू ने घटना के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि किसान के साथ दुर्व्यवाहर नही करना चाहिए था। उन्होंने एसपी व ग्रामीण एसपी से तत्काल फोन पर बात भी की और किसान के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मी पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा, साथ ही कहा जिस प्रकार से लोगों में नाराजगी है, स्थिति बिगड़ने पर हालात को संभालना मुश्किल होगी। उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा दोषी कर्मी पर कार्रवायी होगी, और सभी किसानों को मुआवजा भी दिलाया जाएगा। आदित्य साहू से मिलने वालों में पीड़ित किसान नारायण साहू, अजय साहू, राजकिशोर साहू, राजधाम साहू, चतुर साहू, रितेश साहू, ओमप्रकाश साहू, रोहित साहू, योगेंद्र साहू, मुकुल कुमार साहू, विजय साहू, उमेष साहू अनिरूद्ध साहू, अमित साहू सहित शौंडिक समाज के कई लोग शामिल थे।



राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू के साथ शौंडिक समाज के लोग।


उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

**-::आम सूचना ::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं (केन्द्र प्रायोजित एवं राज्य संचालित) के लाभुकों का भौतिक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य अगले 30 दिनों तक किया जायेगा। विभागीय मार्ग–दर्शिका के आलोक में सभी लाभुकों का भौतिक सत्यापन करते हुए प्रतिवेदन भेजा जाना है। भौतिक सत्यापन का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में प्रखण्ड / पंचायत सचिवालय के स्तर पर एवं शहरी क्षेत्र में अंचल / वार्ड स्तर पर किया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे सभी लाभुकों का यह दायित्व है कि प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे भौतिक सत्यापन अभियान के दौरान संबंधित कार्यालय / कर्मी से सम्पर्क स्थापित कर अपना भौतिक सत्यापन अवश्य करायें। किसी लाभुक का उक्त अवधि में भौतिक सत्यापन नहीं होने पर नियमानुसार उनका डाटा विलोपन संबंधी कार्रवाई किया जा सकता है। पुनः यदि किसी लाभुक का पेंशन पूर्व से किसी कारण वश बाधित है तो वह भी संबंधित कार्यालय में / संबंधित कर्मी के माध्यम से भौतिक सत्यापन कराने के साथ–साथ अपना त्रुटि निराकरण करा सकते हैं ताकि पेंशन की राशि उनके बैंक खाते में भेजी जा सके।

अतः सिमडेगा जिला के सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों से अनुरोध है कि यथाशीघ्र प्रखण्ड / अंचल / पंचायत सचिवालय आदि में उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन अवश्य करायें ताकि आपके बैंक खाते में निर्वाध रूप से पेंशन की राशि का भुगतान किया जा सके।

उपायुक्त, सिमडेगा।

PR.NO.306432 Simdega(23-24):D

# बड़ी भूमिका

**जी**-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए विश्व के कई नेताओं के आने का क्रम शुरू होने के बीच विशेषज्ञों ने बहुपक्षीय विकास बैंक (एमडीबी) सुधारों पर आम सहमति बनने और जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से कम करने को लेकर कठोर भाषा में प्रस्ताव अंगीकार करने से भारत की नेतृत्व भूमिका बढ़ सकती है। ऊर्जा स्त्रोतों में बदलाव और एमडीबी सुधारों को लेकर चचाओं की जटिलता और अनिश्चितताओं के बावजूद उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन के दौरान नेता एकता प्रदर्शित करने के लिए न्यूनतम सहमति पर पहुंच सकते हैं। भारत को उम्मीद है कि सरकारें जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से कम करने पर सहमत हो जाएंगी। लेकिन इस विषय को शिखर सम्मेलन के अंतिम दस्तावेज में जगह नहीं मिलने की स्थिति में पिछले वर्ष बाली शिखर सम्मेलन में कोयला के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से कम करने पर बनी सहमति से देशों के पीछे हटने का जोखिम है। जी-20 सदस्य देशों का दुनिया की जीडीपी में 85 प्रतिशत और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 80 प्रतिशत योगदान है। जी-20 देशों ऊर्जा मंत्रियों की जुलाई में हुई बैठक में जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा को 3 गुना करने पर आम सहमति नहीं बन सकी थी।

आज देश की सबसे बड़ी आवश्यकता तकनीक की है। देश जी-20 के इस आयोजन से उम्मीद कर रहा है कि हमें अब तक जो आवश्यक तकनीक विकसित देशों ने नहीं दिया है वे हमारी जरूरतों को समझते हुए उसे पूरा करेंगे। साथ ही पर्यावरण और आंतकवाद पर हमारे साथ चलने को तैयार होंगे। जब करोड़ों रुपये खर्च करके आयोजन हो रहा है तो यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है कि तमाम राष्ट्राध्यक्ष को देश की ताकत का अहसास हो।

# उच्च स्तर पर तेल मूल्य

**आ**पूर्ति संबंधित चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में फिर हलचल मच गई है। इसे देखते हुए कच्चे तेल के प्रति बैरल दाम उन स्तरों पर पहुंच गए हैं, जो पिछले साल से नहीं दिखे थे। तेल के दामों में तेजी इस खबर के बाद आई है कि दो प्रमुख उत्पादक देश सऊदी अरब और रूस आपूर्ति में स्वैच्छिक कमी अगले तीन महीने तक के लिए बढ़ाना चाह रहे हैं। सऊदी अरब ने तेल उत्पादन में रोजाना 10 लाख बैरल कमी करने की बात कही है तो रूस ने भी आपूर्ति में 3 लाख बैरल प्रति दिन कमी करने की इच्छा जताई है। इससे सर्दी के महीनों मे तेल की आपूर्ति कम रह सकती है। सर्दी के महीनों में उत्तरी गोलार्द्ध में ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है। तेल उत्पादन में कमी के पीछे भू-राजनीति पर भी विचार करना आवश्यक हो जाता है। तेल की आपूर्ति अंतरराष्ट्रीय बाजार में कम होने से अमेरिका और यूरोपीय देशों के लिए परेशानी बढ़ जाती है और यह सऊदी अरब और व्लादीमिर पुतिन ने नेतृत्व में रूस के साथ नजदीकी बढ़ने का भी संकेत समझा जाता है। अमेरिका को यह बात शर्तिया पसंद नहीं आएगी।हालांकि, तेल के दाम अपने उच्चतम स्तर से तेजी से नीचे फिसले हैं, मगर विश्लेषकों को लगता है कि इस साल के अंत तक कच्चा तेल प्रति बैरल और महंगा हो जाएगा और यह लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाएगा। कुछ लोग तो यह भी कहने लगे है कि दाम 100 डॉलर या इससे अधिक भी हो सकते हैं। चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार अपेक्षा से कम रहा है मगर अमेरिका का प्रदर्शन मंदी की चिंताओं को नकार रहा है। इससे पूरे विश्व में मुद्रास्फीति बढ़ेगी। 2023 की पहली छमाही में तेल के दाम पिछले साल की समान अवधि की तुलना में काफी कम रहे हैं। पिछले साल यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद तेल के दाम बढ़ गए थे।

# सनातन की सांस्कृतिक छाया में जी-20 सम्मेलन





\- प्रमोद भार्गव

भारतीय प्रधानमंत्री का मानना है कि कोविड महामारी ने विश्व व्यवस्था को बदल दिया है। नतीजतन तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं, पहला यह अनुभव हो रहा है कि दुनिया के जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाने की जरूरत है। दूसरा, दुनिया वैश्विक सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन इस बार सनातन संस्कृति की छाया में होगा। इसी भाव को दृष्टिगत रखते हुए शिखर सम्मेलन स्थल पर भगवान शिव की 28 फीट ऊंची नटराज प्रतिमा को प्रतीक रूप में स्थापित किया गया है। इस प्रतिमा में शिव के तीन प्रतीक-रूप परिलक्षित हैं। ये उनकी सृजन यानी कल्याण और संहार अर्थात विनाश की ब्रह्मांडीय शक्ति का प्रतीक हैं। अष्टधातु की यह प्रतिमा प्रगति मैदान में 'भारत मंडपम' के द्वार पर लगाई गई है। इस प्रतिमा की आत्मा में सार्वभौमिक स्तर पर सर्व-कल्याण का संदेश अंतर्निहित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी शाश्वत दर्शन से भारतीय संस्कृति के दो सनातन शब्द लेकर 'वसुधैव कुटुंबकम के विचार को सम्मेलन शुरू होने के पूर्व प्रचारित करते हुए कहा है कि 'पूरी दुनिया एक परिवार है।' एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन नहीं है।

जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान यह विचार मानव केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। क्योंकि ये देश असमानता के संदर्भ में ही अपने पूंजीवादी, बाजारवादी और उपभोक्तावादी एजेंडे को आगे बढ़ाते रहे हैं। पश्चिमी देशों द्वारा हथियारों का उत्पादन और फिर उनके खपाने का प्रबंध कई देशों की प्रत्यक्ष लड़ाई और देशों के भीतर ही धर्म और संस्कृति के अंतर्कलहों में हम देखते रहे हैं। अतएव विश्वव्यापी भाईचारे के लिए वसुधैव कुटुंबकम से उत्तम कोई दूसरा विचार हो ही नहीं सकता।

भारतीय प्रधानमंत्री का मानना है कि कोविड महामारी ने विश्व व्यवस्था को बदल दिया है। नतीजतन तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं, पहला यह अनुभव हो रहा है कि दुनिया के जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाने की जरूरत है। दूसरा, दुनिया वैश्विक सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है। तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्ष को बढ़ावा देना। ये तीन प्रयोजन सिद्ध हो जाते हैं तो एक बड़ा वैश्विक मानव समुदाय चैन की नींद सोने लायक हो जाएगा। लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी देश गुटों में विभाजित हैं। जबकि भारत विभिन्न पांच मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जुटा है। इन मुद्दों में रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति, महंगाई पर नियंत्रण और खाद्य-आपूर्ति, ऊर्जा, हथियारों की होड़ और जलवायु परिवर्तन। भारत की कोशिश है कि इन पांच मुद्दों पर सम्मेलन के अंतिम दिन एक संयुक्त बयान जारी हो जाए। लेकिन दुनिया के दो बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल नहीं हो रहे हैं। नतीजतन भारत के सामने शिखर सम्मेलन को सफल बनाने की बड़ी चुनौती पेश आ रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नहीं आ रहे हैं। उनकी जगह विदेश मंत्री सगेंई लावरोव आएंगे। इसी तरह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भारत नहीं आने को लेकर असमंजस की स्थिति रही। लेकिन अब चीन के विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि जिनपिंग के स्थान पर प्रधानमंत्री ली कियांग चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भारत वैश्विक शक्ति की ओर बढ़ रहा है। चीन भारत का पड़ोसी जरूर है, लेकिन उसकी हमेशा कोशिश रही है कि भारत में अशांति और अस्थिरता बनी रहे। इसीलिए जी-20 सम्मेलन के ठीक पहले वह अपने मानचित्र में भारत के अरुणाचल प्रदेश के भू-भाग को दिखाकर यह जताने की कुटिल हरकत को अंजाम देता है कि भारत को विश्व शक्ति के रूप में चीन देखना नहीं चाहता। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इसी परिप्रेक्ष्य में निराशा जाहिर कर चुके हैं। बाइडन भली-भांति जानते हैं कि जिनपिंग की अनुपस्थिति में जी-20 को वैश्विक, आर्थिक सहयोग का मुख्य मंच बनाए रखने की अमेरिका की कोशिश और विकासशील देशों के लिए वित्तपोषण को सुरक्षित करने के प्रयासों को झटका लगेगा। साफ है, सम्मेलन में जिनपिंग की भागीदारी के बिना व्यावहारिक एवं कल्याणकारी परिणाम तक पहुंचना कठिन है।

2008 में इस संगठन को राष्ट्राध्यक्षों के स्तर पर उन्नत बनाए रखने के बाद यह पहली बार है कि चीन के राष्ट्रपति इस सम्मेलन का हिस्सा नहीं बन रहे है। हालांकि चीन के विदेश मंत्रालय ने सम्मेलन की मेजबानी में भारत का समर्थन किया है और यह भी भरोसा जताया है कि वह सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। लेकिन चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से पत्रकारों ने पूछा कि जिनपिंग की जगह ली कियांग को दिल्ली भेजने का फैसला क्या इसलिए लिया गया, क्योंकि दोनों देशों के बीच तनाव के हालात हैं।

ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी सम्मेलन को सफलता के कितने निकट ले जा पाते हैं, यह उनकी कूटनीतिक गतिविधियों और वाकचातुर्य पर निर्भर रहेगा। दरअसल मोदी विभिन्न देशों के बीच जो भी मतभेद हैं, उन्हें खत्म करने के इच्छुक हैं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं। क्योंकि विवाद खत्म होंगे तो रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा संघर्ष भी खत्म होने की अपेक्षा की जा सकेगी ? ऐसी ही शांति बहाली के बाद यूक्रेन में पड़ा अनाज जरूरतमंद देशों के पास पहुंचाया जा सकेगा और रूस के पास ऊर्जा का जो भंडार है, उसे यूरोपीय देशों तक पहुंचाना संभव होगा। वर्तमान में पश्चिमी देशों ने रूस पर अनेक प्रतिबंध लगा रखे हैं। नतीजतन भविष्य में रूस की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है ? लेकिन अभी तक उसकी अर्थव्यवस्था पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ जो यूरोपीय देश गैस पर निर्भर हैं, उन्हें भविष्य में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि रूस ने गैस की आपूर्ति रोकी हुई है। सर्दी आते-आते जर्मनी जैसे देशों में गैस की कमी विकराल संकट का रूप ले सकती है। इस नाते भारत को तीन अलग-अलग जी-20 ऊर्जा उत्पादक देशों (अमेरिका, रूस और सऊदी अरब) बनाम ऊर्जा उपभोक्ता (यूरोप और अन्य देश) को एक साथ लाने में मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। यदि मोदी इन बाधाओं को सुलझाने में सफल हो जाते हैं तो वह वैश्विक नेता और भारत वैश्विक नेतृत्वकर्ता देश की श्रेणी में खड़ा हो जाएगा। चीन को भारत की यह प्रतिष्ठा क्यों सुहाएगी ?

## खास बात

## गति शक्ति विवि का समझौता

**वडोदरा** में भारतीय रेलवे की गति शक्ति यूनिवर्सिटी (जीएसवी) और एयरबस ने भारतीय विमानन क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। हाल ही में एयरबस और टाटा ने गुजरात के वडोदरा में भारत में सी-295 विमान का डिजाइन, नवाचार, निर्माण और विकास के लिए एक साझेदारी की घोषणा की थी। एयरबस दुनिया में वाणिज्यिक विमानों का सबसे बड़ा निमार्ता है और हेलीकॉप्टरों, रक्षा एवं अंतरिक्ष उपकरणों का एक प्रमुख निमार्ता है। इस कंपनी का भारत के साथ पुराना संबंध है। कंपनी भारत को एक विश्व स्तरीय वाणिज्यिक विमानन केंद्र और प्रतिभा और संसाधनों के केंद्र के रूप में देखती है। कंपनी देश में पूरी तरह से एकीकृत विमान विनिर्माण व्यवसाय प्रणाली विकसित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, जीएसवी प्रबल उद्योग-अकादमिक साझेदारी पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। इसके सभी कोर्स उद्योग के सहयोग से तैयार किए जाएंगे। जीएसवी में अध्ययन करने वाले छात्र उद्योग के लिए तैयार होंगे। परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में रोजगार के लिए उनकी अत्यधिक मांग होगी। एयरबस के साथ आज का समझौता ज्ञापन इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एक कंपनी के रूप में जो कि भारत में एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, हम मानव पूंजी विकास में निवेश करने की अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। गति शक्ति विश्वविद्यालय के साथ हुई यह साझेदारी देश में कुशल कार्यबल की एक मजबूत तंत्र विकसित करेगी, यह उद्योग-शैक्षणिक साझेदारी, नियमित छात्रों और कामकाजी पेशेवरों के लिए क्षेत्र-प्रासंगिक कौशल पाठ्यक्रमों एवं कार्यक्रमों, संकाय के लिए संयुक्त अनुसंधान एवं औद्योगिक अनुभव, छात्रों के लिए इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट और छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के सह-विकास और सह-वितरण को सक्षम बनाएगा। यह उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरुप छात्रों के लिए नौकरी के अवसर उत्पन्न करेगा।

**हजारीबाग** के चरही घाटी में हुए सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु की दुःखद सूचना मिली। ईश्वर दिवगंत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## रोचक ट्वीट

**जब** पूरा देश जी-20 के आयोजन में जुटा है, जब दुनिया भर के बड़े नेता भारत के विकास की तारीफ कर रहे हैं, भारत में अपार क्षमता दिख रही है, एक निगेटिव इंसान ऐसा है जो यूरोप में घूम-घूम कर ये बता रहा है कि भारत में कुछ भी ठीक नहीं है। **-बाबूलाल मंराडी**





**डुमरी** उपचुनाव की प्रचंड जीत के लिए डुमरी विधानसभा की जनता और गठबंधन के समस्त नेताओं और कार्यकताओं को अनेक-अनेक धन्यवाद, आभार और जोहार। डुमरी की यह प्रचंड जीत आगाज है 2024 का। जनतंत्र चलेगा, धनतंत्र नहीं। **-हेमंत सोरेन,**

# श्रद्धा से सत्य

## धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

अपने आपको, अपनी चेतन सत्ता को पहचानना आसान बात नहीं है। विद्यमान परिस्थितियाँ ही धोखा देने के लिए पर्याप्त होती हैं, फिर जन्म-जन्मांतरों के प्रारब्ध इतने भले नहीं होते जो मनुष्य को आसानी से क्षमा कर दें। हमारा असली व्यक्तित्व इतना स्पष्ट है कि उसकी भावानुभूति एक क्षण में हो जाती है, वह परदों में नहीं रहता, फिर भी वह इतना जटिल और कामनाओं के परदों में छुपा हुआ है कि उसके असली स्वरूप को जानना टेढ़ा पड़ जाता है। साधना, उपासना करते हुए भी बार-बार पथ से विचलित होना पड़ता है। ऐसी असफलताएँ ही जीवन लक्ष्य में बाधक हैं।

श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाए गए मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिये मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुँह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण, ऐश्वर्यस्वरूप ज्ञान की थाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है, उसी को श्रद्धा कहते हैं।

श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त, अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है। बुद्धि भी जड़-पदार्थों में तन्मय न रहकर परमात्म-ज्ञान में अधिक-से-अधिक सूक्ष्मदर्शी होकर दिव्यभाव में बदल जाती है।

## कॉटून वर्ल्ड




साभारः कॉटूनमूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### युवा शक्ति का उपयोग

**आज** युवाशक्ति का उपयोग राष्ट्रनिर्माण में क्यों नहीं हो रहा? रोजगार की तलाश में युवा विदेशों की ओर तेजी से पलायन कर रहे हैं। सरकारों की गलत नीतियां ही इस पलायन की जिम्मेवार हैं। दिन-प्रतिदिन गहराती विदेशी पलायन की इस समस्या का निदान किया जाना चाहिए। देश में रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा किए जाने चाहिए।

**-सुरेन्द्र सिंह, रांची**

### संस्कारों से वंचित

डिजिटल मनुष्य की बात करें तो वह सोशल प्लेटफॉर्म आधारित जीवन में अपने आप को पूरी तरह डूबता हुआ नजर आ रहा है। अपने परिवारजनों, रिश्तेदारों और सहयोगियों को भूलकर वह मोबाइल की फेसबुक व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम की आभासी दुनिया में व्यस्त है। अपनी अलग दुनिया में व्यस्त उसका रहन-सहन मानो बिल्कुल वैदिक कालीन परिवेश से अलग हो गया है। **-रवि, रामगढ़**

# अर्थराइटिस के लक्षण और उसके उपचार को लेकर गंभीरता जरूरी



**डॉ रजनीश बरियार**

जो बच्चे चल नहीं सकते है , बोल नहीं सकते है , एवं जिनका मानसिक विकास नहीं हुआ हो, और जिन्हें बैठने में दिक्कत हो उनके लिए स्पेशल रूम और स्पेशल ट्रीटमेंट की व्यवस्था है, और एक मेरा फि ज़ियोथेरेपी डिपार्टमैंट देवानिका हॉस्पिटल (जो 250 बेडेड है) में शुरू होने वाला है जो एन्सीलरी चौक, तुपुदाना में स्थित है।

**अगर कोई मरीज आपके सेंटर तक आने में असमर्थ है तो आपके पास अल्टरनेटिव उपाय क्या है?**

= हमारे पास क्वालिटी टीम आफ फिजियोथैरेपिस्ट है जिनमें सबकी अलग-अलग क्वालिफिकेशन है, जो मरीज आने में असमर्थ है उनको हॉस्पिटल में दी जाने वाली सारी फिजियोथैरेपी की सुविधा घर तक उपलब्ध कराई जाती है, जिसको होम केयर थेरेपी या होम फिजिओथेरेपी फैसिलिटी के नाम से संबोधित करते हैं, साथ ही साथ जिन्हें हमारे फिजियोथैरेपी सेंटर में आकर ही इलाज करना हैं

उनके लिए हमारी फिजियोथैरेपी एंबुलेंस हमेशा उपास्थित रहती है, जिसके संपर्क हेतू आप इस नंबर(9110912544 ) पर संपर्क कर सकते हैं यह अस्पताल तक लाने एवं वापस घर तक छोडने तक की सुविधा प्रदान करती है।

**इस साल का फिजियोथैरेपी डे का थीम क्या है?**

= इस साल वर्ल्ड फिजियोथैरेपी डे 2023 का थीम अर्थराइटिस है।

**अर्थराइटिस के बारे में कुछ बताएं..।**

= अर्थराइटिस जोड़ों में होने वाली एक सुजनकारी बीमारी है, जिसमें जोड़ों में अत्यधिक दर्द एवं जोड़ों को घूमाने, मोड़ने और कोई भी फिजिकल गतिविधि करने में परेशानी होती है।

**अर्थराइटिस का कारण क्या है?**

इसके पीछे जीवन शैली और आहार की बहुत बड़ी भूमिका होती है साथ ही एज फैक्टर और हेरेडिटरी भी एक बड़ा कारण है। कई बार अन्य रोगों की वजह से भी अर्थराइटिस होता है :-जैसे की मेटाबॉलिक सिंड्रोम, सिरोसिस,या गुर्दे से संबंधित बीमारी इत्यादि।

**अर्थराइटिस के लक्षण क्या है?**

= जोड़ों में दर्द, लालिमा, सुजन,जकड़न, साथ ही चलने फिरने और काम करने में भी तकलीफ होना, जोड़ों में तीखी चुभन होना , रेंज ऑफ मोशन में कमी आना जॉइंट में डिफॉर्मिटी ये सब आम तौर पर दिखाई देने वाले लक्षण हैं।

**अर्थराइटिस से बचने के उपाय क्या है?** = * सबसे पहले जीवन शैली और आहार में बदलाव लाने की जरूरत होती है।

* अपने वजन का ध्यान रखें क्योंकि ज्यादा वजन से आपकी घुटना तथा कुल्हो पर दबाव पड़ता है।

* नियमित कसरत तथा जोड़ों की देखभाल और समय-समय पर अपने फिजियोथैरेपिस्ट से चेकअप कराए।

* दर्द, सूजन या चलने में समस्या होने पर शुरूआत में ही डॉक्टर से सलाह ले बीमारी को बढ़ने ना दें।

**अर्थराइटिस से बचने हेतू घर के लिए कोई उपचार?**

= जॉइंट के आसपास के मांसपेशियों को मजबूत करना मुख्य है, अगर घुटने की बात की जाए तो मुख्य रूप से क्वाड्रिसेप्स, हैमम्स्ट्रिंग और कॉल्फ की मांसपेशियों की स्ट्रैंथनिंग और स्ट्रेचिंग बहुत जरूरी है, साथ ही साथ गर्म पानी का सेक लेना भी काफी असरदार होता है। लेकिन अगर समस्या ज्यादा हो रही हो तो अपने फिजियोथैरेपिस्ट से जरूर संपर्क करें।

# साक्षरता पूरी दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत

**योगेश कुमार गोयल**

**दुनिया** से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 57वां अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवसह्न मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी,वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है।निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है।

दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किए जाते हैं कि इसके जरिये तमाम

## शिक्षा

बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विडम्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्येक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारणवश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है ह्यसंक्रमण काल में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देनाः टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माणह्न (प्रोमोटिंग लिटरेसी फॉर ए वर्ल्ड इन ट्रांजिशनः बिल्डिंग द फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल सोसायटीज)। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय ह्यसाक्षरता सतत विकासह्न रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु ह्यसाक्षरता और स्वास्थ्य थी, जिसके जरिये टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय साक्षरता और सशक्तिकरण।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**रामगढ़।** श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विश्व साक्षरता दिवस कार्यक्रम आयोजित। जिसमें कक्षा 3 के छोटे बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा 3 के सभी छात्रों ने विभिन्न किताबें पढ़ीं जिससे उनकी शब्दावली और संचार कौशल में सुधार हुआ। बच्चों ने किताबें पढ़ने पर नजर रखने में मदद के लिए अपने लिए रंगीन और जीवंत बुकमार्क बनाए। प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने अपने प्रेरक शब्दों से उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को विज्ञान कथा से संबंधित कुछ दिलचस्प किताबों के बारे में भी सुझाव दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल , सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह-प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा , स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी मौजूद रहे।

### ओशो फ्रेगरेंस सत्संग कल

**रामगढ़।** थाना चौक स्थित गणक मैरेज हॉल में 10 सितंबर को दोपहर 2:30 बजे से ओशो फ्रेगरन्स सत्संग व लाइव वीडियो प्रसारित होगा, जिसमें स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती मां अमृत प्रिया लाइव उपस्थित होकर ध्यान व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम करवायेंगे। कार्यक्रम में आचार्य प्रभाकरजी एवं मां ध्यान रश्मि जी उपस्थित रहेंगे। रामगढ़ फ्रेगरेन्स परिवार के आयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि हजारों की संख्या में ओशो साधक एवं सन्यासी कार्यक्रम में शामिल होंगे। बताया रामगढ़, रांची,बोकारो,आदि स्थानो से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए साधक पहुंचेंगे।

### गणिनाथ गोविन्द जी की पूजा आज

भुरकुंडा (रामगढ़)। मध्य देशीय विकास समिति भुरकुंडा के तत्वावधान हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पटेलनगर भुरकुंडा स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में 9 सितंबर शनिवार को श्रीश्री 1008 बाबा गणिनाथ गोविन्द जी का पूजा-महोत्सव धूमधाम व श्रद्धाभाव के साथ मनाया जायेगा। समिति के संरक्षक जीवन गुप्ता, डॉ.आरएन प्रसाद गुप्ता, रमेश गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, संतोष गुप्ता ने बताया कि महोत्सव में झंडोत्तोलन के बाद सुबह 8 बजे पूजन, आरती, हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

### डॉ. आशीष ने बेबी देवी को दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीपीआईएमएल के वामपंथी युवा नेता ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने डुमरी विधानसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य वोट देकर मतदाताओं ने पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. जगन्नाथ महतो के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में अब एनडीए की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने इस जीत के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी है।

### भुरकुंडा ओपी प्रभारी सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़)। बजरंग दल भुरकुंडा के कार्यकर्ताओं ने भुरकुंडा के नये ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद को भगवा गमछा ओढ़ाकर देकर सम्मानित किया। साथ ही पदभार ग्रहण करने के लिए बधाई दी। कहा गया कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में हमसभी पुलिस-प्रशासन का हमेशा साथ देंगे। मौके पर योगेश दांगी, शंकर यादव, अरुण श्रीवास्तव, सुनील कुमार, राजन सिंह, संजीव वर्मा, नीतीश कुमार, अभिषेक विश्वकर्मा, अमित शर्मा, किशोर कुमार, सागर कुमार, पंकज गुप्ता, पिन्टू कुमार आदि मौजूद थे।

### जुबिली कॉलेज को मिला बी ग्रेड

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की तीन सदस्यीय टीम द्वारा पिछले 25 और 26 अगस्त को दो दिवसीय मूल्यांकन किया गया था। इस दौरान टीम ने महाविद्यालय के आधारभुत संरचनाओं, विभिन्न विभागों के निरीक्षण, पुस्तकालय और प्रशासनिक विभाग सहित अन्य सम्पतियों का भौतिक सत्यापन किया था। कॉलेज के प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी ने बताया कि जांच प्रतिवेदन तथा अनलाइन प्रक्रिया से प्राप्त मूल्यों के आधार पर मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की टीम ने कॉलेज को बी ग्रेड प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि 2017 में हुए प्रथम चक्र के मूल्यांकन में कलेज को सी ग्रेड मिला था।

### जुबिली कॉलेज में मना साक्षरता दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और दो संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी ने कहा कि विश्व साक्षरता दिवस मनाने की शुरूआत युनेस्को के द्वारा किया गया था। जिसका उद्देश्य लोगों को साक्षर बनाकर सशक्त समाज का निर्माण किया जा सके। उन्होंने कहा कि साक्षरता के बदौलत ही किसी भी घर-परिवार और समाज के साथ देश के विकास की नींव मजबुत होती है। मुख्य अतिथि मनोज लाल ने अपने आर्ट एंड क्राफ्ट कला से साक्षरता दिवस कार्यक्रम को छात्र-छात्राओं के बीच रोचक बना दिया। कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा व डॉ. विशेश्वर रविदास ने कहा कि साक्षरता दिवस 2023 की थीम परिवर्तनशील दुनिया में साक्षरता को बढ़ावा देना है। स्थायी एवं शांतिपूर्ण समाज की नींव का निर्माण करना है। डॉ.विभा राय ने कहा कि साक्षर होना सभी के लिए महत्वपूर्ण है। खास करके महिलाओं को शिक्षित होना बहुत जरूरी है। क्योंकि एक महिला शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित होता है। डॉ.एसएस पांडेय तथा प्रो.रजनी कुमारी ने कहा कि आज के विकसित समाज में निरक्षर होना अभिशाप है और साक्षर होना वरदान है। कार्यक्रम का संचालन वैष्णवी एवं जागृति ने किया। मौके पर सरस्वती, अदिति, उर्मिला, सानिया, बसंती, तनिशा, काजल, अंशु, सबिता, नितिश, मनोज, सुमित, रोहित, सायना, रागिनी, सोनी, पूनम, अणु, लक्ष्मी, श्याम, सुभाष, प्रार्थना, चांदनी, संगीता सहित कॉलेज परिवार का विशेष योगदान रहा।

# हजारीबाग के चरही घाटी में सड़क हादसे में चार की मौत

## डिवाइडर से टकराकर खाई में गिरी स्कॉर्पियो, तीन घायल

**बिहार के मुजफ्फपुर से पूजा करने आ रहे थे मां छिन्नमस्तिका मंदिर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही (हजारीबाग)।** थाना क्षेत्र के चरही घाटी यूपी मोड़ एनएच-33 पर गुरुवार अहले सुबह 3.30 बजे सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिये हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि स्कॉर्पियो नंबर बीआर06पीई/7091 पर सात लोग सवार होकर बैशाली के थाना पाटेपुर बडीहा चौक से पूजा करने के लिए और बकरे की बलि के लिए रजरप्पा मंदिर जा रहे थे। इस दौरान चरही घटी के पास चालक ने अपना संतुलन खो दिया और वाहन तीन बार पलटी मारते हुए और डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरे लेन के खाई में जाकर गिरी। इस दौरान गाड़ी में तीन लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। साथ ही बकरे का भी मौत हो गई। जानकारी के बाद चरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और सबसे पहले गंभीर रूप से चार घायलों को खाई से निकालकर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। में एक व्यक्ति की मौत रास्ते में हो गई। एनएचएआई के राजेश कुमार अपने वाहन से घाटी पहुंचे और मृतक में से दो व्यक्ति को वाहन से बाहर निकाला गया। जबकि चालक घण्टों वाहन के अंदर फंसा रहा। हाइड्रा के माध्यम से वाहन को खाई से बाहर निकाला गया। घण्टों मेहनत करने के उपरांत स्कॉर्पियो के गेट को तोड़कर शवों को बाहर निकाला गया। तीनो मृतकों को एम्बुलेंस के माध्यम से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। चरही पुलिस ने मृतक और घायल के परिजनों को जानकारी दी।



**मृतकों के नाम:** इंद्रजीत साह पिता राम ज्योति साह, बडडीहा तुर्की, थाना पातेपुर जिला वैशाली (बिहार ),पिंटू राय पिता रामाधार राय, गौसनगर थाना महिंद बाड़ा जिला समस्तीपुर (बिहार ),अरबिंद राय पिता सत्यनारायण राय,साकिन मदारीपुर थानाः रामपुरहरी जिला मुजफ्फरपुर (बिहार ) दिलीप राय पिता शिवशंकर राय,साकिन मोहनपुर थाना रामपुरहरी जिला-मुजफ्फरपुर (बिहार )।

**घायल:** इंदरजीत राय पिता सुबोध राय, मदन राय पिता नंद किशोर राय, धर्मेंद्र भगत पिता भुनेश्वर भगत।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए डीसी ने किया डोर टू डोर वेरीफिकेशन

## समय सीमा के अंदर सर्वे करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

रजरप्पा । जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा शुक्रवार को चितरपुर प्रखंड अन्तर्गत सुकरीगढ़ा में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत डोर टू डोर सर्वे का सुपर चेक किया गया। सर्वे सुपर चेक के दौरान उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता से बीएलओ द्वारा किए जा रहे घर-घर सत्यापन के बारे में भी जनकारी लिया। जिसमें घर - घर में स्टीकर चिपकाने, मतदाताओं को करेक्सन पर्ची देने, बीएलओ रजिस्टर में मतदाताओं से हस्ताक्षर लेने, अहतार्धारी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन लेने, डबल नाम/ स्थानीय रूप से स्थानांतरण/ मृतक मतदाताओं का नाम हटाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर विलोपित करने हेतु प्रपत्र -7 लेने,नाम संशोधन/ स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 लेने एवं ब्लैक एंड व्हाइट एवं न्यून गुणवत्ता वाले मतदाताओं का रंगीन फोटो में परिवर्तित करने के साथ-साथ प्रपत्र 6बी से आधार लिंक करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मतदाताओं से बात कर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण 2023 के संबंध में जानकारी ली, वहीं निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, रामगढ़ द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर हाउस टू हाउस सर्वे कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार, अंचल पदाधिकारी सुधीर कुमार, बीएलओ सहित अन्य उपस्थित थे।



### विश्व हिंदू परिषद का मना स्थापना दिवस

भुरकुंडा । भुरकुंडा के संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूरे धूमधाम से विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मना। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूरे मंदिर को दियों से भव्य रूप से सजाया गया था जो काफी मनमोहक दिखा।

### एंबिशन पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण

**विष्णुगढ़।** एम्बिशन पब्लिक स्कूल के नन्हें विद्यार्थियों के द्वारा पेड़ लगाओ और पेड़ बचाओ अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में गड्ढा खोदकर, आम,अमरूद , जामुन,नीम शरीफा आदि विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। स्कूल के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि अगर हम सभी को सुरक्षित रहना है तो आइए हम सब मिलकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लें । इस मौके पर प्राचार्य राजेश कुमार मंडल, रोहित कुमार वर्मा, सुशांत कुमार पाठक, दीपक वर्मा, डिलेश्वर कुमार,राजेश कुमार रजक,समेत विद्यालय के कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

### चुरचू में भाजपा कार्य समिति की बैठक

**चरही ।** शुक्रवार को चुरचू प्रखंड मुख्यालय के समीप दुर्गा मंदिर के स्थित भाजपा कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक हुई। अध्यक्षता चुरचू भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह ने किया। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू के विधायक जय प्रकाश भाई पटेल उपस्थित थे। श्री पटेल ने कहा कि 11सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा मांडू विधासभा के बलसगरा में होना निश्चित हुआ है। जिसमें चुरचू प्रखंड के सभी 54 बुथों के बुथ अध्यक्ष एवं 30 सदस्य तथा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता का उपस्थिति अनिवार्य है। इसके लिए प्रत्येक पंचायत में एक पंचायत प्रभारी की नियुक्ति की गई है।

### बरही में भक्तों के बीच 101 किलो दूध वितरित

**बरही।** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन का धार्मिक आयोजनों पर महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम के तहत यादव धर्मशाला बरही मैं भगवान श्री कृष्ण के भक्तों के बीच 101 किलो दूध का वितरण किया। यादव धर्मशाला बरही के अध्यक्ष समाजसेवी युगल यादव ने कृष्ण भक्तों के बीच दूध वितरण किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा कि शराब के नुकसान लोगों को पता होते हुए भी इसकी लत छोड़ना आसान नहीं होता लेकिन हम सब दृढ़ निश्चय कर ले तो असंभव को संभव बनाया जा सकता है।

### बैंक ऑफ इंडिया का धूमधाम से मना 118 वां स्थापना दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बैंक अफ इंडिया भुरकुंडा शाखा का गुरुवार को 118वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। ब्रांच मैनेजर प्रमोद कुमार सिंह ने केक काटा। उन्होंने कहा कि पांच भारतीयों द्वारा सात सितंबर 1906 को मात्र पचास लाख की पूंजी से बैक शुरू किया गया था। यह बैंक पूर्णत स्वदेशी वित्तीय संस्थान है जो आरंभ से ही भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देते आ रहा है। समाज के प्रत्येक तबके तक बैंकिंग सुविधा देने के लिए हमसभी प्रतिबद्ध हैं। बैंक अफ इंडिया भारत का एक सबल और सफल बैंक है जिसने अपने शैशव काल से ही ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा देते आ रहा है। आज हम समाज के प्रत्येक तबके तक बैंकिंग सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### कायस्थ महासभा ने नारायण श्रीवास्तव के निधन पर जताया शोक

**रामगढ़ ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने महासभा के महाराष्ट्र के पूर्व अध्यक्ष नारायण श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री सिन्हा ने कहा कि उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया था। महासभा के रामगढ़ जिला समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# भगवान की आराधना से मिलती है शांति : मनोज यादव

## कोरियाडीह में पूर्व विधायक ने किया जागरण का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। कोरियाडीह के बड़की अडवार में श्री हरि अखंड कीर्तन के समापन के बाद माता रानी का जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का विधिवत उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहित के जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वही अखंड हरि कीर्तन पूजा समिति कोरियाडीह के द्वारा पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, गुरुदेव गुप्ता, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुशवाहा, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, अजय कुमार कुशवाहा, नरेश कुमार, ब्रह्मदेव यादव, जवाहर प्रसाद, टोकलाल प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, दामोदर प्रसाद वर्मा, मनोज कुमार, महेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, रामजी प्रसाद अन्य सभी सामाजिक कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि मनुष्य को अपनी दैनिक कार्यो से समय निकालकर भगवान की भक्ति में भी समय लगाना चाहिए। इसी से उसके जीवन का कल्याण संभव है। वही मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने माता जागरण में आए कलाकारों, अतिथियों एवं क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह माता रानी का जागरण सभी के लिए कल्याणकारी सिद्ध हो, ऐसी कामना करते हैं। करण पाण्डेय एवं कंचन पाण्डेय के द्वारा भक्ति गीतों पर श्रद्धालुओं को खूब झुमाया गया। इस माता रानी के जागरण का बूढ़े बुजुर्ग, युवा, माताएं एवं बहनों सहित सभी लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया।



## एक नजर में

### बेबी देवी की जीत पर बड़कागांव में जश्न



बड़कागांव। डुमरी विधानसभा उपचुनाव में जगन्नाथ महतो की पत्नी झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी की भारी मतों से जीतने पर झामुमो व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकताओं ने आतिशबाजी कर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई तथा डुमरी विधानसभा के जनता को बधाई दी। मौके पर झामुमो मुख्य संयोजक संजय सिंह,20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस जिला महासचिव पंकज गुप्ता,मुखिया इलियासअंसारी,संजय भुईया,सफीउल्लाह अंसारी,गुड्डू राम,मुखिया करम राम,मुजफ्फर अली,नंदकिशोर भुईयां,विशेश्वर राम,पवन तुरी,राकेश मिश्रा,शमशेर अंसारी,सीकरी पंचायत अध्यक्ष प्रयाग महतो,सचिन मोहम्मद सफीक,कोषाध्यक्ष ईश्वरी पासवान, दिलीप कुमार, बालेश्वर महतो,उपेंद्र कुमार सहित दर्जनों उपस्थित थे।

### संजीव बेदिया ने बेबी देवी को दी बधाई

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने डुमरी उप चुनाव में पार्टी प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर बधाई देते हुए इसे जनता का जीत बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व पार्टी के कद्दावर नेता रहे पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो द्वारा राज्य में अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुचाने में सक्रिय भूमिका निभाने पर जनता ने अपनी मुहर लगाकर भाजपा-आजसू गठबंधन को मुंहतोड़ जबाब दे दिया है। यह जीत विकास का परिणाम है।


**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा**

**शुद्धि पत्र**

1- **NP-NCD** कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न दवाओं के क्रय हेतु www.simdega.nic.in पर प्रकाशित निविदा संख्या NCD/01/2023-24 के Eligibility Criteria & document to be submitted के क्रमांक 12 में अंकित ISO 45001:2018 के स्थान पर **ISO 9001:2015** पढ़ा जाय। (PR305895 Health Med Edu and family Welfare(23-24).D)

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सिमडेगा

PR 306444 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**जिला खनन कार्यालय, हजारीबाग**
**(e-mail id- dmo-hazaribagh@jharkhandmail.gov.in)**

**आम-सूचना**

झारखण्ड गौण खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 46 के प्रावधानों के तहत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न क्षेत्र जो पूर्व में पत्थर खनन पट्टा स्वीकृत था, जिसकी अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् वर्त्तमान में रिक्त है। उल्लेखनीय है कि उक्त खनन पट्टा की पुनः बन्दोवस्ती हेतु झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 यथा संशोधित नियमो के तहत नियमानुसार आवेदन प्राप्त कर पत्थर खनन पट्टा की स्वीकृति हेतु कार्रवाई की जायेगी।

| क्र0 | पूर्व पट्टेधारी का नाम एवं पता | क्षेत्र का विवरण | जमीन का किस्म | पाक्षिक/असाधारण अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राम मनोहर, पिता श्री रघुवर यादव, ग्राम – महुआटांड, पो0 – तिलैयाडैम, थाना – बरही, जिला – हजारीबाग। | थाना – बरही, मौजा – महुआटांड, थाना संख्या – 81, खाता सं0 12 एवं 13, प्लॉट सं0 04 (अंश), 07, 10, 11, 12, 13, रकवा 2.10 एकड़ चौहदी उत्तर – प्लॉट संख्या 04 (P) & 15 दक्षिण – प्लॉट संख्या 09 (P) पूरब – प्लॉट संख्या 14 पश्चिम – प्लॉट संख्या 05 (P), 06 & 09 (P) | रैयती | साधारण अंक 05, दिनांक 21.08.23 |

विशेष जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला खनन कार्यालय, हजारीबाग में सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

जिला खनन पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 306484 (Mines and Geology)23-24*D



**कार्यालयः परियोजना निदेशक "आत्मा" खूँटी**

**आम सूचना**

खूँटी जिला के सभी किसान भाईयों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य मिशन निदेशक, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, झारखण्ड (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन– दलहन, तेलहन एवं न्युट्री सिरियल) के पत्रांक 151 दिनांक 24.07.2023 के आलोक में वर्ष 2023–24 में **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन– तेलहन** योजनान्तर्गत अनुदानित दर पर वितरण हेतु विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र निम्न विवरणी अनुसार उपलब्ध है :–

**योजना– राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन– तेलहन (NFSM- Oil Seed)**

| क्र. सं. | उपकरण का नाम | अनुदान की राशि | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | Manual Sprayer/Knap sack sprayer/foot operated sprayer | Rs. 750/-or 50% for (एस0टी0/एस0सी0/लघु/सीमान्त/महिला कृषक) | 20 |
| 2 | Manual Sprayer/Knap sack sprayer/foot operated sprayer | Rs. 600/-or 40% for अन्य | 30 |
| 3 | Power operated Sprayer (capacity 12-16 litres) | Rs. 3800/-or 50% for (एस0टी0/एस0सी0/लघु/सीमान्त/महिला कृषक) | 15 |
| 4 | Power operated Sprayer (capacity 12-16 litres) | Rs. 3000/-or 40% for अन्य | 20 |
| 5 | Manual Operated Cultivator | Rs. 10000/-or 50% for (एस0टी0/एस0सी0/लघु/सीमान्त/महिला कृषक) | 05 |
| 6 | Manual Operated Cultivator | Rs. 8000/-or 40% for अन्य | 07 |
| 7 | Seed Treating Drum | Rs. 10000/-or 50% for (एस0टी0/एस0सी0/लघु/सीमान्त/महिला कृषक) | 05 |
| 8 | Seed Treating Drum | Rs. 8000/-or 40% for अन्य | 07 |
| 9 | Rotavator (Above 35 BHP-5 Feet) | Rs. 10000/-or 50% for (एस0टी0/एस0सी0/लघु/सीमान्त/महिला कृषक) | 05 |
| 10 | Rotavator (Above 35 BHP-5 Feet) | Rs. 34000/-or 40% for अन्य | 07 |
| 11 | Sprinkler Sets | The cost for sprinkler irrigation system for tha would be from Rs 19542/-to Rs. 21901/- per ha depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY | 03 |
| 12 | Pump Sets | Rs. 10000/each or 50% of the cost which ever is less | 40 |
| 13 | Pipes for carrying water from source to the field | Rs. 50/Mtr for HDPE Rs. 35 for PVC Rs. 20/HDPE laminated | 550 mt. |
| 14 | Demonstrations of Gypsum/pyrits/Liming/SSP, etc | Rs. 750/ha. | 175 ha. |
| 15 | Supply of Rhyzobium culture/PSB/ZSB/Azatobactor/Mycorrhiza culture | Rs. 300/ha. | 150 ha. |
| 16 | PP Chemicals/Insecticides/bio pesticides/weedicides/bioagents/micronutrients, etc | Rs. 500/ha. | 50 ha. |
| 17 | Nuclear Polyhedrosis Virus (NPV) | Rs. 500/ha. | 30 ha. |

इच्छुक कृषक आवश्यकता अनुसार कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु अपना आवेदन **(आधार कार्ड, जमीन की अद्यतन रसीद, मुखिया/वार्ड से सत्यापित वंशावली, अद्यतन रंगीन पासपोर्ट साईज का 01 फोटोग्राफ एवं बैंक खाता की विवरणी के साथ)** कार्यालय अवधि में आत्मा कार्यालय, खूँटी में स्वयं या संबधित प्रखण्ड के BTM/ATM के माध्यम से प्रकाशन की तिथि से दिनांक 30.09.2023 तक जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय से कार्यालय अवधि में अथवा अपने प्रखण्ड के बी0टी0एम0/ए0टी0एम0 से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। कृषि यंत्रों का वितरण **आयोजित होने वाली कृषि मेला आदि में यंत्रों का प्रदर्शन एवं स्टॉल लगाकर प्राप्त आवेदनों का स्कूटनी करते हुए लॉटरी के आधार** पर किया जाएगा। अनुदान की राशि कृषि यंत्र क्रय के उपरान्त डी0बी0टी0 के माध्यम से लाभुक के बैंक खाता में हस्तानान्तरित की जाएगी।

परियोजना निदेशक "आत्मा" खूँटी।

PR 306450 (Agriculture) 23-24 (D)

कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार ने आत्महत्या के जो प्रमुख कारण गिनाए थे उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण शामिल थे।

कोटा के कोचिंग संस्थानों में आने वाले छात्रों को कमोबेश इतनी जानकारी तो होगी कि सफलता और चयन की दर कितनी है! फिर भी वे इन संस्थानों की तरफ भागे चले जा रहे हैं, तो हम छात्रों को ही दोषी करार देंगे। यदि छात्र डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन पाए, तो जिंदगी समाप्त नहीं होगी। बहरहाल 2020 में भारत में 12,500 से अधिक किशोर छात्रों ने आत्महत्या की।

यह आंकड़ा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का है। यकीनन यह बेहद डरावना आंकड़ा है। कोटा के 10 प्रमुख कोचिंग संस्थानों में करीब 2 लाख छात्र प्रवेश लेते हैं। अध्यापकों की संख्या करीब 4000 है। हॉस्टल भी करीब 4000 हैं और पेइंग गेस्ट करीब 40,000 हैं, लेकिन औसतन हररोज 34 छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। इसके कई घरेलू और मनोवैज्ञानिक कारण भी हो सकते हैं। छात्र घर से ही तनाव ढोकर संस्थान तक आता है। संस्थानों की व्यवस्था भी तनावग्रस्त है। दरअसल 16-18 साल का किशोर इतना नहीं सोच सकता कि आत्महत्या के बाद उसके माता-पिता की मन:स्थिति क्या होगी? कुछ ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिनमें बेटे-बेटी की आत्महत्या के बाद पिता ने भी जान गंवा दी। इससे किसी भी पक्ष को हासिल क्या हुआ? दरअसल ये कोचिंग संस्थान भी पेशेवर दुकानदारी हैं। वे 10-15 ऐसे छात्रों को प्रवेश देते हैं, जो अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे अंकों के साथ सफल हो सकते हैं। उन छात्रों के सचित्र विज्ञापन अखबारों के पहले पन्ने पर छपते हैं, लिहाजा कारोबार फलता-फूलता है। शेष छात्र संस्थानों के मोटे राजस्व के स्रोत होते हैं। वे फेल हो जाते हैं अथवा आत्महत्या कर लेते हैं। यह संपूर्ण व्यवस्था ही असमान और गैर-पेशेवर है। चूंकि बीते दिनों दो छात्रों ने आत्महत्या की है, लिहाजा उसके बाद प्रशासन और सरकार कुछ हरकत में आए हैं।

# कोटा पर आत्महत्या के दाग

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** का कोटा शहर देश में कोचिंग की सबसे बड़ी मंडी बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपये की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या भी काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होने के उपरांत भी वह अपने बच्चों को इस आशा से कोटा भेजते हैं कि यदि वह परीक्षा में सफल हो जाता है तो भविष्य में इंजीनियर या डॉक्टर बन जाएगा। इसके लिए लोग लाखों रुपये के कर्ज के बोझ तले भी दब जाते हैं।

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर कलंक लगा रही है। पिछले अगस्त महीने में ही कोटा में कोचिंग करने वाले पांच छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। साल 2023 के 8 महीना में अब तक कोटा में 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले 5 वर्षों में यहां 70 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल हैं। इनमें से 17 छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वही 6 छात्र जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उ न ा क अभिभावकों ने कितनी




मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है।

ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां चलने वाले सभी कोचिंग संस्थाएं कई शिफ्टों में संचालित होती है। जिसमें अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती है। कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है।

कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं।

कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलन व हड़ताल के चलते धीरे-धीरे यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। एक समय ऐसा भी आया कि कोटा में नाम मात्र के उद्योग ही रह गए थे। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलना प्रारंभ हुई। सन 2005 के आसपास तो यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। कोचिंग संस्थान एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। कोटा की अर्थव्यवस्था कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं।

एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 300-400 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं।

कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित राजस्थान सरकार हरकत में आई है। सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए अगले दो माह तक सभी तरह के टेस्टों पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला जाएगा। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए जाएंगे जिनमें डिवाइस फिट रहेगी और यदि कोई पंखे पर लटकने की कोशिश करेगा तो डिवाइस में लगा सायरन बजकर लोगों को सतर्क कर देगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी।

सरकार अपनी तरफ से चाहे कितनी भी कोशिश कर ले। कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक खुले मन से बिना किसी दबाव के पढाई करने लगेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा। यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी कोटा में पढ़ने वाले छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे। (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# शिक्षक और अभिभावक की बड़ी जिम्मेवारी



**अजय दीप वाधवा,**

**अभी** हाल के वर्षों में यह पाया गया है की जो कॉलेज के बच्चे होते हैं या जो बच्चे प्रतियोगिता से संबंधित परीक्षा की तैयारी कर रहे होते हैं उनमें आत्महत्या और डिप्रेशन की समस्या बहुत ज्यादा आती है । अभी एक अनुमान के अनुसार कोटा में तीन लाख बच्चे इंजीनियरिंग या मेडिकल की तैयारी कर रहे हैं और इसमें कई बच्चे डिप्रेशन के शिकार है ।और कोटा की बात छोड़ दें तो रांची जैसे शहर में भी जो बीकॉम के बच्चे हैं मैंने कई को देखा है जो डिप्रेशन में जा रहे हैं और उनको कई बार अस्पतालों में एडमिट करना पड़ता है । प्रश्न यह उठता है कि ऐसा हो क्यों रहा है? मैंने अपना जो अध्ययन किया है उससे मुझे यह लगता है कि इन सब में सबसे ज्यादा कारण माता-पिता का है। अगर बच्चा डिप्रैस हो रहा है या उसमें आत्महत्या करने के विचार आ रहे हैं या उसमें यह विचार आ रहे हैं कि वह जीवन में एक फेलियर है और अब वह जीवन में कुछ कर नहीं सकता है तो इसके पीछे बहुत हद तक कारण माता-पिता है। हर माता-पिता चाहता है के उसका बच्चा सफल हो पर उसके लिए बच्चों की क्षमता को भी देखना आवश्यक है। अगर हर बच्चे को हम बोले कि तुम्हें बड़ा आदमी बनना है, तुम्हें भारत का सबसे अच्छा इंजीनियर बनना है या भारत का सबसे अच्छा डॉक्टर बनना है या भारत का सबसे अच्छा कॉस्ट अकाउंटेंट बनना है तो बच्चे के ऊपर एक तनाव आएगा। उसे पर एक दबाव आएगा और वह हर समय दूसरे से स्वयं को कंपेयर करेगा, अपनी क्षमताओं को दूसरे से तुलना करेगा और जब उसे यह लगेगा कि वह सफल नहीं हो पा रहा है तो उसमें नकारात्मक भावनाएं आएंगी और वह अपने आप को फैलियर समझने लगेगा। कोटा में एक बात और सामने आई है कि कई बच्चे इसलिए भी तनाव में रहते हैं कि उनको मालूम है कि उनके माता-पिता ने काफी आर्थिक संकटों से गुजर कर उनको प्रतियोगिता की तैयारी के लिए कोटा भेजा है। कुछ बच्चे तो जानते हैं कि गांव में उनके पिताजी ने अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर या घर बेचकर पैसा इकट्ठा किया है और बच्चों को पढ़ने के लिए कोटा या दूसरे शहर में भेजा है। माता पिता की चिंता में भी बच्चे पर यह अनावश्यक दबाव रहता है कि अगर वह सफल नहीं होगा तो न सिर्फ जीवन में वह फेल हो जाएगा बल्कि उसके माता-पिता का पैसा भी डूब जाएगा। बच्चों पर यह अनावश्यक दबाव होता है। साथ ही माता-पिता बच्चों से जब भी बात करते हैं वे सफल व्यक्ति का या सफल बच्चे का उदाहरण देकर बच्चों को समझाते रहते हैं कि तुम्हें भी सफल होना है; वे जाने अंजाने बच्चों पर एक मानसिक दबाव बनाते हैं कि तुम्हें जीवन में ऐसी सफलता प्राप्त करनी है जो सामने वाले के बच्चे ने की है। इससे भी बच्चा बहुत ज्यादा मानसिक दबाव में आ जाता है और उसके मन में गलत विचार आने लगते हैं। दरअसल भारतीय समाज में एक विडंबना रही है कि हम अपने बच्चों को सिर्फ सफल होने की शिक्षा तो देते हैं, इसके लिए लगातार उनका प्रेरित करने की कोशिश करते हैं पर हम बच्चों को यह नहीं बताते हैं कि जीवन में फेल कैसे किया जाता है ।हम बच्चों को जीवन में फेल होने की शिक्षा नहीं देते हैं। एक बात तो हम सबको माननी पड़ेगी कि जब तक बच्चों को फेल होना नहीं आएगा या असफल होना नहीं आएगा, वह जीवन में सफल नहीं हो पाएगा। हमें बच्चों को जीवन में सफल होने के साथ-साथ असफल होने की भी शिक्षा देनी चाहिए। हमें उन्हें बताना चाहिए कि अगर वह असफल हुए हैं तो यह अच्छा हुआ है क्योंकि वह सफलता के और समीप जा रहे हैं। मां-बाप को चाहिए कि वह अपने बच्चों को शुरू से ऐसे संस्कार दें कि जीवन में एक या दो परीक्षाओं को पास करना ही सफलता नहीं है, अच्छा व्यक्ति बनना भी सफलता है। वह बच्चों को असफल होना सिखाएं। वह बच्चों को बताएं कि अगर वह असफल नहीं होंगे तो सफल भी नहीं हो पाएंगे। असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। इससे बच्चे असफलता को बहुत ही सकारात्मक रूप में लेंगे और उनके मन में गलत विचार नहीं आएंगे। साथ ही मां-बाप को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वह बच्चों पर अनावश्यक पढ़ाई का और किसी एक डिग्री, जो मां-बाप की चॉइस है और बच्चों का जो चुनाव नहीं है, को लेने के लिए दबाव ना बनाएं। मां-बाप को याद रखना पड़ेगा कि बच्चे उनके लिए जीवन में सबसे प्रिय चीज है और वह अपने प्रिय चीज का बहुत ही प्यार से ध्यान रखें।

( कॉस्ट अकाउंटेंट, कर / निवेश सलाहकार के साथ मोटिवेटर और करियर काउंसलिंग से जुड़ें हैं।)

# छात्रों का बहुप्रतिक्षित परीक्षा (जी.टी.एस.ई.) हुआ लांच

## 6ठी से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों के लिए सुनहरा अवसर

### प्रतिभा को मंच देगा जी.टी.एस.ई.

**गोल** टैलेंट सर्च एग्जाम (जी.टी.एस. ई.) के माध्यम से बड़े शहर के छात्र ही नहीं, छोटे गांव, कस्बों एवं शहरों के प्रतिभाशाली बच्चों को भी कंपीटीशन के लिए तैयार किया जाता है। इस एग्जाम के माध्यम से मेधावी छात्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र अपने गोल को पाने में कामयाब रहे हैं। कई लोगों ने काफी बेहतर मुकाम हासिल किया है। इस टेस्ट के माध्यम से काफी संख्या में स्टूडेंट्स ने अपने सपने को साकार किया है। यह बातें गोल इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में अभी भी जागरूकता की जरूरत है, इस कारण से जी.टी.एस.ई. के फॉर्म सभी तरह के स्टूडेंट्स के लिए उपलब्ध है। ऑनलाइन फॉर्म भरने की व्यवस्था भी की गयी है। छठी से 12वीं तक पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के वेबसाइट पर जा कर 20 नवंबर तक ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।

**26 नवंबर को ऑनलाइन परीक्षा:**

परीक्षा ऑनलाइन व ऑफलाइन मोड में आयोजित की जायेगी। 26 नवंबर को ऑनलाइन परीक्षा होगी, इसमें स्टूडेंट्स अपने सुविधानुसार मोबाइल एवं लैपटॉप से परीक्षा दे सकते हैं। मुख्य परीक्षा 10 दिसंबर को ऑफलाइन जोन हेडक्वार्टर में होगा। गोल के मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने बताया कि गोल संस्थान से पिछले 12 वर्षों में इस परीक्षा के माध्यम से लगभग 3.75 लाख स्टूडेंट्स लाभान्वित हो चुके हैं। हर वर्ष 100 शहरों के लगभग 300 छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप, टैबलेट, बैग एवं घड़ी देकर प्रोत्साहित किया जाता है और गोल के कोर्स के लिए 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति भी दी जाती है। इस परीक्षा में चयनित स्टूडेंट्स को पूर्वी भारत का सर्वश्रेष्ठ शिक्षण प्लेटफॉर्म के रूप में गोल एजुकेशन विलेज में रखकर क्लास और सेल्फ स्टडी की सुविधा दी जाती है, जहां से प्रत्येक वर्ष सैकड़ों स्टूडेंट्स सफलता पाकर मेडिकल एवं जेइइ का टॉप रैंकर बनते हैं।

### नैतिक शिक्षा के साथ-साथ जरूरी है अवेयरनेस

गोल इन्स्टीट्यूट के फाउण्डर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह कहते हैं कि जागरूकता समाज में जरूरी है। जागरूकता से सामाजिक परिवर्तन होता है, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए नैतिक शिक्षा के साथ-साथ अवेयरनेस जरूरी है। शिक्षा और जागरूकता साथ-साथ हो तो कई समस्या का समाधान तुरंत हो जायेगा। 6ठी से 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों की उम्र नाजुक होती है, इस उम्र में बच्चों को किसी भी दिशा में मोड़ सकते है इस कारण गोल टैलेंट सर्च एग्जाम के माध्यम से बच्चों में कंपीटीशन की भावना जागृत करने का प्रयास है, इसके बाद काउंसेलिंग में बच्चों को सही दिशा में गाइड भी किया जाता है।

**शारीरिक रूप से अक्षम व दिव्यांग स्टूडेंट्स को निःशुल्क दी जायेगी शिक्षा**

गोल टैलेंट सर्च एग्जाम के मकसद को बताते हुए गोल इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत स्टूडेंट्स को पहले से ही प्रतियोगिता से संबंधित जागरूकता लाने के लिए हमलोगों ने गोल टैलेंट सर्च एग्जाम की शुरूआत की है और हमें खुशी है कि प्रत्येक वर्ष हजारों छात्र इसका लाभ ले रहे हैं। शारीरिक रूप से अक्षम, दिव्यांग चयनित छात्रों को हमारी संस्थान मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए बिना किसी शुल्क के शिक्षा प्रदान करेगी।

अच्छे रैंक लाने वाले को मिलेगा लैपटॉपः

बिहार एवं अन्य राज्यों के कई मेधावी छात्र जो दूर-दराज गांवों में अपनी प्रतिभा को खुद में समेटे किसी अवसर की तलाश में रहते हैं, उनके लिए आशा की किरण के रूप में आती है 'गोल प्रतिभा खोज परीक्षा'। अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने को बेताब साइंस में रूचि रखने वाले ऐसे छात्र-छात्राएं, जो कक्षा छठी से 12वीं में पढ़ रहे हैं, वे इस परीक्षा के माध्यम से अन्य प्रतियोगी छात्रों के लिए अपनी प्रतिभा को जांच सकते हैं । अच्छे रैंक लाने पर वे लैपटॉप एवं कई अन्य पुरस्कारों को पाने के साथ गोल इंस्टीट्यूट में मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क तैयारी करने का अवसर पा सकते हैं। गोल इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह बताते हैं कि इस प्रोग्राम में दो चरणों में परीक्षा ली जाती है, प्रथम चरण




में ऑनलाईन परीक्षा होगी जिसे छात्र लैपटॉप, डेस्कटॉप एवं मोबाईल के माध्यम से अपने घरों से दे सकते हैं। करीब छः राज्यों बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, उड़ीसा के हजारों छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होंगे। इस चरण में चयनित स्टूडेंट्स द्वितीय या मुख्य परीक्षा में भाग लेंगे, जो जोन मुख्यालय में ऑफलाईन मोड में आयोजित किया जाता है-

टैलेंटेड स्टूडेंट्स को 100 फीसदी तक स्कॉलरशिप

इन्हीं जोन में मुख्य परीक्षा के साथ सेमिनार का आयोजन किया जाता है, जहां छात्र खुद से संबंधित प्रतियोगिता परीक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हैं, इस सेमिनार में उन्हें उचित दिशा-निर्देश भी दिया जाता है। इस सेमिनार में चयनित छात्रों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। श्री बिपिन सिंह ने कहा कि इसमें वैसे प्रतिभाशाली चयनित छात्र को पुरस्कार के साथ गोल के क्लासरूप कोर्स में 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप दी जाती है, ताकि टैलेंटेड छात्रों की तैयारी में कोई बाधा न आ सके।

**गोल इन्स्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह** ने बताया कि 6ठी से 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे छात्रों को शुरूआती दौर से ही कॉम्पीटीटीव अवेयरनेस के साथ-साथ भविष्य में आने वाले प्रतियोगी परिक्षाओं से रूबरू करवाया जाता है ताकि उनका फंडामेंटल शिक्षा को नए समय के जरूरतों के अनुसार मजबुती दी जा सके जिसके आधारस्तंभ पर छात्र सफलता की नई इमारत खड़ी कर सकें। साथ ही उन्होनें कहा कि हमारी संस्थान ओलंपियाड एवं नेशनल टैलेंट सर्च परीक्षा (एन.टी.एस.ई.) के लिए भी छात्रों को मार्गदर्शन देकर सफलता के लिए प्रेरित करती है।

**जीटीएसइ टॉपर अब आई.आई.टी. व टॉप मेडिकल कॉलेज में**

गोल संस्थान के आर. एण्ड डी. हेड आनन्द वत्स ने बताया कि गोल टैलेंट सर्च एग्जाम में बेहतर करने वाले स्टूडेंट्स आज अच्छे मुकाम पर हैं। डॉक्टर, इंजीनियर, आइएएस, आइपीएस के साथ अन्य प्रतियोगिता परीक्षा में बेहतर कर रहे हैं। कविता कांत (एम्स पटना), शंभु सिंह (आई.आई.टी. मुम्बई), प्रेरणा (लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज), मो. शाकिब (मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज), केशव प्रसुन्न (आई.आई.टी. दिल्ली), शिवांशु सिंह (वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज, दिल्ली) आदि बहुत से छात्र विभिन्न मेडिकल कॉलेज से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। नेशनल टॉपर शंभू कुमार आइ.आइ.टी. मुंबई से बी.टेक. कर रहे है- उनकी सफलता ने गोल टैलेंट सर्च परीक्षा का महत्व सुनिश्चित किया है। शंभू कुमार ने इस सफलता के बाद देश के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेज में अपना नामांकन प्राप्त करने के साथ इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बड़ी सफलता की ओर अपना कदम बढ़ाया है-

**गोल में एडमिशन के लिए कोई दवाब नहीं:**

इस प्रतियोगिता में गोल के कोर्सेस में एडिमशन लेने के लिए कोई दवाब नहीं दिया जाता है, उन्हें अपने कैरियर चुनने की आजादी है। कहीं भी पढ़े, लेकिन उन्हें स्कॉलरशिप दी जाती है। गोल के द्वारा आयोजित सेमिनार में कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाता है। इस टेस्ट में सफल होने वाले स्टूडेंट्स अगर इंजिनियरिंग या मेडिकल की तैयारी करने के लिए गोल में एडमिशन लेते हैं, तो उन्हें विशेष रियायत दी जाती है।

**महत्वपूर्ण जानकारियां**

फार्म भरने की अंतिम तिथिः 20 नवंबर

फॉर्म ऑनलाइनः जीटीएसई डॉट इन पर भरा जा सकता है।

फॉर्म ऑफलाइनः गोल इंस्टीट्यूट के किसी भी ऑफिस में जाकर प्राप्त कर सकते हैं- इसके लिए 200 रुपये शुल्क देना होगा।

प्रारंभिक परीक्षाः 26 नवंबर (ऑनलाइन) छात्र अपने सुविधानुसार मोबाइल एवं लैपटॉप से दे सकते हैं।

मुख्य परीक्षाः 10 दिसंबर (ऑफलाइन) जोन हेडक्वार्टर में पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्णियां, भागलपुर, रांची, धनबाद, देवघर, जमशेदपुर, डाल्टेनगंज, भिलाई, रायपुर, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश एवं उड़ीसा में होगा।

**गोल हेल्पलाईनः 9334594165 / 66 / 67 7564900041 /42 / 43**

## स्पीड न्यूज

### डुमरी उपचुनाव : इंडिया की जीत पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**भंडरा।** डुमरी विधानसभा सीट पर महागठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी जीत की खुशी में शुक्रवार को नवडीहा चौक के समीप झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी के नेतृत्व में लड्डू का वितरण कर जश्न मनाया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई और बधाई दी। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कहा कि डुमरी उप चुनाव में महागठबंधन ने दोबारा अपना सीट को बरकरार रखा। मौके पर झामुमो केप्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, बीस सूत्री सदस्य अब्दुल कुदुस, अमरेश रथे, प्रखंड उपाध्यक्ष तबरेज अंसारी, मीडिया प्रभारी विनोद उरांव, उदरगी पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी, नसीम मिरदहा, एतवा उरांव, सोमरा उरांव, सोनू खान, मुबारक अंसारी, जुल्फान अंसारी, रियाज अंसारी, शंकर उरांव, सुहैल अमीन, रफीक अंसारी व कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### घाघरा के समीप भाजपाइयों की बैठक

**घाघरा।** भारतीय जनता पार्टी का आगामी 19 सितंबर को घाघरा में होने वाले संकल्प यात्रा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को शाम 4:30 बजे भाजपाइयों ने बैठक भाजपा कार्यालय घाघरा में किया। बैठक में भाजपा नेता सीसीएल के डायरेक्टर अरुण उराव भाजपा नेता प्रवीण सिंह मौजूद रहे। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी को लेकर कई चर्चा की गयी। कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भाजपा की नीति और सिद्धांतों को लोगों को बता कर उन्हें समझाते हुए उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही। भाजपा नेता अरुण उरांव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में संकल्प यात्रा का कार्यक्रम को सफल बनाना है। खंभिया के विजय उरांव ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। दोनों नेताओं ने भाजपा की पट्टी पहन सदस्यता ली। मौके पर घाघरा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, गोपाल गोप, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष सोनी, पप्पू गुप्ता, विपिन बिहारी सिंह, भिखारी भगत, भाजपा नेता अशोक उरांव, तिंबू उरांव, अमित ठाकुर, रामनंदन साहू, बबलू अंसारी, अरुंजय सिंह, पंसस सीमा देवी, सालावंती देवी व भाजपाई उपस्थित थे।

### लघु-कुटीर उद्योग के कार्यों की समीक्षा

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में उद्योग विभाग में लघु एवं कुटीर उद्योग के तहत किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। जिसमें गुमला जिला में रोजगार सृजन, आत्मनिर्भरता गुमला व कौशल गुमला के थीम पर कार्य करने से संबंधित बिंदु पर विमर्श किये गये। उपायुक्त ने जिला उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, गुमला एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, गुमला को निर्देश दिया गया कि योजना से बेरोजगार युवक युवतियों को इकाई स्थापित करते हुए गुमला जिला को आत्मनिर्भर बनायें। साथ ही अग्रणी शाखा प्रबंधक एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, गुमला को बैंक लिंकेज करने के भी निर्देश दिये गये। जिला उद्यमी समन्वयक, महाप्रबंधक गुमला को टाटा भ्रमण करते हुए टमाटर कैचअप इकाई की स्टोरेज, सप्लाई, पैकेजिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए जिले में उससे संबंधित इकाई स्थापित करने हेतु योजना तैयार करने को कहा।

### लापरवाह कर्मियों को लगायी फटकार



**चैनपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में फसल राहत योजना एवं आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें हर पंचायत के पंचायत सचिव एवं पीडीएस डीलर से से आयुष्मान कार्ड के केवाइसी और नये लाभुकों की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही जिन पंचायत के कार्य संतोषजनक नहीं मिले, वहां के पंचायत सचिव और डीलर को जमकर फटकार लगाते हुए जल्द कार्य में सुधार लाने को कहा। साथ ही सभी को फसल राहत योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी गरीब किसानों का निबंधन 30 सितंबर तक पूर्ण करने को कहा। मौके पर प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, उपप्रमुख प्रमोद खलखो, सीओ गौतम कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम, एजीएम फूलझरी भगत, जनसेवक, पीडीएस डीलर उपस्थित थे।

### भक्ति से मिलती है शक्ति और मानसिक शांति : डॉ शशिभूषण



**मनातू पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड मनातू के पंचायत मंझौली के ग्राम जसपुर में श्री जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने आयोजन समिति को बतौर सहयोग राशि 15000 रूपये दिया। साथ ही यहां पर अधूरा पड़ा मंदिर में 51000 रुपए का सहयोग राशि प्रदान किया। मौके पर उपस्थित ग्रामीण एवं कमेटी के लोगों ने विधायक के सम्मान में जमकर नारेबाजी की। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि सदियों से शक्ति के लिए भक्ति जरूरी है। भक्ति जागरण कार्यक्रम आपसी समरसता, भाईचारगी और एकता के लिए अत्यंत जरूरी है। यह दो दिलों को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। विधायक ने कहा कि आज छोटी छोटी बातों या स्वार्थ को लेकर आपसी वैमनस्यता बढ़ती जा रही है। भक्ति जागरण कार्यक्रम में सभी लोग अपनी आपसी कटुता को भुलाकर मानसिक शांति प्राप्त करते हैं।

# सरकार को गरीबों की कोई चिंता नहीं : बाबूलाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय डोमचांच के मैदान में भाजपा द्वारा संकल्प यात्रा पहुंची। जहां जनसभा को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि इस सरकार को गरीबों की कोई चिंता नहीं है। सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार और घोटाला करने वालों को बचाने में लगी है। उन्होंने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लगभग चार साल होने के बाद भी राज्य में कोई विकास नहीं हुआ, बल्कि हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, भ्रष्टाचार आदि के क्षेत्र में विकास हुआ है। इनके शासनकाल में अपराधी बेखौफ हैं। उन्होंने अपराधमुक्त झारखंड बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज झारखंड की जनता को निर्माण कार्य और घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहे। सभी नदियों के बालू को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता के दलालों व बिचौलियों को बेचा जा रहा है। साथ ही कहा कि यहां के लोगों का मुख्य व्यवसाय ढिबरा है, उस पर भी पुलिस का पहरा है। उन्होने अर्जुन साव हत्याकांड में शामिल पुलिस कर्मियों को सजा देने की मांग की। वहीं कोडरमा सांसद सह केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हमारे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा में लिये हैं। उन्होंने कहा झारखंड की 81 सीट जीतने का संकल्प लिया। हेमन्त सरकार गरीब विरोधी व भ्रष्टाचार में लिप्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का नाम पूरे विश्व में उंचा हो रहा है, चांद पर तिरंगा फहराने का काम मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि हम अपने मंत्रित्व काल में कोडरमा व डोमचांच का विकास किया। हमारे समय में महिला महाविद्यालय, पानी टंकी, कस्तुरबा विद्यालय सहित कई विकास का कार्य किये गये हैं। वहीं झारखंड की सरकार में युवा ठगा महसूस कर रही है। इस सरकार को जनता से कोई मतलब नहीं है। मौके पर जमुआ विधायक केदार हाजरा, प्रणव वर्मा, भाजपा नेता रमेश सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि वीरेन्द्र प्रसाद मेहता, मुखिया उमेश यादव, सुरेश यादव, जुही दास गुप्ता, रामचंद्र सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवलाल सिंह, भाजपा नेता देवेन्द्र मेहता, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष संगीता सिंहा, अखिल सिंहा, शक्ति सिंह, अशोक मेहता आदि मौजूद थे।

सीएसआर मामलों को लेकर डीसी ने कंपनी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, बोले

# आंगनबाड़ी-विद्यालयों में पानी शौचालय की समस्या दूर करें

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभा कक्ष में किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सीएसआर कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सीएसआर हिंडालको कंपनी अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के विकास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। प्रबंधक हिंडाल्को कंपनी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में शिक्षा, स्वास्थ्य, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण आदि क्षेत्रों में कार्य करने की जानकारी दी गई। इसके अलावा टीबी मरीजों को गोद लेने, बांस कारीगरों के बीच टूल किट वितरण, एंबुलेंस संचालन, स्कूल बस संचलन जैसे कार्य भी सीएसआर मद से किए जा रहें हैं। वहीं सीएसआर मद से कुएं बनाने का भी कार्य किया जा रहा है जिससे पानी की समस्या से लंबे समय तक ग्रामीणों को मुक्ति मिल सके। कंपनी द्वारा एनीमिया एवं कुपोषण मुक्ति हेतु पिछले माह अगस्त में विशुनपुर एवं घाघरा के पाट क्षेत्र के 80 गांव में एनीमिया व कुपोषण जांच शिविर का आयोजन किया था।

**खास बातें :** हिंडाल्को प्रबंधक ने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र के टीवी मरीजों के लिए संचालित पीएम निक्षय पोषण योजना के तहत पिछले तीन माह में कुल 330 मरीजों को चिन्हित किया गया था। कंपनी द्वारा उक्त मरीजों को गोद लेते हुए मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया था। जिसमें करीब 100 मरीज अब स्वस्थ है। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जीएम डीआईसी, एसीएमओ, अंचल अधिकारी विशुनपुर, अंचल अधिकारी घाघरा, हिंडालको लोहरदगा प्रबंधकों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# यह मंत्री बेबी देवी की नहीं, डुमरी की जनता की जीत है : मोजम्मिल अहमद

## झामुमो जिलाध्यक्ष बोले- यह विपक्षी दलों के बड़ बोले का जवाब

- झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने बेबी देवी की जीत पर झारखंड की जनता को बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** डुमरी उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा सह इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी की प्रचंड जीत पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोहरदगा जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र के अलावा पूरे झारखंड वासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह जनता की उम्मीद और प्रेम की जीत है। जनता ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि हमारे आईकॉन युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर झारखंड की जनता पूरी तरह विश्वास करती है। इस जीत के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं का उत्साह और भी बढ़ गया है। इस चुनाव का दूरगामी परिणाम आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

### आने वाले चुनाव में सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन



सीएम के साथ मोजम्मिल।

झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि आने वाले चुनाव में झारखंड के सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी मतों से जीतेंगी। जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरू पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री बेबी देवी समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी शुभचिंतकों और टीम इंडिया गठबंधन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व का सुखद परिणाम है कि आज फिर से डूमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने बेबी देवी को जीत दिलाकर दिखा दिया है। कहा कि आने वाला कल झारखंड की जनता के हित में और भी बेहतर होगा। झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि मिशन 2024 झारखंड फतह के लिए डुमरी उप चुनाव का परिणाम आने से ही मिल गया है।

# कोयला डिपो से 15 टन अवैध कच्चा कोयला लदा ट्रक जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में लिए गए फैसले का तत्वरित असर देखने को मिला। शहर के बीचो-बीच विनोद बिहारी चौक के पास पालनगर में चल रहे अवैध कोयला डिपो पर सदर थाना की टीम ने छापेमारी कर ना सिर्फ डिपो से 15 से 17 टन कच्चा कोयला लदा ट्रक पकड़ा, बल्कि कच्चा कोयला लदा दो ट्रक एवं पांच अन्य कोयले में संलिप्त धंधेबाजों की पहचान कर उनके खिलाफ अवैध कोयला भंडारण एवं व्यवसाय की धारा में प्राथमिकता भी दर्ज कर ली है। एएसआई विनय कुमार सिंह की लिखित शिकायत पर प्राथमिकता दर्ज की गई, सिंह ने कहा है कि फोर्स के साथ बुधवार रात करीब पोने दो बजे अशर्फी अस्पताल नावाडीह में गस्ती के दौरान पूर्व की ओर बारामुडी पहुंचे वहां करीब 7-8 की संख्या में मजदूरों को 14 चक्का ट्रक पर कोयला लोड करते देखा, वहां मुकेश यादव और उदय यादव भी खड़े थे ।पुलिस जब मौके पर पहुंची तो सभी ट्रक छोड़कर भाग गए, पता चला कि पालनगर खटाल के पास रहने वाले मुकेश यादव, उदय यादव के अलावा सरवन यादव, देवराज यादव व राजकुमार यादव अलग-अलग कोयला खदानों से कोयला चोरी करवाते हैं। और इसे वहां से भरकर अन्यत्र भेजते हैं। खबर मंत्र ने मंगलवार को खबर छापा था। जिसका असर हुआ कि प्रशासन ने इस खबर को प्राथमिकता देते हुए,अवैध कोयले के धंधेबाजो के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है।

# भाजमो ने जन सुविधाओं की अव्यवस्था के खिलाफ डीसी ऑफिस पर किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर समेत पूरे जिले में डेंगू और मलेरिया के गंभीर रुप लेने के बाद प्रशासन पर राजनीतिक दबाव बनने लगा है। प्रशासन जहां डेंगू का लार्वा मिलने पर नागरिक संस्थाओं और मकान मालिकों पर ही जुर्माना ठोक कर पीठ थपथपा रहा है जबकि उसे बड़े स्तर पर सफाई एवं मच्छररोधी फॉगिंग एवं छिड़काव करना चाहिए। फिलहाल, भारतीय जनतंत्र मोर्चा भाजमो पहली राजनीतिक पार्टी है जिसने जन सुविधाओं के क्षेत्र में फैली अव्यवस्था के खिलाफ जिला मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों से सैकड़ो की संख्या में महिला, युवा, वरिष्ठजनों ने हाथ में तख्ती, बैनर लेकर साकची पुराना किताब गोलचक्कर से प्रारंभ कर पैदल मार्च करते हुए साकची बंगाल क्लब होते हुए जुबली पार्क गोलचक्कर से उपायुक्त कार्यालय तक कुच किया. हजारों-हजार की संख्या मे आई जमशेदपुर की जनता ने शहर में जन-सुविधाओं के घोर अभाव और इस कारण शहर में विकराल रूप धारण कर चुके डेंगू, मलेरिया, वाइरल फीवर के खिलाफ जन- आक्रोश व्यक्त किया और उपायुक्त कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल किया। इस दौरान लोगो ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ जमकर नारे लगाए और राज्य व जिले में अपाहिज हो चुकी स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए के लिए पूणतः जिम्मेवार मंत्री बन्ना गुप्ता की इस्तीफे की मांग की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली संकल्प यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा की संकल्प यात्रा सभा के निमित्त बोकारो जिला भाजपा की बैठक बोकारो विधायक के आवासीय कार्यालय में जिलाध्यक्ष भरत यादव की अध्यक्षता व जिला महामंत्री संजय त्यागी के संचालन में हुई। उतरी छोटानागपुर कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्र ने कहा कि आगामी 29 सितंबर को बोकारो विधानसभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होना है। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सभा में भाग को लेकर सभी नौ मंडलों के कार्यकताओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। जिलाध्यक्ष भरत यादव ने कार्यकताओं को मेरी माटी मेरा देश के निमित्त हर गांव से मिट्टी संग्रह करने एवं बूथ स्तर पर विद्यालय व मंदिरों में पौधरोपण का निर्देश दिया।

# गिरे हुए ग्यारह हजार विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत, आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के छेचा पंचायत अंतर्गत टिकवा टोला में बीती रात अपनी सास के दशकर्म से लौट रहे अमाही निवासी अनेश राम की मौत 11 हजार वोल्ट के गिरे हुए तार की चपेट में आने से हो गई। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार मृतक बीती रात अपने सास के मौत के बाद दशकर्म में शामिल होकर अपने घर लौट रहा था। जहां खेल मैदान में बिजली का तार गिरा हुआ था। जिसे वह अंधेरे में देख नहीं पाया और उसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार की अहले सुबह घटनास्थल पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ हो गई।जहाँ विद्युत विभाग के प्रति ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखा गया। वहीं घटना की सूचना के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी परिवार के लोगों के साथ-साथ उपस्थित लोगों से ली। प्रखंड विकास प्राधिकारी राकेश सहाय और थाना प्रभारी के द्वारा घटना पर दुख जाहिर करते हुए पीड़ित परिवार के साथ न्याय दिलाने और सरकार के प्रावधान के अनुसार सभी सुविधाओं का लाभ देने का आश्वासन दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के पहुंचने के कई घंटे के बाद विद्युत विभाग के कनीय अभियंता वीरेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्हें ग्रामीणों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ा। जहां ग्रामीणों की मांग और प्रखंड प्रशासन की पहल के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा लिखित रूप से पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपए मुआवजा देने और मृतक की पत्नी को अनुबंध के आधार पर विद्युत विभाग में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया गया। वहीं दाह संस्कार को लेकर भी विभाग के साथ-साथ बीडीओ राकेश सहाय के द्वारा भी पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिया गया। जहां मौके पर उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, युवा नेता विजय बहादुर सिंह, यूथ कांग्रेस के नेता लक्ष्मण सिंह व सुजीत कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# चतरा पुलिस झपट्टामार गिरोह का किया खुलासा, 6 लुटेरे गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत संघरी बाजार से विगत 4 सितंबर को हुए ज्वेलरी लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी राकेश रंजन द्वारा एसडीपीओ अविनाश कुमार और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय केदारनाथ राम के संयुक्त नेतृत्व में एसआईटी गठित कर वशिष्ठनगर जोरी और हंटरगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम को कार्रवाई का निर्देश दिया था। जिसके बाद एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 तस्करों को लूट के करीब 4 किलो सोना-चांदी के आभूषण के साथ धर दबोचा है। गिरोह के तस्करों की गिरफ्तारी बिहार के गया रेलवे स्टेशन के समीप से हुई है। अभियान में हंटरगंज पुलिस निरीक्षक प्रमोद पांडेय के अलावे थाना प्रभारी सनोज चौधरी व वशिष्ठनगर थाना प्रभारी गुलाम सरवर समेत अधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। गिरफ्तार सभी लुटेरे उड़ीसा व बंगाल के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। वशिष्ठनगर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि विगत 4 सितंबर को घंघरी चौक के समीप संचालित भद्रकाली ज्वेलर्स के मालिक संदीप कुमार से झपट्टा मारकर लुटेरों ने ज्वेलरी से भरा बैग लूट लिया था। बैग लूटने के बाद बाइक सवार लुटेरे बिहार की ओर भाग गए थे। इसके बाद भुक्तभोगी ने स्थानीय थाना को घटना की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के द्वारा एसडीपीओ व डीएसपी मुख्यालय के संयुक्त नेतृत्व में हंटरगंज और जोरी थाना पुलिस की एसआईटी बनाकर लूट में शामिल लुटेरों की गिरफ्तारी और लूट का सामान बरामद करने का निर्देश मिला था।

शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों ने काला बिल्ला लगा किया विरोध

# प्रोफेसर सहित पांच पर केस दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



काला बिल्ला लगा विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी।

**सिंदरी।** सिंदरी कॉलेज में छात्रा से प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्यार की मिठाई माँगने और अन्य लोगों द्वारा शिक्षक से मारपीट मामले में छात्रा और प्रोफेसर की लिखित शिकायत पर सिंदरी पुलिस ने गुरुवार की देर रात केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी ओर सिंदरी कॉलेज की महिला सेल सहित शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने कॉलेज परिसर को असुरक्षित बताते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया है। सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर प्रो सुरेंद्र कुमार पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 85/23 दर्ज किया गया है। वहीं प्रो सुरेंद्र कुमार की लिखित शिकायत पर बजरंग दल विहिप जिला महामंत्री सोनू गिरी, रॉनी सिंह, रंजीत निषाद और छात्रा के पिता सुधीर कुमार पर अपमान करने और धक्का मुक्की करने का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 86/23 दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि कांड दर्ज कर जाँच की प्रक्रिया चल रही है। सिंदरी कॉलेज के प्राचार्य डॉ कमलाकांत पाठक द्वारा गठित महिला सेल एवं यौन उत्पीड़न निवारण समिति अभी जाँच कर रही है। समिति ने बताया कि अभी तक छात्रा और उनके परिजनों, प्रो सुरेंद्र कुमार, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित कुल 8 लोगों का लिखित बयान दर्ज किया गया है।

## पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ गोल्फ खेलते दिखे धोनी



**नयी दिल्ली।** मौजूदा यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट में टेनिस मैच का आनंद लेने के एक दिन बाद भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ गोल्फ खेलते देखा गया। दुबई स्थित उद्यमी हितेश सांघवी ने न्यू जर्सी में ट्रम्प नेशनल गोल्फ क्लब बेडमिंस्टर में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ गोल्फ खेल रहे धोनी की एक तस्वीर साझा की। संघवी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा- महेंद्र सिंह धोनी, डोनाल्ड ट्रंप और राजीव के साथ गोल्फ। हमारी मेजबानी करने के लिए धन्यवाद राष्ट्रपति महोदय।

# रोहित के लिए सिरदर्द बनेगा प्लेइंग इलेवन का चयन, पाक के खिलाफ मैच से पहले बढ़ गयी टेंशन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एशिया कप में सुपर-4 के मुकाबले शुरू हो चुके हैं। अब 10 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला होगा। इस मैच के लिए प्लेइंग इलेवन का चयन कप्तान रोहित शर्मा के लिए बिल्कुल भी आसान नहीं होने वाला है। पाक के खिलाफ मैच से पहले भारतीय खेमे में टेंशन बढ़ गई है। पाक के खिलाफ मैच से पहले जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया के साथ जुड़ गए हैं। वहीं केएल राहुल भी पूरी तरह से फिट हैं। ऐसे में अब राहुल और ईशान किशन में किसे खिलाया जाए, ये सबसे बड़ा सवाल है। साथ ही बुमराह की वापसी पर शमी और शार्दुल में किसे बाहर किया जाए, ये भी सिरदर्द बढ़ाने वाला सवाल है। केएल राहुल फिटनेस टेस्ट पास कर श्रीलंका में टीम इंडिया के साथ जुड़ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले उन्होंने टीम के साथ जमकर अभ्यास भी किया। उनकी जगह खेलने वाले ईशान किशन ने पाकिस्तान के खिलाफ 82 रनों की पारी खेली थी। वह वनडे में लगातार चार अर्धशतक लगा चुके हैं। ऐसे में ईशान किशन और केएल राहुल में से किसी एक को चुनना कप्तान रोहित के लिए बिल्कुल भी आसान नहीं होगा। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह भी पाक के खिलाफ मैच से पहले टीम के साथ जुड़ गए हैं। अब बुमराह की वापसी होगी तो शमी या शार्दुल में से किसी एक को बाहर जाना होगा। 2023 एशिया कप के लीग स्टेज में कप्तान रोहित ने बुमराह और सिराज के साथ शार्दुल को प्लेइंग इलेवन में जगह दी थी, वहीं शमी को बेंच पर बैठना पड़ा था। ऐसे में देखने वाली बात यह होगी कि रोहित इस बार क्या फैसला लेते हैं।



### ईशान किशन



लीग स्टेज में जब भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने थीं तो शाहीन अफरीदी के सामने रोहित शर्मा और विराट कोहली का बल्ला खामोश रहा था। वहीं हारिस रऊफ ने शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर को भी सस्ते में निपटा दिया था। इसके बाद ईशान किशन ने बेखौफ बल्लेबाजी करते हुए टीम की वापसी कराई थी। किशन ने 82 रनों की शानदार पारी खेली। एक बार फिर ईशान किशन पाकिस्तान के लिए मुसीबत खड़ी कर सकते हैं।

### एसीसी ने की भारत-पाक मुकाबले के लिए रिजर्व डे की घोषणा

**कोलंबो।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने भारत और पाकिस्तान के बीच 10 सितंबर को यहां खेले जाने वाले सुपर फोर चरण के मैच के लिए एक आरक्षित दिन की घोषणा की है। एसीसी के अनुसार, यदि भारत और पाकिस्तान के मैच के दौरान प्रतिकूल मौसम के कारण खेल रुकता है, तो मैच 11 सितंबर को वहीं से शुरू होगा, जहां से रोका गया था। ऐसी स्थिति में, टिकट धारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने मैच टिकट अपने पास रखें जो वैध रहेंगे और आरक्षित दिन के लिए उपयोग किये जायेंगे। इससे पहले, एशिया कप फाइनल में केवल रिजर्व डे था, लेकिन भारत और पाकिस्तान मैच के लिए भी अब रिजर्व डे रख दिया गया है। सुपर फोर चरण में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद भारत का अगला निर्धारित मैच 12 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया और दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटना पड़ा। हार्दिक पांड्या के 87 और ईशान किशन के 82 रनों की मदद से भारतीय टीम 48.5 ओवर में 266 रन पर ढेर हो गई थी। हालाँकि, इसके बाद बारिश ने खलल डाला और पाकिस्तान को एक भी गेंद का सामना किए बिना मैच रद्द कर दिया गया। अगले सप्ताह कोलंबो में भी बारिश की भविष्यवाणी के साथ, टूनार्मेंट का आधिकारिक मेजबान पीसीबी, कोलंबो मैचों को हंबनटोटा में स्थानांतरित करने की योजना पर था, लेकिन अंततः, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने हितधारकों को एक मेल भेजा।



### हार्दिक पांड्या

टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाते हैं। लेकिन हार्दिक जरूरत पड़ने पर अपने खेल में बदलाव भी कर सकते हैं। 2023 एशिया कप के लीग स्टेज में पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने ऐसा ही करके दिखाया था। जब टीम के 4 विकेट जल्द गिर गए थे तो हार्दिक ने संयम से बल्लेबाजी की और जब टीम अच्छी स्थिति में पहुंच गई तब ही बड़े शॉट्स खेले। पाक के खिलाफ हार्दिक ने 87 रनों की शानदार पारी खेली थी।

### विराट कोहली

भले ही लीग स्टेज में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली का बल्ला नहीं चला था, लेकिन यह खिलाड़ी कभी भी अकेले दम पर टीम को जीत दिला सकता है। सभी जानते हैं कि विराट कोहली बड़े मैच के प्लेयर हैं। ऐसे में सुपर-4 में वह अकेले पाकिस्तान के खिलाफ जीत दिला सकते हैं। इससे पहले भी विराट कोहली कई बार पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया को जीत दिल चुके हैं।

## शाहीन अभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजः अख्तर



**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा कि शाहीन शाह अफरीदी मौजूदा समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक है। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण दुनिया में बेहतरीन है। एशिया कप और आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में अख्तर ने शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ की पाकिस्तान पेस बैटरी तिकड़ी की प्रशंसा करते हुये कहा जाहिर है, ये युवा बहुत-बहुत प्रतिभाशाली हैं। मुझे बहुत खुशी है कि पाकिस्तान बार-बार ऐसे तेज गेंदबाज पैदा करने में सक्षम है। मुझे नहीं पता कि इसका कारण क्या है। पहले पंजाब से बहुत तेज गेंदबाज हुआ करते थे। अब एक रावलपिंडी से है और दो पठान हैं। यह पेस बैटरी पुराने दिनों की याद दिलाती है।

## सचिन तेंदुलकर को मिला क्रिकेट विश्व कप का 'गोल्डन टिकट'



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले भारत के महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को 'गोल्डन टिकट' प्रदान किया। विश्व कप भारत में 5 अक्टूबर से आयोजित होना है। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम टूनार्मेंट के उद्घाटन और फाइनल की मेजबानी करेगा। इस आयोजन में 46 दिनों में 48 मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआइ ने अपने एक्स हैंडल पर सचिन तेंदुलकर के साथ जय शाह की एक तस्वीर साझा की, जिसमें उन्हें बीसीसीआइ के 'गोल्डन टिकट फॉर इंडिया आइकॉन्स' कार्यक्रम के एक भाग के रूप में 'गोल्डन टिकट' दिया गया। 'क्रिकेट और राष्ट्र के लिए एक गौरवमर्य पल। बीसीसीआई के सचिव @JayShah ने भारत रत्न @sachin_rt को गोल्डन टिकट प्रदान किया। राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक सचिन तेंदुलकर की यात्रा ने पीढ़ियों को प्रेरित किया है। अब वह इसका हिस्सा बनेंगे। बता दें कि जय शाह ने मंगलवार को प्रतिष्ठित बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन को भी यह विशेष 'गोल्डन टिकट' प्रदान किया था।

## किसी को असल सच्चाई पता करनी चाहिए एशिया कप स्थल विवाद पर बोले गावस्कर

एजेंसी



**कोलंबो।** भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर चाहते हैं कि एशिया कप के 'सुपर 4' मैच को कोलंबो से हटाकर हम्बनटोटा में नहीं कराने के पीछे की सच्चाई का पता लगाना चाहिए और उनका मानना है कि कभी-कभार खिलाड़ियों को भी सभी अहम पहलुओं को समझने की जरूरत होती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एशिया कप की मेजबानी 'हाइब्रिड मॉडल' से कर रहा है जिसमें भारत अपने सभी मैच श्रीलंका में खेल रहा है क्योंकि उसने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। कोलंबो में पूरे हफ्ते भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है जिससे ऐसी चर्चा चल रही थी कि मैचों को कोलंबो से हटाकर हम्बनटोटा कराया जाएगा लेकिन एशियाई क्रिकेट परिषद ने अपना मूल कार्यक्रम ही बरकरार रखा है। गावस्कर ने कहा कि किसी को सच्चाई पता करनी चाहिए। क्रिकेट के पहलू से ऐसा दिख रहा है कि शायद वो खिलाड़ी ही हैं जो हम्बनटोटा नहीं जाना चाहते थे। उन्होंने कहा- इसलिए प्रशासकों को यह जानते हुए भी कि कोलंबो में मौसम काफी खराब हो सकता है, अंतिम क्षण में बदलकर इसे हम्बनटोटा से कोलंबो में करना पड़ा। लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान ने स्पष्ट किया कि वह किसी एक विशेष देश के खिलाड़ियों पर ही ऊंगली नहीं उठा रहे। उन्होंने कहा कि जब मैं खिलाड़ी कह रहा हूं तो मेरा मतलब किसी एक टीम के खिलाड़ी से नहीं है लेकिन सभी टीम के खिलाड़ियों से हैं जिन्हें वहां खेलना था। गावस्कर ने प्रशासकों से भी सहानुभूति जताई क्योंकि उन्हें खेल प्रशंसकों की आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है जो खराब मौसम के कारण अपनी पसंदीदा टीम के बीच रोमांचक क्रिकेट नहीं देख पा रहे। उन्होंने कहा कि प्रशासकों पर ऊंगली उठाना आसान है और उन्हें आसानी से बलि का बकरा बनाया जा सकता है। इसलिए यह पता लगाना वास्तव में महत्वपूर्ण है कि कोलंबो की मौसम भविष्यवाणी को जानते हुए भी हम्बनटोटा में मैच क्यों नहीं कराए गए।

### विश्व कप के लिए मैच आफिसियल्स की सूची जारी

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लीग राउंड के लिए 20 मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। टूनार्मेंट के 13वें संस्करण में सोलह अंपायर अंपायरिंग करेंगे, जिसमें आईसीसी के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं। अंपायरों में क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरास्मस, क्रिस गैफनी, माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रजा, पॉल रिफेल, शरफुद्दौला इब्ने शैद, रॉड टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और पॉल विल्सन शामिल हैं।

### सुपर फोर में आज होगा बांग्लादेश-श्रीलंका का मुकाबला

**कोलंबो।** दो दिनों के संक्षिप्त अंतराल के बाद, बहुप्रतीक्षित एशिया कप 2023 सुपर फोर चरण में शनिवार को बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच दिलचस्प मुकाबला खेला जायेगा। आर प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले मैच को बांग्लादेश जीतने की कड़े इरादे के साथ मैदान पर उतरेगा जबकि श्रीलंका सुपर फोर चरण की शुरूआत जीत के साथ करने के लिये पूरी ताकत झोंक देगी। टूनार्मेंट के ग्रुप चरण में श्रीलंका ने बांग्लादेश को हराया था जबकि बुधवार को सुपर फोर के पहले मैच में बांग्लादेश मेजबान पाकिस्तान से भी हार गया था।

### बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी फाइनल में

**न्यूयार्क।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी ने शुक्रवार को अमेरिकी ओपन 2023 टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में फ्रांस के निकोलस माहुत और पियरे ह्यूगस हर्बर्ट को सीधे सेटों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में छठी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने एक घंटे और 34 मिनट तक चले मैच में 7-6(7-3), 6-2 से जीत हासिल की।

## एशियाई खेलों से पहले आत्मविश्वास से लबरेज हैं हॉकी फारवर्ड गुरजंट सिंह

एजेंसी

**बेंगलुरु।** 19वें एशियाई खेल हांग्जो 2022 के लिए 18 सदस्यीय टीम में जगह बनाने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंट सिंह अपने कौशल से प्रभाव छोड़ना चाहते हैं। 28 वर्षीय फारवर्ड जिन्होंने 2017 में टेस्ट सीरीज के दौरान बेल्जियम के खिलाफ अपनी सीनियर टीम की शुरूआत की थी, चोट के कारण एशियाई खेलों के पिछले संस्करण से चूक गए थे। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में गुरजंट की यह पहली उपस्थिति होगी। भारत की वर्तमान फॉरवर्ड लाइन के मुख्य आधारों में से एक, गुरजंट को उनके चचेरे भाई ने हॉकी से परिचित कराया था, जो उनके जन्मस्थान अमृतसर, पंजाब से लगभग 40 किमी दूर बटाला में रहते थे। उन्होंने भारत को लखनऊ में 2016 एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप जीतने में मदद करने से पहले चंडीगढ़ हॉकी अकादमी में अपने कौशल को निखारा। उन्होंने भारतीय टीम की यादगार जीतों में योगदान दिया, जिसमें टोक्यो 2020 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतना, एफआईएच प्रो लीग 2022/23 में तीसरा स्थान हासिल करना, राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतना हाल ही में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 जीतना शामिल है। आगामी एशियाई खेलों में अपनी भूमिका के बारे में बोलते हुए फारवर्ड ने कहा कि यह अब तक एक अद्भुत यात्रा रही है। मुझे



हमेशा अपने साथियों से समर्थन मिला है और मैं इसके लिए वास्तव में आभारी हूं। मैं काफी समय से टीम का हिस्सा हूं। अभी कुछ समय हो गया है और मैं पिछले कुछ वर्षों में एक खिलाड़ी के रूप में विकसित हुआ हूं और बहुत कुछ सीखा है। एशियाई खेलों में मेरी भूमिका अलग होगी, यह उस स्वामित्व को लेने के बारे में होगी और मेरा ध्यान अपने फिनिशिंग कौशल को क्रियान्वित करने पर होगा। बता दें कि भारत को पूल ए में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। वे 24 सितंबर, 2023 को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने एशियाई खेलों के अभियान की शुरूआत करेंगे।

### सैफ अंडर-16: मालदीव को 8-0 से रौंद कर शान से फाइनल में पहुंचा भारत

**थिम्पू।** सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को मालदीव को 8-0 से हरा कर भारत ने शान के साथ फाइनल में प्रवेश किया। चांगलिमिथांग स्टेडियम में भारतीयों ने शानदार खेल दिखाया और गेंद ज्यादातर समय भारतीयों के कब्जे में रही। मोहम्मद अरबाश और एबोरलांग खारथंगमॉ के अलावा विशाल यादव, मोहम्मद कैफ, लेविस जांगमिनलुन और मानभाकुपर मलंगियांग ने एक-एक गोल किया। हाफ टाइम तक भारत 2-0 से आगे था जबकि दूसरे हाफ में उसने आधा दर्जन गोल दागे।

### प्रो कबड्डी लीग सीजन-10 के लिये प्लेयर ऑक्शन नौ अक्टूबर से

**मुंबई।** एशियाई खेलों के कारण प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन-10 के लिये अब खिलाड़ियों की नीलामी नौ और 10 अक्टूबर को मुंबई में होगी। मशाल स्पोर्ट्स ने पहले 8-9 सितंबर को पीकेएल सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी कराने का फैसला किया था। इस महीने के अंत में शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय कबड्डी टीम तैयारियां जारी हैं और इसे देखते हुए एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) के अनुरोध पर नीलामी को अगली तारीख तक स्थगित कर दिया गया।

### विश्व कप में चैंपियन बनने की चाहत में स्टोक्स ने पलटा था सन्यास का फैसला



**लंदन।** हाल ही में एक दिवसीय क्रिकेट से सन्यास के फैसले को पलटने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा कि अपनी टीम को लगातार दूसरी बार विश्व विजेता बनाने की ख्वाईश में उन्होने यह कदम उठाया था। आइसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टार ऑलराउंडर ने हाल ही में अपने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए एकदिवसीय मैच से सन्यास की घोषणा की थी मगर कुछ ही समय बाद उन्होंने अपना मन बदल लिया। स्टोक्स को इंग्लैंड की विश्व कप क्रिकेट के लिये चुनी गयी टीम में रखा गया है।

## यूरो 2024 क्वालीफाइंग: फ्रांस, नीदरलैंड, पोलैंड ने दर्ज की जीत



एजेंसी

**पेरिस।** फ्रांस ने गुरुवार रात यूरो 2024 क्वालीफायर में आयरलैंड पर 2-0 से जीत दर्ज की, जबकि नीदरलैंड ने ग्रीस को 3-0 से हराया। फ्रांस अपने सभी पांच मैच जीतकर 15 अंकों के साथ ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। आयरलैंड पर इस जीत में फ्रांस के लिए ऑरेलियन टचौमेनी (19वें मिनट) और मार्कस थुरम (48वें मिनट) ने गोल किये। वहीं, नीदरलैंड्स के तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। नीदरलैंड के लिए मैच में मार्टन डी रून (17वें मिनट), कोडी गाकपो (31वें मिनट) और वाउट वेघोर्स्ट (39वें मिनट) ने गोल किये। ग्रुप ई में अल्बानिया (सात अंक) ने ग्रुप टॉपर्स चेक गणराज्य (आठ अंक) के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलकर अपनी चुनौती बरकरार रखी। चेक ने 56वें मिनट में वेक्लाव सेर्नी के गोल से बढ़त बना ली थी लेकिन नेदिम बजरामी ने 10 मिनट बाद गोल कर अल्बानिया को बराबरी दिला दी। ग्रुप ई के अन्य मैच में पोलैंड (छह अंक और तीसरे नंबर पर) ने फरो आइलैंड्स (एक अंक और सबसे निचले स्थान पर) को 2-0 से हराया। पोलैंड के लिए रॉबर्ट लेवांडावस्की ने दो गोल किए, उन्होंने पहला गोल 73वें मिनट में पेनल्टी स्ट्राइक से और फिर दूसरा गोल 83वें मिनट में किया। ग्रुप जी के मैच में हंगरी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सर्बिया को 2-1 से हरा दिया और ग्रुप के शीर्ष पर तीन अंकों की बढ़त बना ली। लिथुआनिया (2 अंक और चौथे स्थान पर) ने मोंटेनेग्रो (चार अंक और तीसरे स्थान पर) के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला। लिथुआनिया के लिए निकोला क्रस्टोविक (71 वें मिनट) और स्टीफन सैविक (89 वें मिनट) ने गोल किया, जबकि मोंटेनेग्रो के लिए फेडर सेर्निच ने गोल किया। डेनमार्क (10 अंक और दूसरे स्थान पर) ने सैन मैरिनो (बिना किसी अंक के सबसे नीचे) पर 4-0 से जीत हासिल की। यूरो 2024 अगले साल जून से जुलाई तक होगा। क्वालीफायर प्रक्रिया जारी है जिसके माध्यम से जर्मनी में स्वचालित रूप से योग्य मेजबानों के अलावा बाकी 23 प्रतिभागियों का निर्धारण किया जाएगा। पांच-पांच टीमों के 10 समूह हैं, जिनमें से प्रत्येक समूह में शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करेंगी। मार्च 2024 से प्लेऑफ के माध्यम से तीन और टीमों की पुष्टि की जाएगी।



### लियोनेल मेस्सी ने फ्री किक पर गोल करके अर्जेंटीना को दिलायी जीत



**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** लियोनेल मेस्सी के दूसरे हाफ में फ्री किक पर किए गए गोल की मदद से विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने पहले मैच में इक्वाडोर को 1-0 से हराया। अर्जेंटीना के 36 वर्षीय कप्तान ने लगभग 83 हजार दर्शकों के सामने 78वें मिनट में यह महत्वपूर्ण गोल किया जिससे उनकी टीम अपने अभियान का जीत से शुरूआत करने में सफल रही। मेस्सी का यह 176 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 104वां गोल है। विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों में यह उनका 29वां गोल है जिससे उन्होंने उरूग्वे के लुई सुआरेज के रिकॉर्ड की बराबरी की। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग के अन्य मैचों में कोलंबिया ने राफेल सैंटोस बोर्रे के 46वें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से वेनेजुएला को 1-0 से हराया। पराग्वे और पेरू के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा।

# बिहार में नीतीश कैबिनेट के विस्तार पर उठने लगे सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में नीतीश कैबिनेट के विस्तार की खबरें लगातार आती रही हैं। कांग्रेस के दो मंत्री बनाए जाने को लेकर काफी चर्चा होती रही है। बीते 23 जून को जब विपक्षी दलों की बैठक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बिहार पहुंचे थे तो उन्होंने भी इसको लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात की थी। लेकिन, लगभग दो महीने होने को हैं, लेकिन कैबिनेट विस्तार को लेकर कोई चर्चा नहीं। बता दें कि इंडिया गठबंधन बनाने को लेकर नीतीश कुमार की अगुआई में जब 23 जून को पहली बैठक पटना में हो रही थी उस समय कैबिनेट विस्तार की चर्चा तेज हो गई थी। तब राहुल गांधी ने खुद नीतीश कुमार से बिहार के कैबिनेट विस्तार में कांग्रेस को दो मंत्री पद दिए जाने की बात कही थी। नीतीश कुमार ने भी इसको लेकर हामी भरी थी। बताया जाता है कि तब सीएम नीतीश ने राहुल गांधी से यह पूछा था कि किनको लेना है, नाम बताइए। इसके तत्काल बाद नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव के पाले में गेंद डालते हुए तेजस्वी को निर्णय लेने की बात कही थी। लेकिन जैसे-जैसे गठबंधन की बात आगे बढ़ने



लगी और नीतीश कुमार को इस गठबंधन में कोई बड़ी भूमिका नहीं मिली तो इसके बाद तो अब कैबिनेट विस्तार पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं। गौरतलब है कि बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने एक सप्ताह के भीतर ही कैबिनेट विस्तार होने का दावा किया था, लेकिन नीतीश कुमार फिलहाल चुप हैं। जानकार बताते हैं कि, इंडिया गठबंधन में जिस तरह से नीतीश कुमार के कद को एक तरह से कम कर दिया गया है, अब इसका साइड इफेक्ट बिहार महागठबंधन में दिख रहा है। बता दें कि तमाम विपक्षी दलों को एकजुट करने को लेकर नीतीश कुमार ने बड़ी भूमिका निभाई है। देशभर के तमाम नेताओं से जाकर मिले और पटना में बैठक कर इसकी शुरूआत हुई। जानकारों के मुताबिक, जदयू और नीतीश कुमार इस बात से आश्वस्त थे कि गठबंधन बनने के बाद कन्वेनर या फिर विपक्ष के चेहरे के रूप में सहमति बनेगी। लेकिन, कर्नाटक और मुंबई बैठक में गठबंधन के रूपरेखा पर बात हुई पर नीतीश कुमार को कोई ठोस भूमिका को लेकर सहमति नहीं बनी। कांग्रेस ने भी इसे लेकर कोई ठोस पहल की हो ऐसा भी नहीं हुआ। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इंडिया गठबंधन से नीतीश कुमार को मिले झटके का असर कैबिनेट विस्तार पर देखा जा रहा है और अब कैबिनेट विस्तार कब होगा इसकी संभावना पर भी सवाल खड़े होने लगे है।

## स्पीड न्यूज

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**गोड्डा।** बसंतराय थाना अंतर्गत जगत पुर में दो मोटर साइकिल की भिड़ंत में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना बसंतराय थाना प्रभारी विनीत कुमार को मिली वो अपने सहकर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और खुद उनकी प्राथमिक चिकित्सा में भिड़ गए और प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हॉस्पिटल भेज दिया गया। इस तरह की घटनाओं में पुलिस की मानवीय संवेदना और सहायता से जनता की नजरों में पुलिस की छवि सकारामक होती है और लोग उनसे जुड़ने लगते हैं। पहले भी कई घटनाओं में थाना प्रभारी ने मानवीय संवेदना को दशार्ते हुए निजी तौर पर उनकी सहायता कर पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल भेजा है।

### कुरूलिया व लांडुपदा विद्युत उपकेंद्र का हुआ उद्घाटन

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित लांडुपदा एवं कुरूलिया विद्युत उपकेंद्र का शुक्रवार को विधिवत उद्घाटन हो गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुवा में आयोजित कार्यक्रम में आनलाइन उद्घाटन किया। कुरूलिया व लांडुपदा विद्युत उपकेंद्र का उद्घाटन हो जाने से चक्रधरपुर विस क्षेत्र के दर्जनों पंचायत समेत सैकड़ों गांवों का बेहतर बिजली सुविधा मिलेगी। उद्घाटन के मौके पर दोनों विद्युत उपकेंद्र में विभाग के सहायक अभियंता भामा पद टुडू, कनीय अभियंता अजय हंस आदि कर्मी उपस्थित रहे।

### गंगटाखुर्द मुहल्ले के 20 नंबर वार्ड में हुई चोरी

**गोड्डा।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगटा खुर्द 20नंबर वार्ड के मो० सुनीता देवी के घर बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर के सभी सदस्य रात्रि में खाना पीना खाकर सोए थे और रात में ही चोरों ने उनके घर में चोरी कर ली ।जिसमे उनके कुछ जेवर कुछ रुपए और एटीएम कार्ड चेकबुक आधार कार्ड मोबाइल जिसमे सीम लगी थी आदि चुरा लिया। सुबह नींद खुलने पर देखा तो आलमिरा खुली थी और चोरों ने सब गायब कर दिया। इस संबंध में नगर थाने में एक शिकायत दर्ज करा दी गई है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को होगा। लोक अदालत का आयोजन नालसा, दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय परिसर के न्याय सदन में आयोजित होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल केसेस, एनआई एक्ट, केसीसी, एमएसीटी एक्ट, फैमिली कोर्ट केस, लेबर एक्ट, सिविल केस, बैंक रिकवरी केस, इलेक्ट्रिसिटी केस, फॉरेस्ट केस, एक्साईज केस आदि संबंधित मामलों का निष्पादन होगा।

### ‘नक्सलियों ने की सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान की हत्या

**चक्रधरपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन से ठीक कुद घंटे पूर्व नक्सलियों ने एक सेवानिवृत बीएसएफ जवान की हत्या कर दी। यह घटना चक्रधरपुर अनुमंडल के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के काशीजोड़ा गांव की है। इस प्रकार माह भर में नक्सलियों ने अब तक छह ग्रामीणों को मार डाला है। नक्सलियों ने इस बार सेवानिवृत्त बीएसएफ के जवान की गोली मारकर हत्या कर दी। नक्सलियों ने हत्या के बाद सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान सुखलाल पूर्ति के शव को गोइलकेरा–चाईबासा सड़क पर लाकर रख दिया। घटना गुरूवार रात आठ बजे की बताई जा रही है। जानकारी मिली है कि नक्सली दर्जनों की हथियारबंद होकर सुखलाल पूर्ति के घर पहुंचे। नक्सली सुखलाल पूर्ति के घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और उसे गोली मार दी। हत्या के बाद नक्सलियों ने पर्चा छोड़कर सुखलाल पूर्ति पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया है। बता दें कि कोल्हान जंगल में जब से सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का बड़ा कैम्प ध्वस्त किया है तब से नक्सली काफी आक्रामक और हिंसक हो गए हैं। नक्सली लगातार आम लोगों को निशाना बना रहे हैं।

## झामुमो प्रत्याशी की जीत पर कार्यकर्ताओं ने खुशियां मनाते हुए बांटे लड्डू



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज कारगिल चौक पर झामुमो कार्यकताओं ने एकत्रित होकर सन्ध्या 5 बजे झारखंड मुक्ति मोर्चा की डुमरी से प्रत्याशी बेबी देवी की बड़े अंतर से जीत के खुशी में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ज़िला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन के नेतृत्व में जीत का जश्न भव्य अन्दाज में ज़िला मुख्यालय कारगिल चौक पे मनाया। ये जीत डुमरी चुनाव की जानता ने संपूर्ण झारखंड वासियों को ये संवाद देने का काम किया है के हेमंत सरकार में गाँव, गरीब, किसान, सरकारी नौकरशाह, विद्यार्थी एवम् बच्चों बुढ़ो का विकाश कार्यों पर सहमति का जनता ने मुहर लगाकर आने वाले २०२४ के चुनाव में झारखंड में हेमंत सोरेन और दिल्ली की गद्दी के लिए इंडिया गठबंधन को अपना पूर्ण समर्थन देगी। सभी इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने अति उत्साहित होकर हेमंत सोरेन ज़िंदाबाद, वीर शिबू ज़िंदाबाद, सोनिया-राहुल ज़िंदाबाद, लालू-राबड़ी ज़िंदाबाद, इंडिया गठबंधन ज़िंदाबाद, स्वर्गीय जगन्नाथ महतो अमर रहे का नारा लगाते हुए समस्त कारगिल चौक को रंग गुलाल से भर दिया। एक दूसरे को कार्यकताओं ने रंग गुलाल लगाते हुए आतिशबाजी की साथ ही उपस्थित सभी लोगों, राहगीर, दुकानदारों, रिक्सा चालकों मजदुरों को लड्डू-रसगुल्ला खिला कर विजयी जश्न मनाया।

## कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह 2023- सह-समर कार्यक्रम से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सितंबर माह को पोषण माह के रुप आयोजित किया जाता है। जिसके तहत इस वर्ष पूरे महीने (01 सितंबर से 30 सितंबर 2023) जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं गांवों में पोषण संबंधी विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों में होने वाले कुपोषण को दूर करने के लिए आम लोगों को जागरुक किया जाएगा।

## बनकाठी विद्यालय से महिलाओं ने निकाली रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनकाठी मैं शुक्रवार को महिलाओं के द्वारा रैली निकाली गई। जिसमें यहां की महिलाओं ने बढ़कर हिस्सा लिया तथा यह नारा दिया कि पत्ता पत्ता अक्षर होगा दुमका जिला साक्षर होगा, जगह देश की क्या पहचान पढ़ा लिखा मजदूर किसान। इस अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह शामिल हुए।

कार्यक्रम बच्चों ने सर्वप्रथम गीत गाकर एवं माल्यार्पण कर इनका स्वागत किया। बीडीओ श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि साक्षरता आज की आवश्यकता है। हम साक्षर और शिक्षित होंगे तो हमारा देश विकसित होगा हमें सारा चीज का ज्ञान है लेकिन हमें अक्षर का ज्ञान नहीं है। अक्षर का ज्ञान आप सभी महिलाओं को अपने बच्चों से आपको मिल सकता है जो पूरे जिले में साक्षरता केंद्र चलाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा की दुमका जिले में 7 वर्षों से साक्षरता अभियान चल रहा है जिसमें काफी संख्या महिलाएं शिक्षित और साक्षर हो रही हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय फाउंडेशन के दीपक कुमार शामिल हुए।

## गुवा गोलीकांड के शहीदों की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास, परिसंपत्ति का हुआ वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता







**चाईबासा।** गुवा गोली कांड के वीर शहीदों को शत-शत नमन। अपने इन वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हम उनके बलिदान को याद कर रहे हैं। इस अवसर पर हम सभी अपने शहीदों, पूर्वजों और आंदोलनकारियों के आदर्श को आत्मसात करने और उनके सपनों का झारखंड निर्माण का संकल्प लें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में गुवा गोली कांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्थल में माल्यार्पण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अलग-अलग समयों में ब्रिटिश हुकूमत, शोषण जुल्म और अन्य के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ते रहे। चाहे वह अपने वजूद और अस्तित्व को बचाने का संघर्ष हो या जल जंगल और जमीन की रक्षा का। इस लड़ाई में कई ने अपने को बलिदान कर दिया। लेकिन, उन्होंने जो संघर्ष किया, उसी का परिणाम है कि आज आदिवासियों- मूलवासियों का अस्तित्व बरकरार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने वीर शहीदों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के साथ गुमनामी की जिंदगी जीने वाले शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर उन्हें सम्मान देने का काम हमारी सरकार कर रही है । इस क्रम में शहीदों के आश्रितों को नौकरी और पेंशन के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। आदिवासी दलित और पिछड़े लोग दशकों से हासिये पर रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर होने की वजह से इन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा है। अब जब ये आगे बढ़ रहे हैं तो कुछ ताकते इन्हें रोकने की नापाक कोशिश कर रही है। लेकिन, हमने इन्हें मजबूत करने का जो संकल्प ले रखा है, उससे नहीं डिगेंगे। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हो, इन्हें मजबूत करने के रास्ते पर चल पड़े हैं और कदम नही थमेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के गठन के बाद कोरोना महामारी और सुखाड़ का सामना करना पड़ा।

कोरोना काल के हालात से हम सभी वाकिफ हैं। लेकिन, हमारी सरकार ने इस वैश्विक बीमारी के खिलाफ जारी जंग के बीच भी विकास कार्यों को जारी रखा। आज हर वर्ग और हर तबके के लिए सरकार की योजनाएं हैं। पिछले साढ़े तीन वर्षों में तमाम चुनौतियों के बीच हमारी सरकार ने विकास की एक लंबी लकीर खींची है। यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा जिस तरह यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों दिव्यांगों एकल महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है , उसी तरह अब सभी बेघर को पक्का मकान देने का निर्णय सरकार ने लिया है। बहुत जल्द अबुआ आवास योजना की शुरूआत होगी, ताकि लोगों के अपने घर का सपना साकार हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यहां के आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों का विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार हो रहा है। सरकार विद्यार्थियों के विदेश में पढ़ाई का पूरा खर्च वहन कर रही है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि सरकार की सहायता से विदेश में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के साथ किसी प्रकार की कोई शर्त नहीं रखी गई है।

वे विदेश से पढ़ कर अपना, अपने परिवार, समाज, राज्य और देश का नाम रोशन करें, यही हमारी उनसे उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की बेहतरी पर सरकार का विशेष जोर है। इस सिलसिले में उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं। छात्रवृत्ति राशि में बढ़ोतरी की गई है। बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चलाई जा रही है। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल-इंजीनियरिंग जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार सहायता दे रही है। बच्चों का बेहतर भविष्य बने, इस दिशा में हम कम कर रहे हैं। हमारा अभिभावकों से कहना है कि वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं, खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानकी-मुंडा पारंपरिक व्यवस्था जनजाति समुदाय की मजबूत कड़ी है। यह समाज के पुरोधा हैं। इस व्यवस्था को हम और मजबूती दे रहे हैं, ताकि समाज को इनका लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उनके बीच मोटरसाइकिल वितरित की। मुख्यमंत्री ने 406 करोड़, 11 लाख, 58 हजार 3 सौ रुपए की लागत से 126 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया। इसमें 367 करोड़ 99 लाख 15 हजार रुपए की लागत वाली 95 योजनाओं की नींव रखी गई । वहीं, 38 करोड़ 12 लाख 43 हजार 3 सौ रुपए की 31 योजनाओं का उद्घाटन हुआ। 25 लाभुकों के बीच 23 लाख 35 हजार 636 रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गई। जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया गया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 7 लाख 38 हजार 962 लाभुकों के बीच 282 करोड़ 27 लाख 35 हजार 4 सौ रुपए की परिसंपत्तियां वितरित की जा चुकी हैं। शहादत दिवस कार्यक्रम में मंत्री चम्पाई सोरेन और जोबा मांझी, सांसद गीता कोड़ा, विधायक निरल पूर्ति, दीपक बिरुवा, दशरथ गगराई और सोनाराम सिंकू, जिला परिषद अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त एवं डीआईजी के अलावा पश्चिमी सिंहभूम जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## डुमरी में बेबी देवी की जीत स्व. जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि : संजय

**कोडरमा।** डुमरी में हुए उपचुनाव में झामुमो प्रत्यासी बेबी देवी की जीत स्वर्गीय जगन्नाथ महतो की सच्ची श्रद्धांजलि है। उपरोक्त बातें कोडरमा झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला प्रवक्ता संजय साजन ने कही, वहीं कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक पर पटाखे फोड़कर और एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। जहां उप चुनाव झांकी है 2024 बाकी है, मोदी सरकार सिहांसन खाली करो इंडिया गठबंधन आ रही है, तानाशाही भाजपा सरकार मुर्दाबाद आदि नारे लगाए जा रहे थे। कार्यक्रम में झामुमो के जिलाध्यक्ष बिरेन्द्र पाण्डेय, गंगा यादव, आप पार्टी के जिलाध्यक्ष दामोदर यादव, उदय द्विवेदी सहित दर्जनों नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांट व पटाखे जलाकर खुशी मनायी

**दुमका।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में जीत को लेकर शुक्रवार को टीन बाजार चौक में नगर प्रभारी रवि कुमार यादव के नेतृत्व में झामुमो कार्यकताओं ने एक-दूसरे को हरे रंग के गुलाल लगाकर, मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मिसवाउद्दीन खान, संदीप पांडे, गोविंद बिहारी, अनिल राय, बाजो दास, रामेश्वर यादव, दीपा कुमारी, रामकुमार सिंह, बबलू सिंह, त्रिवेणी पांडे आदि जेएमएम नेता कार्यकर्ता ने इंडिया प्रत्याशी बेबी देवी को भारी मतों से विजय होने पर खुशी जाहिर की एवं बधाई दी।

## एक नजर में

### उपायुक्त ने प्रखंड का दौरा कर संचालित योजनाओं का लिया जायजा

**सतगावां (कोडरमा)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज शुक्रवार को प्रखंड का दौरा किया। अपने दौरे के क्रम में उन्होंने सबसे पहले भुलाडीह गांव जाकर आमजनों से संवाद किया। उन्होंने आमजनों से बात करते हुए उनकी समस्याओं से अवगत हुईं। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को उनके समस्याओं को यथाशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कई तरह की योजनाएं संचालित है, उन योजनाओं का लाभ लें और अपने आय के स्रोत को बढ़ायें।

### राजद की प्रखंड स्तरीय बैठक आज

**जयनगर (कोडरमा)।** राष्ट्रीय जनता दल की प्रखंड कार्यकरणी एवं प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन जयनगर पश्चिमी पंचायत भवन में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिला के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी भाग लेंगे। उक्त की जानकारी प्रखंड अध्यक्ष तसौवर खान ने दी।

### ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी बनाने को लेकर बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आकांक्षी प्रखंड के ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी बनाने को लेकर सभी विभागों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ पप्पु रजक ने की। बताते चलें कि जिले के दो ब्लॉक जयनगर और मरकच्चो नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड चयनित हैं। मौके पर डॉ.प्रदीप बैठा, जगन्नाथ महतो, रवि रंजन, कर्ण, माधुरी कुमारी, विभा कुमारी आदि मौजूद थे।

### नये आंगनबाड़ी भवन का हुआ भूमि पूजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत खरखार पंचायत के ग्राम नवलशाही में भूतपुर्व मुखिया अर्जुन साव एवं समाजसेवी शंकर साव के द्वारा विधिवत पुजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर नये आंगनबाड़ी भवन का भूमि पूजन किया गया। वहीं ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि वर्तमान आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 611 जो भवन के अभाव में नवलशाही समाज घर में चलाया जा रहा था।

### दूरदर्शी सोच व नीतियों पर लगी मुहर : अनंत

**कोडरमा।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जेएमएम उम्मीदवार बेबी देवी के विजयी होने पर कांग्रेस नेता अनंत कुमार मेहता ने कहा कि इस जीत के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान के साथ खिलवाड़ करने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शी सोंच और विकासपरक नीतियों पर भी मुहर लगाई है।

### बेबी देवी की प्रचंड जीत पर डुमरी की सम्मानित जनता को बधाई : पिंकू सहाय

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इण्डिया महागठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के प्रचंड जीत पर डुमरी की सम्मानित जनता को बधाई दिया।

## पेज 1 का शेष

### डुमरी में हेमंत का प्रयास...

राजधानी रांची से ले कर गिरिडीह, बोकारो, बेरमो और डुमरी में नेताओं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। वहीं एनडीए नेताओं और कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर खुशी है कि उपचुनाव में यशोदा देवी ने कड़ी टक्कर दी। प्रारंभ में कुछ राउंड तक पिछड़ने के बावजूद अंतिम के दस राउंड में बेबी देवी लगातार बढ़त बनाते चली गयीं। जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी पत्नी बेबी देवी को सीएम हेमंत सोरेन ने 4 जुलाई को मंत्री बनाया था। 8वीं पास बेबी देवी को उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। अब दो महीने बाद उपचुनाव में बेबी देवी 17 हजार 153 वोट से चुनाव में विजयी रहीं। बेबी देवी को 100231 वोट मिले, जबकि यशोदा देवी को 83075। इसके साथ ही राज्य में हुए छठे उपचुनाव में झामुमो ने जीत दर्ज की है। इस जीत से राज्य में इंडिया गठबंधन में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। **मां की जीत पर पुत्र अखिलेश ने कहा :** इस जीत के बाद दिवंगत जगरनाथ महतो और बेबी देवी के पुत्र अखिलेश महतो ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है। उनके पिता द्वारा किए गए कार्यों पर जनता ने मुहर लगा दी है। कहा कि जनता इस बार दो कदम बढ़ी है। हम चार कदम बढ़कर काम करेंगे। डुमरी का विकास नहीं रुकेगा।

### आदिवासी हूं, दिल्ली की आंख में...

उसी संघर्ष का परिणाम है कि आज आदिवासियों- मूलवासियों का अस्तित्व बरकरार है। उन्होंने कहा कि अपने वीर शहीदों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के साथ गुमनामी की जिंदगी जीने वाले शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर उन्हें सम्मान देने का काम हमारी सरकार कर रही है। **विकास कार्य अब नहीं थमेगा :** सीएम ने कहा कि आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। आदिवासी, दलित और पिछड़े लोग दशकों से हाशिये पर रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर होने की वजह से इन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा है। अब जब ये आगे बढ़ रहे हैं तो कुछ ताकते इन्हें रोकने की नापाक कोशिश कर रही है। पर हमने इन्हें मजबूत करने का जो संकल्प ले रखा है। उसे हर हाल में जारी रखेंगे। पिछले साढ़े तीन वर्षों में तमाम चुनौतियों के बीच हमारी सरकार ने विकास की एक लंबी लकीर खींची है। जिस तरह यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों दिव्यांगों, एकल महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। उसी तरह अब सभी बेघर को पक्का मकान देने का निर्णय सरकार ने लिया है। बहुत जल्द अबुआ आवास योजना की शुरुआत होगी। **मानकी-मुंडा व्यवस्था को कर रहे मजबूत :** उन्होंने कहा कि मानकी- मुंडा पारंपरिक व्यवस्था जनजाति समुदाय की मजबूत कड़ी है। यह समाज के पुरोधा हैं। शहादत दिवस कार्यक्रम में मंत्री चम्पाई सोरेन और जोबा मांझी, सांसद गीता कोड़ा, विधायक निरल पूर्ति, दीपक बिरुवा, दशरथ गगराई, सोनाराम सिंकू, जिला परिषद अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त एवं डीआईजी के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा में दम है तो...

**जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया :** झामुमो नेता ने कहा डुमरी में कई तरह के प्रपंच रखे गये। झूठ का प्रचार किया गया। पूरा निर्वाचन शांति पूर्ण रहा। कहीं कोई परेशानी नहीं हुई। लोगों ने खुलकर मतदान किया। अब दीवारों पर एक नया नारा दिख रहा है जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया। आप कुछ भी कर लें जितनी भी एजेंसी लगा लें लोकतंत्र में कोई काम नहीं आया। लोगों का आशीर्वाद ही अंतिम फैसला है। कुछ लोग इसे लिटमस टेस्ट कह रहे थे। यह निवेश हेमंत सरकार के कामकाज पर है, क्योंकि वहां सरकार की मंत्री चुनाव लड़ रहीं थी। लोगों ने हेमंत सरकार के कामकाज को जिताया है। जनता ने एक बार फिर से राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के कामकाज पर मुहर लगा दी।

### खड़गे को निमंत्रण नहीं, भड़की कांग्रेस...

**रात्रिभोज में शामिल होंगे दिग्गज :** शनिवार को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित जी20 समिट की विशेष रात्रिभोज की अतिथि सूची में सभी कैबिनेट और राज्य मंत्री, सभी मुख्यमंत्री, भारत सरकार के सभी सचिव और अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल हैं। पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह और एचडी देवेगौड़ा को भी आमंत्रित किया गया है। विदेशी मेहमानों के साथ-साथ बिजनेसमैन और राजनेताओं को भी निमंत्रण पत्र भेजा गया है। इसमें पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन शामिल होंगे। अभी-अभी जानकारी मिली है कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कहा कि शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित जी-20 रात्रिभोज में वह स्वास्थ्य संबंधी कारणों से शामिल नहीं होंगे।

स्पीड न्यूज

### चीन के पीएम से नहीं मिलेंगे बाइडन

**वाशिंगटन।** जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपनी भारत यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात नहीं करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस ने बाइडन के यात्रा कार्यक्रम में कियांग से मुलाकात की किसी भी संभावना को नकार दिया है। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भी शामिल होना था, किंतु अपनी जगह वे प्रधानमंत्री ली कियांग को भेजा।

### उ. कोरिया ने परमाणु पनडुब्बी किया लांच

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अपनी नवनिर्मित सामरिक पनडुब्बी का अनावरण किया है। यह पानी के भीतर परमाणु हमला करने में सक्षम है। इस मौके पर राष्ट्रपति किम जोंग-उन ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरोध को और मजबूत करने का संकल्प लिया बुधवार को आयोजित पनडुब्बी के अनावरण समारोह में उत्तर कोरिया कई नेताओं ने भाग लिया। इस पनडुब्बी को हीरो किम कुन ओके नाम दिया गया है। किम ने कहा है कि यह हमारी हमारी शक्ति का प्रतीक है। इस देखकर दुश्मनों की रूह कांप जाएगी।

### भारत और नेपाल के बीच डिजिटल पेमेंट शुरू

**काठमांडू।** भारत और नेपाल के बीच डिजिटल पेमेंट सर्विस की शुरूआत हो गई है। नेपाल के नागरिक अब भारत में यूपीआई के माध्यम से सभी ई वालेट सेवा का उपयोग कर सकते हैं। इसी तरह भारत के नागरिक नेपाल में यूपीआई, भीम, फोन पे, गूगल पे सहित सभी प्रकार के ई वॉलेट से लेनदेन कर सकते हैं। भारत में हुए ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में नेपाल और भारत के बीच हुए समझौते के तहत क्यूआर कोड के जरिए डिजिटल कारोबार की शुरूआत की गई।

### राष्ट्रपति भवन में आज गार्ड अदला-बदली समारोह नहीं होगा

नयी दिल्ली। राजधानी में इस सप्ताहांत आयोजित 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन के कारण शनिवार को राष्ट्रपति भवन में गार्ड अदला-बदली समारोह आयोजित नहीं होगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। जी-20 शिखर सम्मेलन राजधानी में नौ-10 सितंबर को आयोजित किया गया है। इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, जापान, ब्राजील, रुस, आस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ, संयुक्त राष्ट्र जैसे समूह के सदस्य देशों और अंतराष्ट्रीय संगठनों के नेताओं के अलावा बंगलादेश, सऊदी अरब, अफ्रीकी यूनियन जैसे आमंत्रित देशों और संगठनों के नेता राजधनी में आना शुरू हो गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 बैठक के लिए आए कई नेताओं के साथ शुक्रवार को यहां अलग से बातचीत की।

# दामाद के रूप में भारत आना बेहद खास : सुनक

**ब्रिटेन के पीएम बोले-भारत एक ऐसा देश जो मेरे लिए बहुत प्रिय**

एजेंसी



दिल्ली हवाई अड्डे पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का स्वागत करते केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे।

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारत का दामाद बताए जाने के संदर्भ का हवाला देते हुए मजाकिया लहजे में कहा कि जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए नयी दिल्ली का उनका दौरा बहुत खास है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने वाले भारतीय मूल के पहले व्यक्ति सुनक की शादी अक्षता मूर्ति से हुई है। नयी दिल्ली की अपनी उड़ान में पत्रकारों से बातचीत में सुनक (43) ने कहा कि वह भारत आने को लेकर उत्साहित हैं। एक ऐसा देश जो मेरे लिए बहुत करीब और प्रिय है। इस यात्रा में सुनक के साथ उनकी पत्नी और इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी भी शामिल हैं। सुनक का शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता का कार्यक्रम है। सुनक ने तीन दिवसीय दौरे के लिए रवाना होने से पहले एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं स्पष्ट फोकस के साथ जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जा रहा हूं। वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करना है। अंतरराष्ट्रीय संबंध बनाना है। सबसे कमजोर लोगों का समर्थन करना है। सुनक ने अपने साथ यात्रा कर रहे संवाददाताओं से कहा कि यह बहुत खास है। मैंने कहीं देखा कि मुझे भारत के दामाद के रूप में संदर्भित किया गया था, मुझे उम्मीद है कि यह प्यार से कहा गया होगा। शिखर वार्ता के दौरान ब्रिटेन के एजेंडे में रूस-यूक्रेन संघर्ष को एक प्रमुख विषय के रूप में चिह्नित किया गया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि भारत की भूमिका और प्रभाव महत्वपूर्ण है। सुनक ने संवाददाताओं से कहा कि एक बार फिर, व्लादिमीर पुतिन जी20 में अपना चेहरा दिखाने में विफल हो रहे हैं। वह अपने खुद के राजनयिक निर्वासन के वास्तुकार हैं, अपने राष्ट्रपति महल में अलग-थलग रहे हैं और आलोचना और हकीकत को रोक रहे हैं। इस बीच, जी20 के बाकी सदस्य यह प्रदर्शित कर रहे हैं हम आगे आएंगे और पुतिन की हार के लिए मिलकर काम करेंगे। ब्रिटेन यूक्रेन को लेकर अपना समर्थन दिखाने के लिए हर अवसर का उपयोग करेगा और साथ ही वैश्विक समर्थन को भी बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने कहा कि मानवाधिकारों और वास्तव में लोकतंत्र पर रूस के हमले को रोकने में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम पुतिन के क्रूर आक्रमण को समाप्त करने के लिए उस प्रभाव का उपयोग करने को लेकर उन्हें प्रोत्साहित करने के वास्ते मोदी या अन्य नेताओं के साथ बैठकें करेंगे। मोदी-सुनक द्विपक्षीय चर्चा के दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता पर भी चर्चा होने की संभावना है। अभी 12 दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है लेकिन इसके निष्कर्ष के लिए कोई निर्धारित समय सीमा नहीं है।

**मंत्री अश्विनी चौबे ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का जय सियाराम उद्घोष से किया स्वागत**

**नयी दिल्ली।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का जी20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने जय सियाराम के उद्घोष के साथ स्वागत किया।

चौबे ने सुनक को सूचित किया कि वह बक्सर से सांसद हैं, जो कि धार्मिक महत्व का एक प्राचीन शहर है और माना जाता है कि यह वह स्थान है जहां भगवान राम और उनके भाई लक्ष्मण ने महर्षि विश्वामित्र से शिक्षा दीक्षा ली थी। ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री सुनक ने अक्सर अपनी हिंदू जड़ों का उल्लेख किया है और कहा है कि उन्हें इस पर गर्व है। सुनक ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गाथा को उत्सुकता से सुना। मंत्री ने सुनक को रुद्राक्ष, भगवद्गीता और हनुमान चालीसा उपहार में दी।

### अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता की धाराप्रवाह हिंदी सुनकर हर कोई हैरान



**नयी दिल्ली।** अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड की हिंदी में धाराप्रवाह बात सुनकर हर कोई हैरान है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत की द्विपक्षीय बैठक को लेकर कहा कि हम कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, शिक्षा, छात्र गतिशीलता और अन्य सहित कई क्षेत्रों में साझेदारी साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत में युवाओं की महत्वाकांक्षा को देखने के बाद भारत के साथ काम करना चाहता है। मैकलियोड ने हिंदी में बताया कि उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की पढ़ाई की। तब वह दिल्ली के मुखर्जी नगर में रह रही थीं। इसी दौरान उन्होंने हिंदी में बोलना सीखा। मैकलियोड ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्था और विकसित अर्थव्यवस्था एक साथ आकर वैश्विक मुद्दों पर मसला हल करने के लिए बात करेंगी। उन्होंने कहा कि हम समझते हैं कि इसमें पूरी दुनिया का दृष्टिकोण शामिल होना चाहिए. इस सम्मेलन में अफ्रीकी यूनियन के शामिल होने की बात हो रही है जिसका अमेरिका समर्थन करता है. अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता ने भारत को लेकर कहा कि जब कोरोना महामारी आई थी, तब हम उसको लेकर एक साथ आ गए थे। दोनों देशों ने किसी भी चुनौती से काफी अच्छे तरीके से निपटा है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने पर मैकलियोड ने कहा कि यह देशों का फैसला होता है कि वे कौन सा प्रतिनिधि भेजना चाहते हैं।

# विकासशील देशों की आवाज होगा नयी दिल्ली लीडर्स घोषणापत्र : भारत

एजेंसी

**जी20 सम्मेलन**

**▸▸ वसुधैव कुटुंबकम के विचार को आगे बढ़ाने और समूह के प्रयासों को समावेशीऔर कार्योन्मुख बनाने की कोशिश की : अमिताभ कांत**




नयी दिल्ली। जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन से संबद्ध नई दिल्ली लीडर्स घोषणापत्र वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों की आवाज होगा। इसे तैयार कर लिया गया है। इसे वैश्विक नेताओं के समक्ष विचार के लिए रखा जाएगा। सर्वसम्मति बनने के बाद इसे जारी किया जाएगा। दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी-20 की नई दिल्ली में शिखर वार्ता शुरू होने से पहले प्रगति मैदान में स्थापित अंतरराष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित विशेष पत्रकार वार्ता में अमिताभ कांत ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप भारत ने जी-20 अध्यक्षता के दौरान इसे समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्योन्मुख बनाने का प्रयास किया गया है। हमने प्रयास किया है कि इसमें वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों को प्राथमिकता मिले और उन्हें अपने सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में सहयोग प्राप्त हो। अमिताभ कांत ने कहा कि भारत ने जब इंडोनेशिया में जी-20 की अध्यक्षता संभाली तो दुनिया में विकास की दर प्रभावित थी। कोविड का प्रभाव मिटा नहीं था। गरीबी और बेरोजगारी बढ़ी थी। देशों को अपने सतत विकास लक्ष्य हासिल करने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा था। भारत ने ऐसे समय में वसुधैव कुटुंबकम के विचार को आगे बढ़ाने को सोचा और समूह के प्रयासों को समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्योन्मुख बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि जी-20 से जुड़ी हमारी प्राथमिकताएं वैश्विक विकास को बढ़ाना, सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ना, हरित विकास को बढ़ावा देना यानी क्लाइमेट एक्शन, इन्हें पाने के लिए वैश्विक दक्षिण को वित्तीय मदद दिलाना और दुनिया में तकनीकी और डिजिटल इंफ्रॉस्ट्रक्चर बढ़े ताकि समावेशी विकास हो और महिला विकास एवं समानता रही। हमारा दृष्टिकोण विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण की आवाज बनना और उनकी प्राथमिकताओं को आगे रखना रहा। उन्होंने कहा कि जी-20 में इस बार अधिक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। 19 देश, एक यूरोपीय संघ के अलावा नौ विशेष आमंत्रित, तीन क्षेत्रीय संगठन और 11 अंतरराष्ट्रीय संगठन इससे जुड़े गतिविधियों में हिस्सा ले चुके हैं। देश के 60 शहरों में 220 से अधिक जी- 20 संबंधित बैठकें हो चुकी हैं। यह भारत की विविधता और संघीय संरचना का प्रतिबिंब हैं।

### भारत ग्लोबल साउथ की आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन से पहले अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक में शुक्रवार को यहां मॉरीशस के अपने समकक्ष प्रविंद जगन्नाथ से बातचीत की और ग्लोबल साउथ की आवाज आगे बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और मेरी बहुत अच्छी मुलाकात हुई। यह भारत-मॉरीशस के संबंधों के लिए विशेष वर्ष है, क्योंकि हमारे कूटनीतिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। हमने अवसंरचना, फिनटेक, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर विचार-विमर्श किया। ग्लोबल साउथ की आवाज आगे बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता भी दोहराई। जगन्नाथ जी20 सम्मेलन में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे और नई दिल्ली हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी अगले तीन दिन में 15 द्विपक्षीय बैठकें कर सकते हैं।

## उपचुनाव : भाजपा को तीन विपक्ष को चार सीटों पर जीत

**▸▸ यूपी में सपा घोसी सीट बचाने में हुई कामयाब**
**▸▸ भाजपा ने उत्तराखंड में बागेश्वर और त्रिपुरा में धनपुर सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा**

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल सहित कुल छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणामों की शुक्रवार को हुई घोषणा के बाद भाजपा के हिस्से में तीन सीटें जबकि विपक्षी दलों के खाते में चार सीटें आयी हैं। वहीं समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की घोसी सीट बचाने में कामयाब रही है। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल कांग्रेस, झामुमो, तृणमूल कांग्रेस और सपा के हिस्से में एक-एक सीटें आयी हैं। विपक्षी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में घोसी और झारखंड की डुमरी विधानसभा सीटों पर जीत का स्वाद चखा। इंडिया ने इन सीटों पर क्रमशः सपा और झामुमो का समर्थन किया था। भाजपा ने उत्तराखंड में बागेश्वर और त्रिपुरा में धनपुर विधानसभा सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा और इस पूर्वोत्तर राज्य में बक्सनगर विधानसभा सीट माकपा से छीनने में कामयाब रही है। बक्सनगर सीट पर इंडिया ने संयुक्त रूप से उम्मीदवार उतारा था। लेकिन भाजपा को पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। ये उपचुनाव अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए हाल ही में बने 28 विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए पहली चुनावी परीक्षा थे। जिन सात सीटों पर पांच सितंबर को उपचुनाव हुआ था, उनमें से तीन पहले भाजपा के पास थीं और एक-एक सीट कांग्रेस, सपा, माकपा और झामुमो के पास थीं। केरल में विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने केरल में पुथुपल्ली विधानसभा सीट बरकरार रखी है।

### कंगना रनौत ने फिल्म जवान के लिए शाहरुख की तारीफ की



**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने भी फिल्म जवान के लिए शाहरुख की तारीफ की है। रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम में कहा कि 90 के दशक का परम प्रेमी लड़का बनने से लेकर दर्शकों के साथ फिर से जुड़ने के लिए चालीस से पचास के दशक तक लंबे संघर्ष और अंत में 60 साल की उम्र में भारत के सुपरहीरो के रूप में उभरना, वास्तविक जीवन में सुपर हीरो है। उन्होंने लिखा कि एसआरके सिनेमा के भगवान हैं, जिनकी सिनेमा को सिर्फ आलिंगन या डिंपल के लिए नहीं बल्कि दुनिया को बचाने के लिए जरूरत है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में मोदी की भूमिका सराहनीय : मनमोहन

एजेंसी

**▸▸ पूर्व पीएम बोले- प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों मुल्कों से शांति की अपील करते हुए अपने हितों को पहले स्थान पर रखकर सही काम किया**



**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने रूस-यूक्रेन युद्ध के माहौल में भारत की भूमिका को उचित बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों मुल्कों से शांति की अपील करते हुए अपने हितों को पहले स्थान पर रखकर सही काम किया है। डॉ. सिंह ने एक अंग्रेजी दैनिक को दिए साक्षात्कार में कहा कि जब दो या उससे ज्यादा देशों के बीच तनाव होता है तो अन्य देशों पर किसी एक देश का चुनाव करने का अक्सर दबाव बन जाता है। यह स्थिति बहुत कठिन होती है लेकिन श्री मोदी ने इस जटिल स्थिति में अपने देश को ज्यादा महत्व देने का विकल्प चुनकर अपनी संप्रभुता की रक्षा की है और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी यह भूमिका सही थी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि शांति की अपील करकेभारत ने बेहतर तरीके से अपने संप्रभु और आर्थिक हितों को प्रथम स्थान देकर सही काम किया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष और चीन एवं पश्चिमी देशों के बीच तनाव के कारण विश्व व्यवस्था में बहुत बदलाव आ चुका है और इस माहौल में भारत ने अहम भूमिका निभाई है। श्री मोदी ने देशहित में कठिन माहौल के बीच जो कदम उठाए हैं उसकी वजह से वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर नयी विश्व व्यवस्था को संचालित करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है और इस संघर्ष के बीच अपने हितों को महत्व देते हुए भारत ने शांति की अपील कर सही काम किया है।

### मणिपुर में गोलीबारी, दो की मौत, 50 घायल

**इंफाल।** मणिपुर में तेंगनोउपल जिले के पल्लेल इलाके में शुक्रवार को गोलीबारी की दो घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों में चार आम नागरिकों को गोली लगी है। उन्होंने बताया कि पल्लेल में सुबह लगभग छह बजे दो समूहों के बीच गोलीबारी शुरू हो गयी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी की खबर फैलने पर थाउबाल और काकचिंग जिलों के विभिन्न हिस्सों से कई लोग पल्लेल की ओर बढ़े लेकिन असम राइफल्स के जवानों ने उन्हें रोक दिया, जिससे उनके बीच संघर्ष की स्थिति टल गयी।

## राजस्थान मित्र मंडल : काजू के छिलके से सजेगा मां भगवती का दरबार

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजस्थान मित्र मंडल इस वर्ष काल्पनिक मंदिर में काजू की कलाकृति का निर्माण किया जा रहा है। राजस्थान मित्र मंडल द्वारा इस बार काजू ,बादाम ,अंजीर ,काजू के छिलके से निर्मित मां भगवती का दरबार सजाया जाएगा। विशेष बात यह है कि महिलाओं द्वारा तीन माह पूर्व से ही महिला कारीगरी काम कर रहीं है। बड़े बजट से आयोजित किए जाने वाले पूजा महोत्सव में पंडाल व प्रतिमा को देखने के लिए जिले भर से हजारों की संख्या में दर्शनार्थी आते हैं। इस बार काल्पनिक मंदिर के थीम पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिला से तपन दास को बुलाया गया है।

इस बार पंडाल 60 फीट ऊंचा 40 फीट चौड़ा और 70 फीट लंबा होगा। इस दौरान पूजा प्रांगण में मेला लगाया जाएगा । इसमें झूले और खाने- पीने के स्टॉल होंगे। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 15 लाख रखा गया है।

**9 कन्याओं की होती है विशेष पूजा:** पूजा के दौरान 9 कन्याओं कि विशेष पूजा की जाती है। इस के पिछे की सोच है की महिला सशक्त हो इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 9कन्याओं की विशेष पूजा की जाती है। जिसमें नवरात्र में प्रतिदिन एक कन्या को 5100 और बीवी कट दिया जाता है।

**पंडाल के आसपास जाम की समस्या : सरावगी**



विनय सरावगी

राजस्थान मित्र मंडल के संरक्षक विनय सरावगी ने बताया कि पूजा पंडाल के आसपास जाम की समस्या बनी रहती है। जिसे भक्तगण परेशान होते हैं हम लोग नगर निगम से निवेदन करेंगे की पूजा के दौरान जाम की समस्या जितना हो सके सुधारने की कोशिश की जाए। कमेटी के पदाधिकारी- मुख्य संरक्षक विनय सरावबी, अध्यक्ष अशोक पुरोहित ,मंत्री मंटू जलन ,कोषाध्यक्ष मुन्ना शर्मा, संयोजक आतिश सिंह,सौरभ सरावगी।

